CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, गुरुवार 9 अक्टूबर 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 315 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

# मुंबई हमले का जवाब देना चाहती थी सेना, कांग्रेस ने विदेशी दबाव में रोका

मुंबई, वार्ता



■ कांग्रेस सरकार ने कार्रवाई न कर कमजोरी का संदेश दिया था और आतंकियों के सामने घुटने टेके थे: प्रधानमंत्री

■ पीएम ने केंद्र की मनमोहन सरकार में गृह मंत्री रहे पी. चिदंबरम का नाम लिए बिना उनके बयान का जिक्र किया

**प्रधानमंत्री मोदी** ने बुधवार को कहा कि 2008 में 26/11 मुंबई आतंकी हमले के दौरान कांग्रेस सरकार ने कार्रवाई न कर कमजोरी का संदेश दिया था और आतंकियों के सामने घुटने टेके थे।

उन्होंने कहा कि हमारी सेनाएं पाकिस्तान पर हमला करने के लिए तैयार थी, लेकिन सरकार ने विदेशी दबाव में ऐसा नहीं करने दिया। उन्होंने यह बात नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले फेज के उद्घाटन के दौरान कही। पीएम ने मनमोहन सरकार में गृह मंत्री रहे पी. चिदंबरम का नाम लिए बिना उनके बयान का जिक्र किया। 30 सितम्बर को चिदंबरम ने कहा था कि 26/11 के मुंबई आतंकी हमले के बाद उनके मन में भी बदला लेने का विचार आया था, लेकिन उस वक्त की कांग्रेस सरकार ने सैन्य कार्रवाई नहीं करने का फैसला लिया। पीएम ने 22 मिनट की स्पीच में ऑपरेशन सिंदूर, जीएसटी रिफॉर्म और विकसित भारत का जिक्र किया। पीएम बुधवार को दो दिन के दौरे पर मुंबई पहुंचे। गुरुवार को वे ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर से मिलेंगे। साथियों मुंबई भारत की आर्थिक राजधानी के साथ सबसे वाइब्रेंट शहरों में से एक है। 2008 में आतंकियों ने भी मुंबई शहर को बड़े हमले के लिए चुना। तब की कांग्रेस सरकार ने कमजोरी का मैसेज दिया। आतंकियों के सामने घुटने टेके। हाल ही में कांग्रेस के बड़े नेता और जो देश के गृह मंत्री तक रह चुके हैं। उन्होंने एक इंटरव्यू में दावा किया था कि मुंबई हमले के बाद हमारी सेनाएं पाकिस्तान पर हमला करने के लिए तैयार थीं। पूरा देश भी यही चाहता था, लेकिन उस नेता की माने तो किसी दूसरे देश के दबाव के कारण कांग्रेस सरकार ने भारत की सेनाओं को पाकिस्तान पर हमला करने से रोका। गरीब हो मिडिल क्लास हो इनका सशक्तीकरण आज देश की प्राथमिकता है। इन परिवारों को सुविधा-सम्मान देना, उनका सामर्थ्य बढ़ाता है। जीएसटी रिफॉर्म से जो चीजे सस्ती हुई उससे भी देश का सामर्थ्य बढ़ा है। नवरात्रि में बिक्री के कई साल के रिकॉर्ड टूटे, मेरा आग्रह है कि गर्व से कहो हम स्वदेशी हैं, स्वदेशी को अपनाएं। स्वदेशी को अपनाएं। हर घर-बाजार का यही मंत्र होना चाहिए।

# आजम खां के दर पहुंचे अखिलेश यादव

शाह टाइम्स ब्यूरो



**रामपुर।** सपा मुखिया अखिलेश यादव बुधवार को आजम खां से मिलने उनके घर पहुंचे। अखिलेश यादव का हेलीकॉप्टर बुधवार को लगभग 1.00 बजे जौहर यूनिवर्सिटी उतरा।

आजम खां ने अखिलेश यादव का स्वागत किया, इसके बाद आजम खां अखिलेश यादव एक गाड़ी में बैठकर आजम खान के घर पहुंचे, जहां लगभग 2 घंटे तक आजम और अखिलेश की मुलाकात चली, इसके बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि पुराने लोग, पुराने समाजवादी जो नेताजी के साथ के हैं और जो नेता जी के साथ हैं, उनकी बात ही अलग होती है। उन्होंने कहा 2027 में सरकार बनने जा रही है और पीडीए की आवाज बुलंद होगी। अखिलेश ने कहा कि आज मैं आजम खां साहब का हाल जानने आया था, क्योंकि मैं जेल में मिलने नहीं पहुंच पाया था और अब हम लगातार मिलते भी रहेंगे। उन्होंने कहा कि जो सुप्रीम कोर्ट में हुआ है यह समाज में कहीं ना कहीं एक संदेश जा रहा है, यह पीडीए के लोग कहीं बैठे हों, जीवन में कहीं न कहीं अपमानित होते है, यह मैं पहली बार नहीं कह रहा हूं, एक बार विधानसभा में मैंने यह बात उठाई थी, जो पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक मुसलमान भाई, आदिवासी जो पीडीए परिवार है जो एक सूत्र में बना हुआ है, अपनी पीड़ा से वह अपमान महसूस करता है और इस सरकार में अपमानित हो रहा है। अखिलेश से नाराजगी को लेकर आजम खां ने मीडिया से कहा कि यह सूचना मिली कहां से, आपको कि मैं अखिलेश से नाराज हूं, अखिलेश ने कहा कि आजम खां समाजवादी पार्टी के दरख्त हैं, इनकी गहरी जड़ें हैं। अखिलेश ने कहा कि आजम खां पर जितनी भी झूठे मुकदमे लगे हैं, वह सब सपा सरकार में वापस लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आजम खां यूनिवर्सिटी में अच्छा काम कर रहे हैं।







To book online visit auto.mahindra.com.

| DEHRADUN PREMIER MOTORS | | | | | | | | | | DOON MIGHTY AUTOWHEELS PVT. LTD. | MIGHTY MOTORS | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| DEHRADUN | RISHIKESH | KOTDWAR | VIKASH NAGAR | TEHRI | RUDRAPRAYAG | UTTARKASHI | CHAMOLI | CHAMBA | SRINAGAR | DEHRADUN | HARIDWAR | ROORKEE | BHAGWANPUR |
| 9711614830 9634091119 | 9711614830 | 9711614830 | 9711614830 | 9711614830 | 9711614830 | 9711614830 | 9711614830 | 9711614830 | 9711614830 | 9719355666 | 9711615062 7055009890 | 9711615062 | 9711615062 |

## संक्षिप्त समाचार

### धार्मिक पुस्तक के अपमान के आरोप में एक गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर पुलिस ने सांबा जिले में एक धार्मिक पुस्तक के अपमान के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को यहां बताया कि सांबा जिले के राम कौलपुर निवासी मंजीत सिंह उर्फ बिल्ला नामक व्यक्ति को एक धार्मिक पुस्तक को जलाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

### आजम से मुलाकात अखिलेश की सियासी मजबूरी : राजभर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कबीना मंत्री व सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि जेल से जमानत पर छूटे आजम खान से मुलाकात करना सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की राजनीतिक मजबूरी है। जेल में रहने के दौरान 23 महीने तक अखिलेश ने आजम से एक बार भी मिलने नहीं गए, लेकिन जेल से बाहर आने के बाद उन्हें याद आ गए।

### एसआईए की कश्मीर में छापेमारी जारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) आतंकवाद से जुड़े एक मामले में कश्मीर के कई जिलों में छापेमारी कर रही है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र बलों की सहायता से एसआईए की टीमों ने आज सुबह कई जगहों पर एक साथ तलाशी शुरू की। ये छापेमारी आतंकवाद से जुड़े एक मामले की चल रही जांच का हिस्सा हैं। अभी तक किसी को हिरासत में लिए जाने की सूचना नहीं है।

# वैष्णो देवी यात्रा तीन दिन के बाद बहाल

**जम्मू, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम के कारण तीन दिनों तक स्थगित रहने के बाद श्री माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर की यात्रा आज फिर से बहाल हो गई।

अधिकारियों ने बताया कि मौसम विभाग की चेतावनी के बाद रोकी गई यात्रा बुधवार सुबह फिर से शुरू हो गई। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने भी एक्स पर पोस्ट किया कि जैसा कि पहले ही सूचित किया जा चुका है, सभी यात्रा पंजीकरण काउंटर 08 अक्टूबर 25 को सुबह 6 बजे से चालू रहेंगे। पोस्ट में आगे लिखा गया कि श्रद्धालुओं को सलाह दी जाती है कि वे आगे की जानकारी के लिए आधिकारिक संचार माध्यमों के माध्यम से अपडेट रहें। मौसम विभाग द्वारा पांच से सात अक्टूबर तक जारी खराब मौसम संबंधी चेतावनी के मद्देनजर वैष्णो देवी यात्रा तीन दिनों के लिए स्थगित रही। इस बीच मौसम में सुधार होने पर हेलीकॉप्टर सेवा भी सुचारू रूप से जारी है।

श्री माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर की यात्रा भारी बारिष्ठ के कारण 26 अगस्त को स्थगित कर दी गई थी। 26 अगस्त को अर्धकुंवारी स्थित इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में 34 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर तीर्थयात्री थे और कई घायल हो गए।

## एयर इंडिया का ताइवान की एयरलाइंस से इंटरलाइन करार

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने ताइवान की स्टारलक्स एयरलाइंस से इंटरलाइन भागीदारी का करार किया है।

एयर इंडिया ने बुधवार को बताया कि इस समझौते से उसके यात्रियों के लिए एक ही टिकट पर एयर इंडिया और स्टारलक्स की उड़ानों से ताइपेई की यात्रा संभव हो सकेगी। यात्रियों के पास एयर इंडिया की उड़ान से हांगकांग, बैंकॉक, सिंगापुर या क्वालालम्पुर जाकर वहां से स्टारलक्स की उड़ान से ताइपेई जाने का विकल्प होगा। उन्हें एक ही टिकट लेनी होगी। इन्हीं केंद्रों के माध्यम से स्टारलक्स के ग्राहक एयर इंडिया की उड़ानों से एक ही टिकट पर भारत आ सकेंगे।

# यूपी में अपनी खोई जमीन तलाशेंगी मायावती

## आज लखनऊ मे होगा कांशीराम की पुण्यतिथि पर शक्ति प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती पार्टी संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि के अवसर पर गुरुवार को शक्ति प्रदर्शन के जरिये 2027 विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी के खोए जनाधार को वापस पाने की संभावनाएं तलाशेंगी।

कांशीराम की पुण्यतिथि में भाग लेने के लिए बसपा कार्यकर्ता मंगलवार से ही लखनऊ पहुंचने लगे हैं। सभी यह जानने के लिए उत्सुक हैं कि पार्टी प्रमुख मायावती कांशीराम स्मारक परिसर से 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए किस रणनीति और जीत के फॉर्मूले का अनावरण करेंगी।

■ इस महापर्व में बसपा के वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहेंगे

इस महापर्व में बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद की मौजूदगी ने पार्टी समर्थकों के उत्साह को और बढ़ा दिया है। दरअसल 2012, 2017 और 2022 के लगातार विधानसभा चुनावों के साथ-साथ 2014, 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों में हार के बाद बसपा प्रमुख एक जीत के फॉर्मूले की तलाश में हैं, ताकि राज्य की राजनीति में अपना वर्चस्व स्थापित कर सकें। 2012 में राज्य की सत्ता गंवाने के बाद, मायावती विधानसभा और लोकसभा चुनावों में विभिन्न जातिगत समीकरणों पर काम कर रही हैं, लेकिन इससे बसपा के लिए सत्ता का रास्ता साफ नहीं हो पाया है। बल्कि, लगातार चुनावों में बसपा का समर्थन आधार और वोट शेयर घटता ही जा रहा है।

### सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले को जिंदा करेगी बसपा

**लखनऊ।** लंबे अंतराल के बाद बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती एक बार फिर गुरुवार को पार्टी के समर्थकों से रूबरू होंगी। इस दौरान मायावती शक्ति प्रदर्शनन के जरिये बसपा को बी टीम बताने वाले विपक्ष को न केवल अपनी ताकत का अहसास कराएंगी, बल्कि मिशन 2027 का आगाज भी करेंगी। सर्वजन सुखाय- सर्वजन हिताय को लेकर मान्यवर कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती एक बार फिर से रैली के जरिये सोष्ठाल इंजीनियरिंग के फार्मूले पर चलते हुए मतदाताओं के बीच पहुचने की कोशिश करेंगी।

## रायबरेली में दलित की हत्या पर राहुल गांधी और खड़गे का हमला

# मॉब लिंचिंग व बुलडोजर आज की पहचान

**नई दिल्ली, वार्ता**





रायबरेली में एक दलित की हत्या को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने कहा है कि 2014 के बाद से मॉब लिंचिंग, बुलडोजर अन्याय और भीड़तंत्र आज की पहचान बन चुकी हैं। कांग्रेस के दोनो नेताओं ने दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की हत्या को इंसानियत और संविधान की हत्या बताया है।

राहुल गांधी ने लिखा कि रायबरेली में दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की निर्मम हत्या सिर्फ एक इंसान की नहीं, इंसानियत, संविधान और न्याय की हत्या है। आज भारत में दलित, आदिवासी, मुसलमान, पिछड़े और गरीब हर उस व्यक्ति को निशाना बनाया जा रहा है, जिसकी आवाज कमजोर है, जिसकी हिस्सेदारी छीनी जा रही है और जिसकी जिंदगी सस्ती समझी जाती है। वह लिखते हैं कि देश में नफरत, हिंसा और भीड़तंत्र को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है। संविधान की जगह बुलडोजर ने ले ली है और इंसाफ की जगह डर ने। मैं हरिओम के परिवार के साथ खड़ा हूं, उन्हें न्याय जरूर मिलेगा। भारत का भविष्य समानता और मानवता पर टिका है और यह देश संविधान से चलेगा, भीड़ की सनक से नहीं। संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है कि रायबरेली में दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की निर्मम और क्रूर हत्या की कांग्रेस पार्टी कड़ी से कड़ी निंदा करती है। हमारे देश में एक संविधान है, जो हर इंसान को समानता के भाव से पहचानता है, एक कानून है, जो हर नागरिक की सुरक्षा, उसके अधिकार और उसकी अभिव्यक्ति को समान दर्जा देता है। जो रायबरेली में हुआ, वह इस देश के संविधान के प्रति घोर अपराध है, दलित समुदाय के प्रति अपराध है और इस देश व समाज पर कलंक है। चाहे हाथरस और उन्नाव में महिलाओं के खिलाफ अपराध हों, रायबरेली में हरिओम की हत्या कुछ समय पहले रोहित वेमुला की संस्थागत हत्या। मध्य प्रदेश में एक नेता द्वारा आदिवासी युवक पर पेशाब करने की अमानवीय घटना, ओडिशा और मध्य प्रदेश में दलितों की निर्मम पिटाई या फिर हरियाणा के पहलू खान और यूपी के अखलाक की हत्याप्रशासन और सत्ताधारी शक्तियों की बढ़ती संवेदनहीनता का दर्पण है। कांग्रेस पार्टी समाज के वंचित और कमजोर तबकों के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। हम नागरिकों से आह्वान करते हैं कि वे इस अन्याय के विरुद्ध एकजुट हों। यह लड़ाई तब तक जारी रहनी चाहिए, जब तक हर भारतीय के अधिकारों और जीवन की गरिमा को पूर्ण सुरक्षा नहीं मिल जाती।

### मुख्य न्यायाधीश पर हमले के विरोध में पूरे यूपी में 'आप' करेगी प्रदर्शन

**लखनऊ।** भारत के मुख्य न्यायाधीष्ठा पर जूता फेंकने की घटना की भर्त्सना करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) ने 10 अक्टूबर को पूरे उत्तर प्रदेश में विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। इस दौरान कार्यकर्ता राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपेंगे। पार्टी के प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि देश के सर्वोच्च न्यायिक पद पर एक दलित के बेटे का बैठना भारतीय जनता पार्टी और उसके करती तंत्र को बर्दाश्त नहीं हो रहा है। यही कारण है कि इस जघन्य कृत्य और उसके बाद सोशल मीडिया पर सीजेआई के खिलाफ फैलाए जा रहे घृणित अपमान को लेकर सरकार खामोश है। भारत के सीजेआई का अपमान हुआ है, क्योंकि आरएसएस और बीजेपी दलितों पिछड़ों आदिवासियों मुसलमानों से नफरत करती है।

# योगी ने राममंदिर पहुंच की ट्रस्ट के साथ मंत्रणा

**अयोध्या, वार्ता**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अयोध्या में रामलला का दर्शन पूजन अर्चन करने के बाद श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर के अंदर बने आदित्य भवन में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासर्ि.चव चंपतराय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र एवं राममंदिर प्रबंधन का कार्य देख रहे गोपाल राव एवं प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व पर्यटन संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की मौजूदगी में मंत्रणा की। उन्होंने श्रीराम मंदिर ध्वजारोहण समारोह की तैयारियों के साथ साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित अयोध्या आगमन पर भी चर्चा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हेलीकॉप्टर निर्धारित समय पर रामकथा पार्क हेलीपैड पर उतरा जहां उनका स्वागत वित्त मंत्री सुरेश खन्ना,

■ रामलला के दर्शन कर की पूजा-अर्चना

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने किया। मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी पर माथा टेककर हनुमंत लला का दर्शन पूजन किया। हनुमानगढ़ी से मुख्यमंत्री का काफिला सुरक्षा घेरे में क्रॉसिंग 3 से राम मंदिर पहुंचा जहां उन्होंने विधि विधान से रामलला का दर्शन पूजन अर्चन किया और उपस्थित दर्शनार्थियों को अभिवादन कर श्रमिकों का हाथ उठाकर अभिनन्दन किया।

सेंसेक्स 81790.12
निफ्टी 25077.65


सोना रु. 121799
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

चांदी रु. 150783
प्रति किलो

# शेयर बाजार में थमी तेजी, सूचकांक लुढ़के

**मुंबई, वार्ता**



ऑटो, बैंकिंग तथा अन्य सेक्टरों में बिकवाली के दबाव में घरेलू शेयर बाजारों में पिछले चार दिन की तेजी पर बुधवार को ब्रेक लग गया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 153.09 अंक की गिरावट के साथ 81,773.66 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 सूचकांक भी 25,046.15 अंक पर आ गया। दिन भर के कारोबार में सेंसेक्स में 600 अंकों का उतार-चढ़ाव रहा। यह ऊपर 82,257.74 अंक और नीचे 81,646.08 अंक तक गया। आईटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में बिकवाली ज्यादा रही। ऑटो, फार्मा, बैंकिंग, रियलिटी, तेल एवं गैस सेक्टरों पर ज्यादा दबाव रहा। दिग्गज कंपनियों के मुकाबले दूसरी कंपनियों में अधिक गिरावट देखी गई। निफ्टी-100 में 0.34 प्रतिशत की गिरावट रही। मिडकैप-50 सूचकांक 0.74 फीसदी और स्मॉलकैप 0.52 फीसदी टूट गया। एनएसई में कुल 3,207 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 1,864 में गिरावट और 1,250 में तेजी रही, जबकि 93 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार-चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित रहे।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में 21 के शेयर लाल निशान में बंद हुए। टाटा मोटर्स का शेयर सबसे अधिक 2.41 प्रतिशत गिर गया। महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.91 प्रतिशत, बीईएल में 1.67 प्रतिशत और अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.55 प्रतिशत की गिरावट रही। ट्रेंट का शेयर 1.46 प्रतिशत, सनफार्मा का 1.37 प्रतिशत, एनटीपीसी का 1.30, पावर ग्रिड का 1.28, रिलायंस का 1.27, बजाज फिनसर्व का 1.17 और एशियन पेंट्स का 1.05 प्रतिशत टूट गया। भारतीय स्टेट बैंक, मारुति सुजुकी, हिंदुस्तान यूनीलिवर और एक्सिस बैंक भी दबाव में रहे। टाइटन में सबसे अधिक 4.38 प्रतिशत की तेजी देखी गयी। इंफोसिस का शेयर 2.67 फीसदी, टीसीएस का 1.78, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 1.34, टेक महिंद्रा का 1.17 और इटरनल का 1.10 प्रतिशत चढ़ गया।

भारती एयरटेल और बजाज फाइनेंस में भी तेजी रही। एशिया में जापान का निक्केई 0.45 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.48 प्रतिशत टूट गया। चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.52 प्रतिशत की तेजी रही। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.46 फीसदी और ब्रिटेन का फ्टीएसई 0.56 फीसदी की बढ़त में था।

# सोना और चांदी की कीमत में रिकॉर्ड उछाल

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतों में लगातार तेजी देखी जा रही है। रोज नए-नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) की वेबसाइट के अनुसार बुधवार दोपहर तक 24 कैरेट सोने की कीमत बढ़कर 1,21,799 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जबकि चांदी की कीमत बढ़कर 1,50,783 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। एमसीएक्स पर चांदी वायदा में भी जोरदार खरीदारी देखी गई। 2,387 रुपये या 1.63 प्रतिशत बढ़कर 1,48,179 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत उछलकर 1,24,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई। हालांकि चांदी अपने अपने उच्चतम स्तर से 3,400 रुपये की गिरावट के साथ 1,54,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) पर आ गई। देश के महानगरों पटना में 24 कैरेट सोने का भाव 122,220, जयपुर में 122,270, कानपुर में 122,350, लखनऊ में 122,350, भोपाल में 122,450, इंदौर में 122,450, चंडीगढ़ में 122,320 और रायपुर में 122,270 रुपये रहा। पटना में सोना आज सबसे सस्ता मिल रहा है। वहीं सबसे महंगा सोना भोपाल और इंदौर में है। पटना में 10 ग्राम सोने की की कीमत 122,220 रुपये चल रही है। वहीं भोपाल और इंदौर में सोने का दाम 122,450 रुपये प्रति 10 ग्राम है।

# चावल नरम, गेहूं.चीनी मजबूत खाद्य तेल और दालों में घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव घट गये जबकि गेहूं की कीमतों में तेजी रही।

खाद्य तेलों और दालों के दाम में उतार.चढ़ाव देखा गया। चीनी में भी बढ़त देखी गई। विदेश में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा 76 रिंगिट चढ़कर 4,546 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.78 प्रतिशत की बढ़त के साथ 51.46 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत नौ रुपये घटकर 3,855.21 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं के भाव सात रुपये बढ़कर 2,859.58 रुपये प्रति क्विंटल रहे। आटे की कीमत भी 10 रुपये बढ़ी और यह 3,313.25 रुपये प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल की औसत कीमत 27 रुपये और वनस्पति की 31 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। सूरजमुखी तेल 48 रुपये और पाम ऑयल 39 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मूंगफली तेल 63 रुपये और सोया तेल छह रुपये रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत दो रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मसूर दाल भी 10 रुपये सस्ती हुई। अन्य दालों में तेजी रही। मूंग दाल की औसत कीमत आठ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। तुअर दाल 15 रुपये और उड़द दाल 14 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 19 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई, जबकि चीनी में दो रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। .दाल.दलहन : दाल चना 7908.25 रुपये, मसूर काली 8153.97 रुपये, मूंग दाल 10115.67 रुपये, उड़द दाल 10421.28 रुपये, अरहर दाल 10536.90 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2859.58 रुपये और चावल 3855.21 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4319.01 रुपये और गुड़ 5008.08 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

# यूपी के हर जिले में आज से स्वदेशी मेला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश के उद्योग, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने लखनऊ के लोक भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि हाल ही में ग्रेटर नोएडा एक्सपो मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 के तीसरे संस्करण को अभूतपूर्व सफलता मिली है।

मंत्री ने बताया कि इस सफलता को जनता तक पहुंचाने और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 9 से 18 अक्टूबर 2025 तक प्रदेश के सभी जिलों में 'स्वदेशी मेलों' का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 'विकसित उत्तर प्रदेश 2047' के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन ने न सिर्फ निवेश और नवाचार के नए अवसर खोले, बल्कि ब्रांड उत्तर प्रदेश को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दी। 2200 से अधिक स्टॉल्स लगाए गए थे, जिनमें सरकारी विभागों, उद्यमियों, निर्यातकों, हस्तशिल्पियों और कारीगरों ने अपने उत्पादों और नवाचारों का प्रदर्शन किया। इस आयोजन में 80 से अधिक देशों के 500 से ज्यादा खरीदारों ने हिस्सा लिया, जिससे 11,200 करोड़ रुपये की व्यावसायिक पूछताछ और लगभग 5 लाख लोगों का फुटफाल दर्ज किया गया। अब हर जिले में 'स्वदेशी मेला' लगेगा। इन मेलों में उद्योग विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग, माटी कला बोर्ड, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, रेशम विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, सीएम युवा, ओडीओपी और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना से जुड़े विभागों के साथ-साथ हस्तशिल्पियों, कारीगरों, उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री का अवसर मिलेगा। मंत्री राकेश सचान ने कहा कि संस्कृति विभाग के सहयोग से मेलों में उत्तर प्रदेश की लोक कला, संगीत और परंपरागत संस्कृति का भी शानदार प्रदर्शन किया जाएगा। इसके साथ ही युवक मंगल दल, नेहरू युवा केंद्र और विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि प्रत्येक जिले में प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक और जिला अध्यक्ष स्वदेशी मेले का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री द्वारा जीएसटी सुधारों के रूप में देश को जो दीपावली गिफ्ट मिला है, यह स्वदेशी मेला उसी क्रम का उत्सव है।

■ संस्कृति विभाग के सहयोग से दिखेगा ब्रांड यूपी का दम

# लोग आम खाने के बाद फेंक देते हैं गुठली, बेटियां रहें सावधान: पटेल

**वाराणसी, वार्ता**



महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बेटियों को लेकर के बड़ी नसीहत दी। उन्होंने लिव इन रिलेशनशिप को लेकर कहा कि अभी लिव इन रिलेशनशिप का चलन है। मत करिए, अच्छे फैसले करिए। मैंने 50-50 टुकड़े कर बीम में भरने वालों को देखा है। पिछले 10 दिन में ऐसी घटनाओं के बारे में सूचना मिली है, जिन्हें सुनकर बेहद दु:ख होता है। यह ऐसा समाज है जो आम खाता है और गुठलियों फेंक देता है, ऐसे में बेटियों को सावधान रहने की जरूरत है।

राज्यपाल ने कहा कि एक हाई कोर्ट के जज ने मुझसे चिंता व्यक्त की। मेरे सामने पास्को एक्ट के बारे में बताया, जो लोग गलत काम करते हैं, वह भाग जाते हैं। उन्होंने मुझे बताया कि मैडम एक दो लोग हैं, हमें न्याय भी देना है। समय नहीं है तो हम क्या करें, आप मदद कीजिए। मैंने कहा कि जरूर मदद करेंगे, बोलिए क्या करना है। इस पर जज ने कहा कि एक काम आप ऐड कर दीजिए कि पाक्सो एक्ट में जो बच्ची है, जहां भी रहती हैं उनके लिए क्या करना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि मैंने सभी यूनिवर्सिटी से जानना चाहा कि इस पर क्या किया जा सकता है, इन बच्चियों तक कैसे पहुंचे। फिर मैंने 40 बेटियों को बंद कमरे में बैठाया, इनमें से चार की बातें सुनी। एक ने कहा कि पिता.जी मुझे प्रताड़ित करते थे। दूसरे ने मामा, तीसरी ने काका और चौथी ने कहा पड़ोसी प्रताड़ित करते थे। बेटियों ने हिम्मत दिखाई वह पुलिस स्टेशन गई और एफआईआर दर्ज की। दोषी लोगों की धर पकड़ हुई और अब वह जेल में है। इसके बाद बाकी बच्चों की बात सुनने की मेरी हिम्मत नहीं हुई। राज्यपाल ने कहा कि बच्चियों से मिलने के बाद मैंने ऐसी 80 लड़कियों से मुलाकात की, जिन्हें उनके पति ने छोड़ दिया है।

■ महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के दीक्षांत समारोह में बोलीं राज्यपाल

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# मछली पकड़ने गये युवक की गंगा में डूबकर मौत

## डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद मिला शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** मछली पकड़ने गये युवक की गंगा के गहरे पानी में डूब कर मौत हो गई। डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद युवक के शव को पानी से बाहर निकाला गया।

बुधवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र के गांव झुरेरी निवासी मुनीदेव पुत्र हरि सिंह गांव धोरिया बिड़ला गंगा घाट पर अपने साथी श्याम सिंह के साथ मछली पकड़ने आएये थे। मछली पकड़ते समय ही वह गहरे पानी में चले गये। और डूब गये। श्याम सिंह ने शोर मचाया



जिसके बाद आसपास खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर जमा हो गये। स्थानीय गोताखोरों की मदद से तुरंत तलाश अभियान शुरू किया गया। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद मुनि देव आयु 38 वर्ष का शव बरामद कर लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही मुनि देव के परिजन गंगा घाट पर पहुंच गये। परिजनों ने बताया कि मुनि देव अपने पीछे पत्नी भोली, बेटे करन और बेटी सीमा को छोड़ गये हैं। पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है।



हसनपुर। गंगा में डूबकर युवक की मौत पर विलाप करते परिजन।

# दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे, आठ पर रिपोर्ट

## घटना से मची अफरा तफरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दो पक्ष आपस में भिड़ गए, जमकर लाठी-डंडे चले। हमले के बीच एक-दूसरे को जान से मारने की धमकी दी गई। मौका पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। मामले में दोनों पक्ष के आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

घटना थाना क्षेत्र के गांव बोहरा की है। यहां स्व.शमीम और तस्लीम अहमद के परिवार रहते हैं। शमीम की पत्नी वकीला की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक उनके जेठ सलीम करीब पंद्रह साल पहले अपनी संपत्ति बेचकर रहने के लिए गजरौला चले गए थे लेकिन वह गांव की सभी संपत्ति पर अपनी नजर रखते हैं। कई बार अंजाम भुगतने की धमकी दे चुके हैं। छह अक्तूबर की दोपहर तीन बजे वकीला अपने पशुओं को चारा डाल रही थी। तभी सलीम, नदीम, तस्लीम और शकीला घर में घुस आए और बेवजह गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। लोगों की भीड़ जमा होने पर आरोपी भाग गए। मामले में पुलिस ने चारों आरो. पियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं दूसरे पक्ष से तस्लीम की पत्नी शकीला ने एफआईआर दर्ज कराई है। उनके मुताबिक उन्होंने अपना एक मकान गजरौला में बना रखा है जबकि एक मकान गांव में भी है। इस मकान में उनकी सास रहती हैं। छह अक्तूबर को वह अपनी सांस मिलने पति के साथ मकान पर आई थी। यहां पहले से ही घात लगाकर बैठे खुशनवाज, वकीला, शाहनवाज और गफ्फार ने हमला कर दिया। उनके साथ मारपीट की, जान से मारने की नियत से भी हमला किया। घटना में शकीला गंभीर घायल हो गई। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि मामले में शकीला की तहरीर पर खुशनबाज, वकीला, शाहनवाज व गफ्फार तथा वकील की तहरीर पर सलीम, नदीम, तसलीम व शकीला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। इसके बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रेड फेयर का जनता लाभ उठाए: डीएम

## सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम के निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने निर्देश दिये कि रामलीला मैदान में लगने वाले ट्रेड मेले में सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस चौकी का निर्माण कराया जाये। बिजली विभाग यहां निर्विरोध विद्युत आपूर्ति करे। फयरबिग्रेड की गाड़ी तथा एम्बुलेंस हर समय मौजूद रहे।

आज से रामलीला मैदान में ट्रेड मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेले 19 अक्टूबर तक चलेगा। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने ट्रेड फेयर स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिये कि यहां सुरक्षा के लिहाज से पुलिस चौकी का निर्माण कराया जाये। इसके अलावा सीओ से पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने को कहा। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देश दिये कि वह मेले के दौरान बिना रूकावट के आपूर्ति करें। मेला स्थल पर हर समय फायर बिग्रेड की गाड़ी मौजूद रहे, ताकि किसी भी अनहोनी से समय से निपटा जा सके। उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिये कि यहां हर समय एम्बुलेंस मौजूद रहे। ईओ मेला स्थल पर सफाई के बेहतर प्रबंध करें। डीएम ने अधिकारियों को नसीहत दी कि मेले की सभी तैयारी बेहतर ढंग से की जाये। इस मौके पर सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, एडीएम गरिमा सिंह, एसडीएम शैलेश कुमार दुबे, सीओ शक्ति सिंह, ईओ डा. ब्रजेश कुमार मौजूद रहे।

# छत से गिरकर मजदूर की संदिग्ध मौत

## मटर फैक्ट्री की घटना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के गांव चुचौला कला की मटर फैक्ट्री में मंगलवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब वहां काम कर रहे मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सिर में गंभीर चोट लगने के बाद घायल मजदूर को अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया और फैक्ट्री गेट पर हंगामा खड़ा हो गया।

मोहल्ला धुआं तालाब निवासी इरफान (45 वर्ष) पुत्र कल्लन रोजाना की तरह चांदपुर रोड स्थित मटर प्लांट में काम करने गया था। बताया जाता है कि काम के दौरान वह फैक्ट्री की छत से नीचे गिर पड़ा, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। साथी कर्मियों ने आनन-फानन में उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और फैक्ट्री प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और गुस्साए परिजनों को शांत कराने में जुट गई। थाना प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था। बाद में दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता हो गया, जिसके बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस को अब तक किसी भी पक्ष से तहरीर नहीं मिली है।

# 75 निजी स्कूलों से टैक्स वसूली की तैयारी

## नगर पालिका ने जारी किये नोटिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नगर पालिका की सीमा क्षेत्र में आने वाले 75 स्कूलों से पालिका टैक्स वसूली की तैयारी कर रही है। प्रबंधकों को नोटिस जारी कर दस्तावेज उपलब्ध कराने को कहा गया है। जबकि नोटिस का जवाब न देने पर कर निरीक्षक स्कूलों में जाकर निरीक्षण करेंगे।

ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में बीस इंटर कालेज समेत 75 निजी स्कूल संचा. लित हैं। अब पालिका इन स्कूलों पर टैक्स लगाने की तैयारी की रही है। पालिका की आय बढ़ाने के लिए यह कदम उठाया गया है। इन स्कूल प्रबंधकों को पालिका द्वारा नोटिस जारी किये गये हैं जिसमें उनसे जल्द से जल्द विद्यालय के दस्तावेज उपलब्ध कराने को कहा गया है। नोटिस के बाद भी जो



विद्यालय दस्तावेज उपलब्ध नहीं करायेंगे उन विद्यालयों में कर अमीन जाकर नापजोक करेंगे तथा उसी के आधार पर टैक्स वसूली की जायेगी। पालिका के इस कदम से निजी स्कूल संचालकों में हड़कम्प मचा है। ईओ ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप पालिका की आय बढ़ाने के लिए पालिका लगातार प्रयासरत् है। आगे आने वाले दिनों में इसके सार्थक परिणाम देखने को मिलेंगे।

# दस चौकी प्रभारी समेत 13 एसआई के तबादले

## एसपी ने चलायी तबादला एक्सप्रेस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दस चौकी इंचार्ज समेत 13 दरोगाओं का कार्यक्षेत्र बदल दिया। स्थानांतरित सभी पुलिस कर्मियों को तत्काल कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए। पुलिस कार्यालय से मंगलवार रात जारी सूची में दस चौकी इंचार्ज और तीन अन्य दरोगाओं की नई जिम्मेदारी दी गई है। शहर की प्रभारी विहीन दो चौकियों पर भी नई तैनाती की है। एसपी ने अतरासी चौकी से दरोगा पवन कुमार को शहर की कोट चौकी का प्रभारी बनाया है जबकि विनोद कुमार राठी को मुनव्वरपुर चौकी से वासुदेव चौकी का प्रभार दिया है। इनके अलावा सोनू कुमार को थाना हसनपुर से अतरासी चौकी, परविन्द्र कुमार को ढवारसी चौकी से कैलसा चौकी और अभिनव मलिक को मुनव्वरपुर चौकी का प्रभारी नियुक्त किया है। इसी कड़ी में दरोगा देशपाल को थाना हसनपुर से मनौटा चौकी, मोहम्मद असलम को थाना नौगावां सादात से ढवारसी चौकी और चांदवीर सिंह को थाना नौगावां सादात से कुमखिया चौकी भेजा गया है। अनिल त्यागी को थाना मंडी धनौरा से डींगरा चौकी की जिम्मेदारी दी गई है। उझारी चौकी से सतवीर सिंह को थाना सैदनगली जबकि थाना बछरायूं से किया गया दरोगा विपिन कुमार का स्थानांतरण निरस्त कर दिया है। वहीं, शहर कोतवाली में तैनात दरोगा सलीम अहमद को एसएसआई नियुक्त किया है।

# भारत स्वाभिमान क्रांति रथ यात्रा का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारत राष्ट्रीय सेवक संघ द्वारा आयोजित 'भारत की मिट्टी-भारत स्वाभिमान क्रांति रथ यात्रा' अपने छठे दिन गजरौला नगर पहुंची। इस दौरान यात्रा का पुष्पवर्षा करके स्वागत किया। बता दें कि यह यात्रा 3 अक्टूबर को नई दिल्ली के जंतर मंतर से शुरू हुई थी। इसका उद्देश्य राष्ट्रव्यापी भ्रमण कर नागरिकों में कर्तव्यनिष्ठा, राष्ट्रीय एकता, पर्यावरण संरक्षण और भारतीय संस्कृति के पुनर्जागरण की भावना को मजबूत करना है। 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। यात्रा के मार्ग में जनसभाएं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और संवाद गोष्ठियां भी आयोजित की जा रही हैं। इस अवसर पर के रैली के संयोजक व भारत राष्ट्रीय सेवक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो0विनोद नागर, सत्यपाल सिंह, श्याम सिंह, दीपक गुर्जर, नौ सिंह, आशीष, अलका वर्मा, अशोक अधाना, धीरज सिंह, उदयवीर सिंह, सत्यपाल सिंह, इन्दर सिंह, निजामुद्दीन, दीपकगुर्जर, योगेश भड़ाना मौजूद रहे। वहीं यात्रा के गजरौला पहुंचने पर स्थानीय पुलिस प्रशासन भी सतर्क रहा।

**03 अक्तूबर को नई दिल्ली से शुरू हुई है यह यात्रा**





अमरोहा। करवाचौथ के मद्देनजर दुकानों पर खरीदारी करती सुहागिने।

# करवाचौथ पर बाजारों में बढ़ी रौनक

## सुहागिनों ने शुरू की सामान की खरीदारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पति की दीर्घायु के लिये रखे जाने वाले करवाचौथ के व्रत को लेकर सुहागिनों में खासा उत्साह है। उन्होंने बाजार से सामान की खरीदारी शुरू कर दी है। बाजार में सुबह से सांय तक भारी भीड़ उमड़ रही है। इसके अलावा खुद को सजाने के लिये ब्यूटी पार्लर भी बुक कर दिये गये है।

विवाहिताओं का सबसे प्यारा पर्व करवाचौथ शुक्रवार को मनाया जायेगा। इस दिन सुहागिनें अपने पति की दीर्घायु के लिये व्रत रखती है तथा सारा दिन भूखी प्यासी रहकर चन्द्रमा को अर्घ्य देखकर छलनी में पति का चेहरा देखकर उनके हाथों से पानी ग्रहण कर व्रत का परायण करती है तथा पैर छूकर उनका आशीर्वाद लेती है। इस त्यौहार पर घरों में विशेष पूजा अर्चना की जाती है तथा पकवान बनाये जाते है। पति इस दिन पत्नी को उपहार भेंट करते है। इस त्यौहार में मात्र कल(आज) का दिन शेष है। ऐसे में सुहागिनों का उत्साह देखते ही बन रहा है। उन्होंने अपनी लिये कपड़ों, ज्वैलरी, श्रृंगार के सामान की खरीदारी शुरू कर दी है। जिन विवाहिताओं का यह पहला व्रत होगा उनके लिये सारा सामान मायके से आता है। इस पर्व का विवाहिताओं में खास उत्साह है। सबसे ज्यादा उत्सुक नवविवाहिताएं है। जिन युवतियों की मंगनी हो जाती है वह भी इस व्रत को रखती है तथा पति का फोटो देखकर व्रत का परायण करती है। अब चूकि इस उपवास में मात्र एक दिन का समय शेष है ऐसे में महिलाओं की भीड़ बाजार में बढ़ती जा रही है। नगर के मौहल्लों में भी करवे के बिक्री के लिये ठेलेवाले पहुंचने शुरू हो गये है। हर तरफ करवाचौथ का उत्साह दिखाई दे रहा है। सुहागिनों को इस दिन का पूरे साल इंतजार रहता है। पत्नी को खुश करने के लिये पति भी उन्हें मुंहमांगे उपहार भेंट करते है। इस दिन पति की जेब विवाहिताओं द्वारा खूब खाली की जाती है। वह दुल्हन की तरह श्रृंगार करती है तथा पति को रिझाने में कोई कसर नहीं छोड़ती। अभी से ही उन्होंने करवाचौथ के व्रत को यादगार बनाने के लिये तैयारी शुरू कर दी है। लगातार बाजार से शोपिंग की जा रही है।

## एक नजर

### स्वास्थ्य शिविर में 70 मरीजों की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** ग्राम लुहारी खादर में बुधवार को एक दिवसीय स्वास्थ्य कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कैंप में कुल 70 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर परामर्श और मुफ्त जांच की सुविधा मिली। परीक्षण के दौरान विभिन्न बीमारियों से ग्रसित मरीज पाये गये। सबसे अधिक 20 मरीज खुजली के थे। जबकि खांसी-जुकाम के 12 मरीज, बुखार के 12 मरीज, और पेट दर्द के 10 मरीज देखे गये। इसके अलावा, हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप) के 10 मरीजों, शुगर के 8 मरीजों और आंखों की समस्या से ग्रस्त 8 मरीजों की पहचान की गई। कैंप में 20 मरीजों की ब्लड जांच भी की गई। जिसकी रिपोर्ट नेगेटिव आई है।

### जलभराव नहीं हटाया तो करेंगे प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** सड़क पर जल भराव होने के कारण उससे नाराज होकर ग्रामीणों ने नारेबाजी धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। शेखपुर झकड़ी गांव के मुख्य मार्ग से सरकारी स्कूल को जाने वाला और पन्द्रह आस-पास के गांवों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण रास्ता पिछले कई दिनों से गहरे पानी में डूबा हुआ है। जिससे ग्रामीणों और स्कूल जाने वाले बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग क्षेत्र के लिए लाइफलाइन जीवनरेखा का काम करता है। लेकिन दो से तीन फीट तक जमा गंदा पानी आवागमन को लगभग ठप कर चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि जलभराव के कारण बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। स्कूली बच्चों, विशेषकर छोटी बच्चियों को, इस गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे उनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य पर सीधा असर पड़ रहा है।

### अतरासी रोड पर लगा भीषण जाम



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** वाहनों को गलत दिशा में चलाने के कारण घंटों तक सड़क पर जाम लगा रहा। जाम खुलवाने के लिए पुलिस बल को मशक्कत करनी पड़ी। बुधवार की शाम अतरासी मार्ग पर अचानक जाम लग गया। जिससे वाहनों की लंबी-लंबी कतारे लग गई। अतरासी बस स्टैंड चौराहा से अंबेडकर पार्क तक वाहनों का जाम लग गया। ब्लॉक तिराहे तक तथा संभल बस स्टैंड चौराहा तक वाहनों की लंबी-लंबी कतारे लग गई। जाम लगने के कारण उसमें यात्री फंस गये। जाम में कई मरीजों का वाहन भी फस गये। बताया जा रहा है कि वाहनों के गलत दिशा में चलाये जाने के कारण जाम लगा रहा। जाम खुलवाने के लिए पुलिस मौके पर पहुंच गई तथा घंटों की मशक्कत के बाद जाम को खुलवाया गया।

### मिनी स्टेडियम में होगी प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** जनपद स्तरीय एथलेटिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 13 से 15 अक्टूबर तक मिनी स्टेडियम में किया जायेगा। यह जानकारी संयोजक डा. जीपी सिंह ने दी है। पहले यह प्रतियोगिता जेएस हिन्दू इंटर कालेज के मैदान में होनी थी। परन्तु यहां ट्रेड मेला आयोजित होने के कारण स्थान बदल दिया गया है।

# ढिल्लो ने किया संगम स्वीट्स का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो ने संगम स्वीट्स एवं नमकीन कंफैक्शनी का उद्घाटन किया। नगर में हाइवे स्थित प्रेमनगर में बुधवार को शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो ने संगम स्वीट्स व नमकीन सैंटर का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कस्बे में एक अच्छी मिठाई की दुकान की जरूरत थी, इसके यहां खुलने से जनता को अच्छी मिठाई व नमकीन उपलब्ध होगी। दुकान स्वामी मोहित चौधरी ने बताया कि उनकी दुकान पर अच्छी क्वालिटी की मिठाई व नमकीन उचित दामों पर उपलब्ध है। इस मौके पर सुरेन्द्र सिंह चिकारा, हितेन्द्र चौधरी, वीरेन्द्र गुप्ता, विरेन्द्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

# फैक्ट्री के रिएक्टर नहीं वेयरहाउस के कैमिकल से हुआ था रिसाव: सुबोध

**बेस्ट क्राप प्रबंधन ने मीडिया के माध्यम से किया फैक्ट्री बंद न करने का अनुरोध, कहा कि कर्मचारियों व उनके परिवारों के सामने बढ़ेगा रोजी रोटी का संकट**

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** 22 सितम्बर को गैस रिसाव के बाद चर्चा में आई बेस्ट क्रॉप साइंस प्राईवेट लिमिटेड के प्रशासनिक अधिकारी सुबोध कुमार ने पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड ने कंपनी को बंद करने का आदेश दिया है, जबकि गैस रिसाव कंपनी के वेयरहाउस में रखे कैमिकल से हुआ था, इसलिए विभाग को केवल वेयरहाउस (भंडारण केन्द्र) पर ही सील लगानी चाहिए थी, फैक्ट्री की सम्पूर्ण बंदी के आदेश को वापस लेना चाहिए ताकि कंपनी चलती रहे और कंपनी में कार्यरत कंपनी के ऑन रॉल व ठेकेदार लेबर के रूप में कार्यरत 700 कर्मचारी और उनके परिवारों को रोजी-रोटी मिलती रहे।

उन्होंने बताया कि 22 सितम्बर को कंपनी के वेयरहाउस में रखे में गैस रिसाव हुआ, जिसके बाद



गजरौला। पत्रकार वार्ता करते कंपनी के प्रशासनिक अधिकारी।

कंपनी की आएनडी व क्यूएसटी टीमों ने काम शुरू किया और पुलिस, प्रशासनिक व अग्निशमन विभाग को सूचित करके समन्वय बैठाकर गैस रिसाव रोकने का प्रयास किया। कहा कि कम्पनी में हुई यह घटना बेहद आकस्मिक थी और यह घटना किसी प्लांट और रिएक्टर में नहीं घटी थी। प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड ने इस घटना के बाद कंपनी की सम्पूर्ण बंदी के आदेश जारी किए हैं जिसके अनुपालन में कंपनी के 69 में से 42 रिएक्टर बंद किए जा चुके हैं, जबकि शेष रिएक्टर बंद करने के लिए भी कुछ दिन की मोहलत दी गई है। उन्होंने कहा कि कंपनी प्रदुषण नियंत्रण विभाग समेत अन्य सभी संबधित विभागों द्वारा बताए गए बिंदुओं पर काम कर रहा है और पूर्ण सहयोगात्मक रूख है। कंपनी में ऑन राल 200 और ठेकेदार लैबर के रूप में 500 कर्मचारी कार्यरत हैं। यदि कंपनी की पूर्ण बंदी होती है तो इन 700 कर्मचारियों और इनके परिवारों के पास रोजी रोटी का संकट उत्पन्न हो जाएगा। उन्होंने बताया कि कम्पनी में सुरक्षा सम्बंधी सभी मानक अपनाए जाते हैं। उन्होंने मीडिया के माध्यम से प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड व शासन प्रशासन से मांग करते हुए कहा कहा कि कंपनी की पूर्ण बंदी के निर्णय को स्थगित/रद्द किया जाए ताकि कर्मचारियों व उनके परिवारों के समक्ष रोजी रोटी का संकट पैदा न हो और कंपनी पूर्व की तरह देश प्रदेश की अर्थव्यवस्था में योगदान दे सके। उन्होंने बताया कि कंपनी का वार्षिक टर्न ओवर 250 करोड़ है। उन्होंने कहा कि हमारी कंपनी में 85-90 फीसदी ऑन रोल व ठेकेदार के अस्थाई कर्मचारी स्थानीय ही हैं, कम्पनी द्वारा कोरोना काल में भी जनसेवा के लिए काम किया था।

# भाजपा सरकार किसानों की हितैषी: मलिक

## पात्रों को दिया जा रहा योजनाओं का लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। जनपद के प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने कहा कि केंद्र सरकार ने जीएसटी घटाकर देश की जनता को उपहार दिया है। भाजपा सरकार व्यापारियों किसानों बेरोजगारों समेत समाज के हर तबके का दुख दर्द समझ रही है।

मंगलवार को नगर के बाईपास मार्ग स्थित एक मैरिज हॉल में घटी जीएसटी मिला उपहार धन्यवाद मोदी सरकार, कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता एवं व्यापारियों को सम्बोधित करते हुए प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने कहा मोदी सरकार हमेशा व्यापारियों और छोटे उद्यमियों के हितों के लिए प्रतिबंद्व है। जीएसटी दरों में कमी से आम जनता व्यापारियों दोनों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकारों की योजनाएं अब सीधे जनता तक पहुंच रही है।



उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता जनता को हर सुविधा उपलब्ध कराने में कमी नहीं छोड़े। विधायक महेंद्र सिंह खड्गवंशी ने जीएसटी घटने पर केंद्र सरकार का आभार जताते हुए कहा जीएसटी दरों में कमी का लाभ आम जनता का पहुंचना चाहिये। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार व्यापारियों के हित में लगातार कार्य कर रही है। भाजपा कार्यकर्ता केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का प्रसार प्रचार कर जनता को लाभ दिलवाने का कार्य करें। कार्यक्रम का दौरान घटी जीएसटी मिला उपहार धन्यवाद मोदी सरकार के नारे भी लगे। इस दौरान भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, पूर्व विधायक हरपाल सिंह, विधायक पुत्र देवेंद्र खड्गवंशी, मयंक अग्रवाल, राजू राणा, अंकुर अग्रवाल, पंकज भटनागर, संदीप गुप्ता, मोहित अग्रवाल, राजपाल भड़ाना, धर्मपाल सिंह खड्गवंशी. यशपाल सिंह प्रधान, वसीम अल्वी, लता सागर, पवन राज आदि मौजूद थे।




■ अमरोहा। जेएसडिग्री कालेज में गीता ज्ञान गोष्ठी में विचार रखते स्वामी ज्ञानानन्द महाराज।

# हर हिन्दू अब गर्व से कहे मैं हिन्दू हूं

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वाधान में सरस्वती शिशु मंदिर में शरद पूर्णिमा और वाल्मीकि जयंती का संयुक्त कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में नगर संघचालक दीपक कुमार ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर अब हर हिंदू गर्व से मैं हिंदू हूँ, कह सकता है। उन्होंने बताया कि आजादी से पहले हिंदू कहलाने में हीन भावना महसूस की जाती थी। लेकिन अब स्थिति बदल गई है। मुख्य वक्ता संजीव त्यागी ने दोनों पर्वों का महत्व बताया। इस अवसर पर रविंद्र चौहान सहनगर संघचालक, सोनू गर्ग नगर कार्यवाह, उधम सिंह सहनगर कार्यवाह, अर्पित,भूदेव, विनय, रजनीकांत, रामपाल चौहान, यशवीर सहित कई स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## मारपीट के मामले में एक साल की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा**। घर में घुसकर मारपीट और गाली-गलौज के मामले में अदालत ने एक साल जेल को सजा तथा दोषी पर दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया। घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव फतेहपुर जिवाई की थी। यहां पर किसान श्योनाथ सिंह का परिवार रहता है। 26 जनवरी 2008 को गांव के रहने वाले सतीश, कृपाल और निरंजन ने घर में घुसकर उनके साथ मारपीट की थी। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों का चालान कर दिया था। मुकदमे की सुनवाई एसीजेएम द्वितीय की अदालत में चल रही थी। बुधवार को अदालत ने मुकदमा की आखिरी सुनवाई की। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर सतीश को दोषी करार दिया। एक साल जेल की सजा सुनाई तथा दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# सहकारी समिति के सचिव की हार्टअटैक से मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। रहरा थाना क्षेत्र के सहकारी समिति बरतोरा पर तैनात सचिव तेजपाल सिंह पुत्र बुलंलन सिंह निवासी तरौली का बुधवार को हार्ट अटैक से आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से पूरे गांव और सहकारिता जगत में शोक की लहर है।

तेजपाल सिंह ने सहकारी समिति बरतोरा में 32 वर्षों तक सेवा दी। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत अकाउंटेंट के रूप में की और बाद में पदोन्नत होकर सचिव बने। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने बरतोरा के अलावा उझारी, बुरावली और छपना की समितियों में भी अपनी सेवाएं दीं। कुछ समय से बीमार



रहने के बावजूद तेजपाल सिंह फिलहाल ठीक थे। लेकिन बुधवार को इस दुखद घटना ने सबको स्तब्ध कर दिया। उनके पीछे उनकी पत्नी सर्वेश देवी और तीन लड़के व एक लड़की हैं, जो इस क्षति से रोते-बिलखते हैं। गांव तरौली में इस समय गम का माहौल है।

## दिनेश रालोद व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनोनीत



**गजरौला**। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी के निर्देशानुसार तथा राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी के अनुमोदन से एवं प्रदेशाध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय की सहमति से नगर के मौहल्ला अतरपुरा निवासी दिनेश शर्मा को राष्ट्रीय लोकदल व्यापार प्रकोष्ठ जनपद अमरोहा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने उन्हें मनोनयन पत्र जारी करते हुए व्यापारियों व स्थानीय लोगों को रालोद से जोड़ने के निर्देश दिए।

# गीता का ज्ञान संसार के लिये अमूल्य निधि

## हिन्दू पीजी कालेज में गीता ज्ञान गोष्ठी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। स्वामी ज्ञानानन्द महाराज ने कहा कि गीता युवाओं को बेहतर जीवन जीने की सीख देती है। इसका सार्वभौम ज्ञान किसी बंधन में नहीं बांधा जा सकता।

जेएस हिन्दू पीजी कालेज में गीता ज्ञान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बोलते गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द महाराज ने कहा कि गीता का ज्ञान हम सभी को भय व चिंता मुक्त करता है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते कहा कि गीता में बेहतर जीवन जीने का राज छिपा है। इस ज्ञान को किसी बंधन में बांधा नही जा सकता। यह हमें भय एवं चिंता मुक्त जीवन की सीख देती है। देश की युवा पीढ़ी को स्वामी विवेकानंद जैसा बनाने वाले यह ग्रंथ दुर्योधन जैसों से दूर रहने की सीख देते है। गुरूकुल चोटीपुरा की प्राचार्या डा. सुमेधा ने

### ■ मानव को जीने की कला सिखाती गीता

कहा कि भारतीय ज्ञान परम्पराओं में गीता का विशेष महत्व है। युवा पीढ़ी को इससे कर्म योग की सीख लेनी चाहिये। उन्होंने कहा कि जीवन में हर परिस्थिति में मार्ग दर्शन करने वाले ग्रंथों में गीता भी महत्वपूर्ण है। इसके द्वारा लोलुपता समाप्त कर निष्काम कर्म की प्रेरणा मिलती है। प्राचार्य प्रो. वीर वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि संतों की वाणी हमें सत्य का मार्ग दिखाकर जीने की कला सिखाती है। हमें इनके बताये मार्ग पर जीवन यापन करना चाहिये। प्रबंध समिति के मंत्री योगेश कुमार जैन ने स्वामी ज्ञानान्द को स्मृति चिन्ह भेट कर स्वागत किया तथा उच्च शिक्षा को युवा विद्यार्थियों के लिये जरूरी बताया। गोष्ठी में प्रो. अनिल रायपुरिया, प्रो. बीना रुस्तगी, प्रो. मनन कौशल, डा. निखिल कुमार दास, डा. नवनीत विश्नोई, डा. पीयूष कुमार शर्मा, डा. रश्मि गुप्ता, श्रद्धा शर्मा, मंजुला शर्मा, गीतेश अग्रवाल, देवेन्द्र कुमार, सुधांशु शर्मा आदि मौजूद रहे।

# शान्ति बनाये रखने में सहयोग करें रिटायर पुलिस कर्मी

## एसपी ने सुनी पेंशनर्स की शिकायतें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। पुलिस पेंशनर्स के साथ संवाद के मद्देनजर बुधवार को रिजर्व पुलिस लाइन में गोष्ठी का आयोजन किया गया। एसपी अमित कुमार आनंद ने सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों से वार्ता कर उनकी व्यक्तिगत व विभागीय समस्याओं को सुना तथा उनके त्वरित/विधिक निराकरण को लेकर संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। वहीं, एसपी ने पेंशनर्स से उनके सुझावों को सुनकर भविष्य में अमल में लाने का आश्स्वासन दिया। कहा कि किसी भी तरह की समस्या पर बेझिझक मिलकर आप लोग स्वयं मुझसे मिलकर अपनी समस्याओं से अवगत करा सकते हैं। वहीं, वर्तमान सामा. जिक परिवेश के नजरिए से रिटायर्ड पुलिस कर्मियों की भूमिका के विषय में भी अवगत कराया। बीट पुलिस अधिकारी के गांव पहुंचने पर अपेक्षित सहयोग करने की बात कही।प्रचलित साइबर अपराधों को लेकर भी सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को सचेत किया।

# दौड़ में रविता व राहुल रहे विजेता

## रन फार एंपावरमेंट दौड़ का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बुधवार को अमरोहा पुलिस की ओर से रन फॉर एंपावरमेंट दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें महिला पुलिसकर्मियों के साथ रिक्रूट आरक्षियों ने हिस्सा लेते हुए पुलिस अफसरों संग दौड़ लगाई। अधीनस्थों के साथ एसपी खुद भी इस दौड़ का हिस्सा रहे। दौड़ में आरक्षी रविता व पुरुष आरक्षी राहुल ने संयुक्त रूप से पहला स्थान प्राप्त किया। पहले, दूसरे व तीसरे नंबर पर विजेता रहे पुलिसकर्मियों को एसपी ने प्रशस्ति पत्र देते हुए सम्मानित किया।

सुबह सात बजे पुलिस कार्यालय से शुरू हुई दौड़ की शुरुआत एसपी अमित कुमार आनंद ने हरी झंडी



दिखाकर की। करीब चार किमी की दौड़ शहर के मिनी स्टेडियम पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान महिला वर्ग में थाना रजबपुर में तैनात कांस्टेबल रविता ने पहला स्थान पाया जबकि शहर कोतवाली में तैनात कांस्टेबल शिवानी दूसरे स्थान पर रहीं। वहीं अमरोहा देहात थाने में तैनात निरमा ने तीसरा स्थान हासिल किया जबकि पुरुष वर्ग में रिक्रूट आरक्षी राहुल कालिया पहले स्थान पर रहे। वहीं, हिमांशु ने दूसरा तथा अंकित कुमार ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस दौरान एसपी ने पुलिसकर्मियों को नकद इनाम देकर पुरस्कृत किया। इस दौरान एसएसपी अखिलेश भदौरिया, सीओ लाइन अभिषेक कुमार, सीओ मंडी धनौरा अंजलि कटारिया आदि समेत अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## आरोग्य मेले में सैकड़ों पशुओं की जांच



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। विकासखंड अमरोहा के ग्राम जब्दी में बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर एवं मेले का आयोजन पशुपालन विभाग की ओर से किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य राहुल चौहान ने गौ पूजन और फीता काटकर किया। आयोजन में सुबह से ही पशुपालकों की भीड़ जुटी रही। पशुओं के इलाज, टीकाकरण और जांच के लिए आए डॉक्टरों की टीम ने ग्रामीणों को विभिन्न बीमारियों और उनके उपचार के बारे में जानकारी दी। शिविर में कुल 573 पशुओं का पंजीकरण किया गया। इनमें सामान्य चिकित्सा के तहत 58 पशुओं का उपचार किया गया, 242 को कृमिनाशक दवा दी गई, 24 पशुओं की लघु शल्य चिकित्सा की गई, 45 का गर्भ परीक्षण हुआ, चार का कृत्रिम गर्भाधान किया गया।

# बालाजी पार्क में सजा इको-फेंडली दीवाली मेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। नगर की हाउस वाइफ बिजनेसवुमन ने इस बार दीवाली को एक नए अंदाज में मनाने की मिसाल पेश की। बालाजी पार्क में आयोजित दीवाली मेला को ह्ज़ीरो वेस्ट इवेंटह के रूप में मनाया गया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता का सशद्र संदेश दिया गया। मेले में नगर के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर प्रख्रति के प्रति जिम्मेदारी का एहसास किया।

कार्यक्रम में प्लास्टिक, कपड़े और कार्टन से बने रीसाइकल्ड प्रोडक्ट्स के स्टक्ल आकर्षण का केंद्र रहे। हस्तशिल्प कारीगरों ने अपने हैंडक्रा"ट उत्पादों से लोगों का दिल जीता। इसके अलावा मेहंदी प्रतियोगिता, हाउजी गेम, रंगोली, नृत्य और संगीत कार्यक्रमों ने मेले के माहौल को उल्लासमय बना दिया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। मेले का



मुख्य उद्देश्य लोगों को प्रख्रति के साथ त्योहार मनाने के लिए प्रेरित करना था। आयोजकों ने यह संदेश दिया कि उत्सव का आनंद बिना पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए भी लिया जा सकता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने कहा, दीवाली खुशियों और प्रकाश का त्योहार है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से यदि हम प्रख्रति की रक्षा का संकल्प लें, तो यह हमारे समाज के लिए प्रेरणास्रोत बन सकता है। जीरो वेस्ट इवेंट की यह पहल सराहनीय और अनुकरणीय है। मेला आयोजक सोनिया अग्रवाल ने कहा, हमने को. शिश की कि इस दीवाली में एक नम्र सोच के साथ पर्यावरण की रक्षा का संदेश दिया जाए। इस आयोजन में नगर की महिलाओं और बच्चों ने मिलकर यह साबित किया कि स्वच्छ और हरित दीवाली संभव है, बस नीयत और नज़रिया होना चाहिए।

# दिवाली पर मोदी सरकार का बड़ा तोहफा, जीएसटी में सरलीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा**। भाजपा नेता विनीत अग्रवाल शारदा ने शिवाजी नगर स्थित मूलचंद गर्ग के आवास पर आयोजित एक प्रेस वार्ता में घोषणा की कि मोदी सरकार ने दीपावली से पूर्व जीएसटी व्यवस्था में ऐतिहा. सिक बदलाव करते हुए 28प्रतिशत और 12प्रतिशत के टैक्स स्लैब को समाप्त कर दिया है। अब देश में केवल दो सरल जीएसटी दरें - 5प्रतिशत और 18प्रतिशत ही लागू रहेंगी। शारदा ने इस निर्णय को व्यापारियों, उद्योगों और आम उपभोक्ताओं के लिए दीवाली का सबसे बड़ा उपहार बताया। शारदा ने कहा कि यह फैसला आम नागरिक, किसान, एमएसएमई, कुटीर उद्योग और महिला व युवा उद्यमियों सभी के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। उन्होंने कहा, इससे घरेलू उत्पादन और स्वदेशी वस्तुओं की मांग में जबरदस्त वृद्धि होगी और बाजार में



नकदी प्रवाह बढ़ेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार जताया। शारदा ने सभी दुकानदारों और नागरिकों से दीपावली पर स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने की अपील करते हुए कहा कि वे अपनी दुकानों पर मैं स्वदेशी माल बेचता हूं का बोर्ड लगाएं। उन्होंने कहा कि यह आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। इस अवसर पर दीपक मित्तल, रजनीश सोमानी, विश्व प्रकाश शर्मा, अनिल अग्रवाल, गौरव गर्ग, अंशुल मित्तल, लौकेश गर्ग, बोबी मित्तल, ललित बंसल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## कृष्ण ने उंगली पर उठाया गोवर्धन पर्वत

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। डिडौली थाना क्षेत्र के रसूलपुर गुर्जर गांव स्थित चामुंडा मंदिर पर चल रहे श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के छठे दिन कथा वाचक पंडित सुबोध आनंद ने भगवान श्रीकृष्ण की गोवर्धन पूजा एवं बाल लीलाओं का दिव्य वर्णन किया। कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथावाचक ने बताया कि जब इंद्रदेव के अहंकार को शांत करने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों को इंद्र-पूजा के स्थान पर गोवर्धन पर्वत की पूजा करने के लिए प्रेरित किया, तब क्रोधित होकर इंद्रदेव ने घनघोर वर्षा आरंभ की। तब नन्हें कृष्ण ने अपनी कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर ब्रजवा. सियों की रक्षा की। यह प्रसंग सुनकर श्रोताओं ने "जय श्रीकृष्ण" के उद्घोष के साथ तालियां बजाई।इसके साथ ही पंडित सुबोध आनंद ने कृष्ण की बाल लीलाओं, जैसे माखन चोरी, ग्वाल बालों संग खेलकूद और माता यशोदा द्वारा दंड देने के प्रसंगों का वर्णन करते हुए जीवन में प्रेम, भक्ति और विनम्रता का संद. ेश दिया।कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा स्थल पर भक्ति संगीत और झांकी के मनमोहक दर्शन ने वातावरण को कृष्णमय बना दिया।

## मदरसे का छात्र गायब, परिजन परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। डिडौली थाना क्षेत्र के सिवौरा गांव निवासी तहसीन का 15 वर्षीय बेटा मोहम्मद रिहान मंगलवार दोपहर घर से मदरसे जाने के लिए निकलाद्य लेकिन देर शाम तक मदरसे नहीं पहुंचा। इससे परिजन बेहद चिंतित हो गए।मिली जानकारी के अनुसार, रिहान क्षेत्र के मीरपुर गांव स्थित एक मदरसे में रहकर करीब ढाई वर्ष से पढ़ाई कर रहा था। कुछ दिन पहले बीमार होने पर पिता तहसीन और मां परवीन उसे घर ले आए थे। मंगलवार को स्वास्थ्य ठीक होने पर रिहान ने दोपहर मदरसे लौटने की बात कही और घर से निकल गया। शाम को जब उसकी बहन गुलफ्सा ने मदरसे के मौलाना अकबर से रिहान के पहुंचने की जानक. ारी ली, तो उन्होंने बताया कि छात्र को अभी मदरसे आने से मना किया गया था। इस पर परिवार के लोगों की चिंता बढ़ गई। परिजनों ने आसपास के इलाकों में काफी तलाश की, लेकिन छात्र का कोई सुराग नहीं मिला।आखिरकार पिता तहसीन ने अपने बेटे मोहम्मद रिहान की गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए डिडौली पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# डीआईजी ने की मिशन शक्ति अभियान की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़**। डीआईजी रेंज मेरठ कला. निधि नैथानी ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से रेंज के चार जनपदों मेरठ, बुलंदशहर, बागपत और हापुड़ के एसएसपी, एसपी और नोडल अधिकारियों के साथ मिशन शक्ति फेज 5.0 के 11 प्रारूपों पर गहन समीक्षा की। समीक्षा के दौरान डीआईजी ने महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीआईजी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पॉक्सो एक्ट के मामलों में महिला पुलिस द्वारा आवश्यकतानुसार मौके पर पहुंचकर शिकायत दर्ज की जाए। महिलाओं व बालिकाओं से संबंधित शिकायतों पर बिना विलंब के अत्यंत संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ कार्रवाई की जाए। पीड़िता को उसकी शिकायत दर्ज करने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि महिला अपराधों से संबंधित मुकदमों और शिकायतों का वरीयता के आधार पर त्वरित निस्तारण हो। इसकी नियमित मॉनिटरिंग के लिए अपर पुलिस अधीक्षक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए। जनपदीय मिशन शक्ति टीमों द्वारा प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित कर महिला सुरक्षा चक्र के हेल्पलाइन नंबरों 1090, 112, 1076, 181 का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए। जेल से रिहा अभियुक्तों का सत्यापन व निरोधात्मक कार्रवाई की जाए। नारी संरक्षण गृह और कारागारों का निरीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि पीड़ित महिलाओं व बालिकाओं के प्रति अत्यंत विनम्र, सम्मानजनक और सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार रखा जाए। गोष्ठी में बताया गया कि मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत रेंज की



जनपदीय पुलिस ने विगत 10 वर्षों में महिला सम्बन्धी अपराधों में प्रकाश में आए अपराधियों के सत्यापन हेतु विशेष अभियान चलाया गया। जिसमे मेरठ में 1676, हापुड़ में 1582, बागपत में 358 में बुलंदशहर में 268 अपराधियों कुल 3884 अपराधियों का सत्यापन किया गया है। यह विशेष अभियान महिला सुरक्षा को पुख्ता करने की दिशा में एक बड़ी और प्रभावशाली कार्रवाई है।

# एंटी रोमियो टीम ने मनचलों के खिलाफ चलाया चैकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़**। ज़िलें में एंटी रोमियो टीम ने अभियान चलाया और महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। मनचलों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से एंटी रोमियो टीम द्वारा स्कूल, पार्क और मंदिरो के बाहर अभियान चलाया गया।

महिलाओं और छात्राओं से छेड़छाड़ या फब्तियां कसने वाले मनचलों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देशन में ज़िलें के थानो की एंटी रोमियो स्क्वाड टीम बुधवार को सक्रिय दिखी। एंटी रोमियो स्क्वाड टीम ने शहर के स्कूल, पार्क और मंदिरों के बाहर अभियान चलाया। टीम ने स्कूलों में छात्राओं से बात कर उन्हें हेल्प लाइन नंबरों और अपराध से लड़ने के संबंध में जागरूक किया।

एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह द्वारा पार्क, सार्वजनिक स्थान, स्कूल, कालेज के साथ ही मिश्रित आबादी वाले इलाकों में एन्टी रोमियों टीम को भ्रमण कर मनचलों पर शिकंजा कसने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत एंटी रोमियो टीम द्वारा स्कूलों के आसपास मंडराने वाले संदिग्ध युवकों को डांट फटकार लगाई गई। पार्क और बाग-बगीचों में टहलने जाने वाली महिलाओं या युवतियों पर फब्तियां करने वाले बिगड़ैल युवक इस दौरान गायब दिखे। मनचलों में एंटी रोमियो स्क्वायड टीम की दहशत देखने को मिली।

# पथ संचलन पर पुष्पवर्षा करने वाले सपा नगर अध्यक्ष बर्खास्त

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। समाजवादी पार्टी के नगराध्यक्ष को पार्टी विरोधी गतिविधियों में भाग लेने के कारण जिलाध्यक्ष ने पदमुक्त करते हुए प्रदेशाध्यक्ष को इस बाबत सूचित किया है। चर्चा है उन्हें हाल ही में शहर में निकले राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पथ संचलन पर पुष्पवर्षा करने पर निष्काषित किया गया है। बता दें कि समा. जवादी पार्टी के नगराध्यक्ष की कमान इस समय कामिल मंसूरी के हाथों में थी। उन्हें पांच अक्टूबर को जिलाध्यक्ष मस्तराम यादव ने पार्टी विरोधी गति. विधियों में संलिप्त होने के आरा. ेप में पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया है। कामिल मंसूरी के निष्कासन के बाद बुधवार की शाम समाचार लिखे जाने तक किसी दूसरे को नगराध्यक्ष पद पर मनोनीत करने की सूचना नहीं थी। चर्चा है उन्हें हाल ही में शहर में निकले आरएसएस के पथ संचलन पर पुष्पवर्षा करने पर निष्काषित किया गया है।

# भीड़ – भाड़ वाले स्थानों पर सतर्कता बढ़ाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** मंगलवार को कोतवाली की महिला सुरक्षा विशेष दल ने नगर में अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई। इस दौरान सुरक्षा दल द्वारा महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान का संदेश दिया गया। पुलिस इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह ने कहा कि प्रदेश में बेटियों व महिलाओं की सुरक्षा व आत्मनिर्भरता के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत एंटी रोमियो स्क्वायड ने सार्वजनिक स्थलों बाजारों भीड़ – भाड़ वाले स्थानों पर सतर्कता बढ़ाई है। इस दौरान महिला उप निरीक्षक पूजा तोमर, महिला मुख्य आरक्षी प्रियंका, बबलू शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# चार महीने से नहीं मिल रहा आंगनवाड़ीयों को मानदेय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिलहरी।** विकासखंड सलारपुर क्षेत्र के ग्राम बिनावर तैनात आंगनवाड़ी कार्यकत्री सहित ब्लॉक क्षेत्र के 48 आंगनबाड़ी केदो पर तैनात आंगनवाड़ी कार्यकर्तियों को धीरे 4 महीने पूर्व से आज मानदेय नही मिल रहा है आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के मुताबिक एक दिन बाद करवा चौथ का त्यौहार है लंबे समय से मानदेय न मिलने से आंगनबाड़ियों को बीमारी बच्चों की पढ़ाई लिखाई समेत तमाम घरेलू खर्च पूरे नहीं हो पा रहे हैं मानदेय ना मिलने से करवा चौथ का पर्व भी फीका पड़ गया है आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने वताया है कि मानदेय ना मिलने से परेशान होकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने



जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया है सीडीपीओ द्वारा जून 2025 से अब तक का मानदेय रोक लिया है।

मानदेय न मिलने से सभी तीज त्यौहार फीके हो गए हैं आंगनबाड़ी अनीता सिंह ने बताया सरकार द्वारा मिले निर्देश के अनुसार हम सभी बहनों ने लाभार्थियों की केवाई सी कराने मोबाइल नंबर लगवाने के लिए घर-घर जाकर सभी लाभार्थियों को केवाईसी कराने के लिए जागरूक किया हम सभी वाहनों ने अपना कार्य 15 अगस्त 2025 तक पूरा कर लिया है अपना काम निपटाने के बाद सीडीपीओ से भी अनुरोध किया कि हम लोगों का मानदेय दे दिया जाए पर अब तक मानदेय न मिलने के कारण सभी आंगनबाड़ी बहनों के लिए परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है।

पर सीडीपीओ महोदय ने एक न सुनी इसके बाद हम वहिनों ने जिला अधिकारी सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता को लिखित प्रार्थना पत्र देकर माह जून 2025 से अब तक का मानदेय दिलाने की मांग की है। इस मौके पर मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकर्ती केंद्र बिनावर अनीताकेंद्र घटबेहटी रेनू चौहान ,केंद्र करतौली सुमन शर्मा ,केंद्र उसैता सत्यवती ,केंद्र आरफियाबाद नीरज कुमारी, केंद्र नरखेड़ महेशा कुमारी, केंद्र नादौलिया विनीत शर्मा, केंद्र रफियाबाद माधुरी देवी आदि मौजूद रही।

# योगी सरकार महिलाओं को दे रही सुरक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत तहसील बिसौली में महिलाओं से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए तहसील प्रशासन ने उनके गांव में जाकर तत्काल समस्या का नियमानुसार निस्तारण के लिए लेखपाल, राजस्व निरीक्षक का ग्रामवार रोस्टर जारी किया गया है।

जिसका निरीक्षण समय समय पर नायब तहसीलदार के द्वारा किया जाएगा। तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला ने एक वार्ता में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मिशन शक्ति 5.0 अभियान नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को नई दिशा दे रही है। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं




के साथ है, उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा, अधिकारों और कानूनी प्रावधानों से जोड़ना है, ताकि वह आत्मनिर्भर और सुरक्षित जीवन जी सके। तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला ने कहा कि योगी सरकार की इस पहल ने नारी सशक्तिकरण को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है।

# छात्रा बनी एक दिन की थाना प्रभारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** वजीरगंज थाने में R–V इंटर कॉलेज वजीरगंज की 12 कक्षा की एक छात्रा को शमिशन शक्तिश अभियान के तहत एक दिन का थाना प्रभारी बनाया गया है। छात्रा दिशा को पुलिस के विभिन्न कार्यों और महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस ने दिशा को थाना वजीरगंज का एक दिन का प्रभारी नियुक्त किया। थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शमिशन शक्तिश अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्कूल की छात्रा दिशा को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। एक दिन की एसएचओ बनी दिशा ने थाने पहुंचे फरियादियों की विभिन्न समस्याओं को सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इन समस्याओं के तत्काल समाधान के निर्देश भी दिए। इस दौरान, थाना प्रभारी जितेंद्र मार्गदर्शन के लिए मौके पर मौजूद रहे और दिशा को पुलिसिंग के पहलुओं से अवगत कराया।

# पुलिस ने महिलाओं को सुरक्षा चक्र संबंधी नियम कायदे बताएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नगर के मोहल्ला होली चौक पर मिशन शक्ति दीदी अभियान के तहत महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन एवं यातायात नियमों की जानकारी दी गई। मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने योगी सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, विधवा पेंशन,



वृद्धावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि योजना एवं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। महिला उप निरीक्षक पूजा तोमर ने वूमेन पावर लाइन 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 एवं साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 के साथ सरकार द्वारा चलाई गई महिला शक्ति योजनाओं को विस्तार पूर्वक बताया। इस दौरान महिला हेड कांस्टेबल प्रियंका, बबलू शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को किया जागरुक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** फ्यूचर लीडर्स स्कूल एवं इस्लामियां इंटर कालेज में मिशन शक्ति के तहत नारी सशक्तिकरण और महिला सुरक्षा पर केंद्रित एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन कर छात्राओं को आत्मविश्वास, सुरक्षा, स्वावलंबन और जागरूक किया गया। फ्यूचर लीडर्स स्कूल में सीओ संजीव कुमार, प्रशिक्षु गौरव उपाध्याय, एसएचओ मनोज कुमार, महिला एसआई रचना देशवाल ने कहा कि मिशन शक्ति प्रदेश सरकार की एक सशक्त पहल है, जिसका लक्ष्य महिलाओं को सामाजिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाना है। महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं से सोशल मीडिया का उपयोग सोच-समझकर करने और किसी भी प्रकार की परेशानी पर तुरंत रिपोर्ट करने की सलाह दी। डायरेक्टर वीपी सिंह ने कहा कि ऐसी पहल छात्राओं में जागरूकता और आत्मविश्वास बढ़ाने में अत्यंत सहायक हैं। इस मौके पर एमडी राहुल कुमार सिंह, प्रधानाचार्य



रविंद्र सिंह समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा। इधर, नगर के इस्लामियां इंटर कालेज में अभियोजन अधिकारी ज्योत्सना दुबे के नेतृत्व में सभा आयोजित की गई। जिसमें छात्राओं को समाज में महिलाओं पर होने वाले उत्पीड़न व छेड़खानी से बचने के लिए जागरूक किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य अंबुज वार्ष्णेय, अरुण कुमार, महिला कांस्टेबल रितु तोमर, प्रियांशी तोमर, सविता देवी, शिवांगी सागर, असफिया खान, खुशबू खान आदि मौजूद रही।

# 69 वीं जनपदीय माध्यमिक विद्यालयों की एथलेटिक्स प्रतियोगिता शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** मदन लाल इंटर कालेज बिसौली के मैदान पर तीन दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता शुरू हुई। पहले दिन 600 मीटर दौड़ में अतुल यादव आर वी इंटर कालेज वुटला प्रथम,आकाश मदन लाल इंटर कालेज बिसौली द्वितीय रहे। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक महेश चन्द गुप्ता और विशिष्ट अतिथि डॉ जय पाल सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। राजकीय कन्या इंटर कालेज बिसौली बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया, त्रिवेणी सहाय इंटर कालेज आसफपुर की प्रतिज्ञा, महक, चंचल,वीणा ने छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मनमोह लिया।मुख्य अतिथि सहित डीआई ओएस लाल जी यादव ने मार्चपास्ट की सलामी ली। उसके बाद अतिथियों ने आसमान में शांति के प्रतीक सफेद कबूतर उड़ाकर रैली के शुभारंभ की घोषणा की। मुख्य अतिथि पूर्व नगर विकास मंत्री व सदर विधायक महेश चन्द गुप्ता ने कहा कि बच्चों में कोई न कोई प्रतिभा अवश्य छिपी होती है। बशर्ते शिक्षक उसकी पहचान कर लें। खेलकूद के साथ-साथ पढ़ाई लिखाई भी बहुत जरूरी है। ये खिलाड़ी अपने जिला, मंडल और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। विशिष्ट अथिति डॉ जयपाल सिंह ने कहा कि एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करें। खेल से अनुशासन की सीख भी मिलती है। खेलों से प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा होती है। प्रतियोगिता के सीनियर बालिका वर्ग की 800 मीटर बालिका दौड़ राजकीय कन्या इंटर कालेज बदायूँ की छाया प्रथम,राजा राम इंटर कालेज बदायूँ की छात्रा आकांक्षा द्वितीय,केदार नाथ इंटर कालेज की काजल इ तृतीय रही।जूनियर बालिका वर्ग की 800 मीटर दौड़ में नन्दनी राजा राम इंटर कालेज बदायू की नेहा प्रथम,राजकीय कन्या इंटर कालेज बदायू की प्रीती द्वितीय,केदारनाथ इंटर कालेज की मुस्कान तृतीय रही।सीनियर वर्ग की गोला फेक में लबीस चौधरी मदन लाल



इंटर काले प्रथम,दीपांशु शर्मा नेहरू इंटर कालेज अलापुर द्वितीय,मोहम्मद अयान मदन लाल इंटर कालेज बिसौली तृतीय रहे। 800 मीटर सीनियर वर्ग में दीपक कुमार मदन लाल इंटर कालेज बिसौली प्रथम,विपिन कुमार पन्ना लाल इंटर सहसवान प्रथम,विनीत राधे लाल इंटर कालेज कछला तृतीय रहे।जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ लाल जी यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता का संचालन व उदबोधन वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक ओमवीर यादव ने किया।इस अवसर पर राजकीय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य गुलनवाज अहमद, अबन्तिका सिंह,आलोक पाठक,रजनीश कुमार,राजीव कुमार शर्मा डॉ घनश्याम दास ,राजकमल जी,पूर्व प्रधानाचार्य राक. ेश कुमार शर्मा प्रबन्धक अनिल कुमार पाठक,प्रबन्धक राजीव गर्ग,अजय कुमार पटेल ,देशराज सिंह यादव, जी,राम शहाय विंदु,प्रतियोगिता संयोजक करतार सिंह,सह संयोजक राजकुमार शर्मा,डॉ अमलेश गुप्ता, सत्यवीर पाल, रामवीर सिंह आदि रहे।

# महजबीन बनी एक दिन की फैजगंज की अधिशासी अधिकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** मिशन शक्ति 5.0 के तहत कक्षा 8 की छात्रा महजबीन एक दिन के लिए नगर पंचायत फैजगंज की अधिशासी अधिकारी बनी। महजबीन ने कार्यालय में बैठकर लोगों की समस्याएं सुनी और स्वच्छता कार्यक्रम में भाग लिया। नगर पंचायत फैजगंज की ईओ बनी महजबीन ने बताया कि एक दिन का ईओ बनकर उन्हें अच्छा लगा। इस मौके पर नगर पंचायत फैजगंज के अध्यक्ष इसरार खान द्वारा एक दिन की अधिशासी अधिकारी बनी कक्षा 8 की छात्रा महजबीन को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया व उपहार के रूप में गुलदस्ता भेंट किया गया। इस मौके पर कार्यालय लिपिक सुमित बाबू, मोहित कुमार गुप्ता, आमिर खान आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### श्रीराम की भव्य बारात का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** वजीरगंज में इस वर्ष भगवान श्रीराम की भव्य राम बारात का आयोजन अत्यंत धूमधाम और श्रद्धा के साथ किया गया। राम बारात का शुभारंभ लक्ष्मी नारायण मंदिर से हुआ, जहां सदर विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री श्री महेश चंद्र गुप्त ने भगवान श्रीराम का विधिवत तिलक एवं आरती कर झंडी दिखाकर बारात को रवाना किया। बारात में आस्था और संस्कृति का संगम देखने को मिला। दो दर्जन से अधिक स्वचालित झांकियों के साथ वजीरगंज का प्रसिद्ध काली अखाड़ा, उत्तराखंड से आए मोरनी नृत्य दल, चट्टी चटा और राधा-कृष्ण स्वरूप में सजे कलाकारों ने बारात की शोभा में चार चांद लगा दिए। राम भक्त हनुमान की विशाल प्रतिमा, मां काली, मां दुर्गा, भगवान शंकर सहित दर्जनों देवी-देवताओं की झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। बैंड-बाजों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु और दर्शक खुद को थिरकने से नहीं रोक सके। राम बारात की एक झलक पाने के लिए न केवल वजीरगंज कस्बे से, बल्कि आसपास के गांवों से भी भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। मार्ग में छोटे बाजार, मेन बाजार, खिन्नी मोहल्ला, धनी चौक, होली चौक होते हुए यह शोभायात्रा बड़ी बाजार पहुंची और अंत में रामलीला मैदान में सम्पन्न हुई। सुरक्षा की दृष्टि से भी आयोजन पूरी तरह से व्यवस्थित रहा। स्थानीय थाना पुलिस के जवानों के साथ-साथ पीएसी के जवान भी पूरे मार्ग पर मुस्तैदी से तैनात रहे। राम बारात ने न केवल धार्मिक आस्था को सशक्त किया, बल्कि सांस्कृतिक विरासत और भाईचारे का भी संदेश दिया। आयोजन की भव्यता और श्रद्धालुओं की भारी भागीदारी ने इसे एक ऐतिहासिक आयोजन बना दिया।

**लोकप्रिय हिंदी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं जनपद में विज्ञापन व खबरों के लिए निम्न नम्बरों पर करें सम्पर्क**

| | | | |
|---|---|---|---|
| भगवान दास | संवाददाता | बदायूं सिटी | 941101054 |
| कैलाश मिश्रा | संवाददाता | इस्लामनगर | 6 |
| धर्मेंद्र कुमार दीक्षित | संवाददाता | आसफपुर | 945821333 |
| आतिफ निसार | संवाददाता | सहसवान | 1 |
| रजीव सक्सेना | संवाददाता | उघैती | 783015507 |
| नहीम आजाद | संवाददाता | बिल्सी | 8 |
| अंकित कुमार गुप्ता | संवाददाता | रुदायन | 895418878 |
| अजीत कुमार शर्मा | संवाददाता | बदायूं सिटी | 6 |
| श्याम सिंह | संवाददाता | फैजगंजबेहटा | 976100526 |
| अनुराग मिश्रा | संवाददाता | वजीरगंज | 6 |
| बी .क़े तोमर | संवाददाता | खेड़ा नवादा | 980827151 |
| पुनीत कुमार | संवाददाता | बिसौली | 3 |


# धनुष यज्ञ की लीला का भव्य अयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** मंगलवार की रात्रि धनुष यज्ञ की लीला का भव्य एवं भक्तिमय मंचन किया गया। मंच पर प्रस्तुत संजीव अभिनय ने दर्शकों को त्रेतायुग की पवित्र झलक से भावविभोर कर दिया।

राम की भूमिका में शुभ मिश्रा, लक्ष्मण के रूप में प्रिंस पाराशरी, रावण के रूप में ज्ञानेश शंखधर, बाणासुर की भूमिका में हरिओम मिश्रा, जनक के रूप में हिमांशु मिश्रा, परशुराम के रूप में मुकेश शंखधर, सीता के रूप में उपलक्ष मिश्रा और हुड़दंग की भूमिका में जितेश मिश्रा ने अपने प्रभावशाली संवादों व जीवंत अभिनय से समूचे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मंचन के दौरान जब राम ने धनुष तोड़ा, तो पूरा मैदान जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। कलाकारों ने राधेश्याम रामायण की चौपाइयों के साथ दृश्य को इतना सजीव किया।

कि श्रद्धालुओं को लगा मानो मिथिला नगरी का वास्तविक धनुष यज्ञ उनके सामने घटित हो रहा हो। श्रद्धालु देर रात तक भक्ति-रस में डूबे रहे और भगवान श्रीरामख्रसीता के मंगल मिलन पर पुष्पवर्षा करते हुए जय श्रीराम के जयकारे से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा।

# तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण हुआ संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** हाल ही में चलाया जा रहा राहत आयुक्त उत्तर प्रदेश द्वारा प्रायोजित अग्नि आपदा प्रबंधन विषयक तीन दिवसीय जनपद स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार देर शाम संपन्न हुआ । यह प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थानीय क्षेत्रीय ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव व प्रशिक्षण अधिकारी पंकज कुमार के निर्देशन में 06 अक्टूबर से 08 अक्टूबर 2025 तक अनवरत रूप से चलाया गया जिसमें बदायूं व संभल जिले के विकास खंड बिसौली , अंबियापुर , बहजोई , पंवासा व चंदौसी क्षेत्र के



लगभग 60 प्रतिभागियों ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग लिया । इस कार्यक्रम में ग्राम्य विकास , पंचायतीराज , स्वास्थ्य विभाग , अग्नि शमन , बेसिक शिक्षा विभाग ,भूमि संरक्षण , बाल विकास परियोजना , स्वत: रोजगार आदि विभागों के अधिकारी व कर्मचारीगण शामिल हुए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक पूर्व प्राचार्य अरुण कुमार , रूपेश कुमार पटेल ने सभी प्रतिभागियों को संबंधित विषयक विस्तृत जानकारी दी । कार्यक्रम समापन के अवसर पर संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव व प्रशिक्षण अधिकारी पंकज कुमार व प्रदर्शक हरीश उपाध्याय , वीर पाल सिंह , प्रेम सागर यादव , आकाश कुमार , रामगोपाल कश्यप ने सहयोग किया। कार्यक्रम समापन की वेला पर महिला प्रतिभागी शालिनी शर्मा सहित कई अन्य प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण संस्थान की साज सज्जा व खान पान से संबंधित व्यवस्था की भूरि – भूरि प्रशंसा की ।

# दुन्दपुर में नकली खाद-बीज फैक्ट्री का हुआ भंडाफोड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** किसानों की जेब और फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले नकली खाद कारोबार का पर्दाफाश हुआ है। ग्राम दुन्दपुर में जिला कृषि अधिकारी की टीम ने मंगलवार-रात करीब 12 बजे छापेमारी कर करीब 70 लाख रुपये की नकली डीएपी, पोटाश और बीज जब्त किए।






मौके से कंपनी की खाली बोरियां, बीज पैकिंग मशीन, सिलाई मशीन और रंग मिश्रण सामग्री भी बरामद हुई। आलू की खेती में डीएपी की भारी जरूरत होती है। किसान इस समय अपने खेतों की तैयारी में जुटे हैं। सरकारी गोदामों पर डीएपी की मारामारी और कमी के कारण कई किसान खाद से वंचित रह जाते हैं। खाद माफिया इसी स्थिति का फायदा उठाते हैं और नकली डीएपी बाजार में बेचते हैं। अगले महीने से गेहूं की बुवाई शुरू होगी, जिसमें भी डीएपी प्रारंभिक खाद के रूप में जरूरी है। कृषि अधिकारी को मौके से निम्न सामग्री बरामद हुई है। IFFCO 12:32:16 के 110 खाली कट्टे ,IPL कम्पनी के 207 नए खाली M O P कट्टे , IPL M O P के 167 भरे संदेहास्पदकट्टे ,IFFCO NPK 12:32:16 के 115 खाली कट्टे , 20:20:0:13 के 135 नए खाली कट्टे ,अमोनियम सल्फेट के 124 बंद और 4 खुले बैग, गेरू रंग में रंगा M O P का एक खुला कट्टा,लगभग 5 कुंतल नकली M O P (फर्श पर खुली पड़ी) सरसों व मक्का बीज के 112 खाली पैकेट, सरसों बीज का एक खुला कट्टा,बीज पैकिंग मशीन, सिलाई मशीन और धागे,सूत्रों के अनुसार, गोदाम के अंदर कट्टों के पीछे कारीगर छिपे बैठे थे, जो नकली खाद और बीज तैयार कर रहे थे। संचालक सस्ते केमिकल और मिट्टी मिलाकर मात्र 400 प्रति बोरी में नकली डीएपी तैयार करता था। बाद में इन्हें IFFCO और IPL कंपनी की बोरियों में पैक कर 1500 में बेचकर भारी मुनाफा कमाया जाता था। सरसों और मक्का बीज भी नकली पैकिंग करके बाजार में सप्लाई किए जा रहे थे। महीनों से यह गोरखधंधा चल रहा था, लेकिन न विभाग को, न पुलिस को इसकी खबर लगी। जिला कृषि अधिकारी ने गोदाम सील कर बरामद सामग्री जब्त की। संचालक और दुकान स्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पूरे नेटवर्क और इसके अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे खाद और बीज केवल प्रमाणित विक्रेता से बिल सहित ही खरीदें। संदेह होने पर तुरंत विभाग या स्थानीय पुलिस को

# 15 जनवरी को त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावलियों का होगा अन्तिम प्रकाशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) अवनीश राय ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग उ0प्र0 लखनऊ द्वारा निर्गत अधिसूचना को संशोधित करते हुए जनपद बदायूँ में त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली का समय सारिणी के अनुसार वृहद् पुनरीक्षण का कार्य सम्पन्न किया जायेगा। 06 से 12 दिसम्बर तक दावे एवं आपत्तियाँ प्राप्त कर 13 से 19 दिसम्बर तक उनका निस्तारण होगा।

15 जनवरी 2026 को निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए अन्तिम प्रकाशन होगा।उन्होंने बताया कि किसी ग्राम पंचायत के आंशिक भाग के किसी अन्य ग्राम पंचायत अथवा नगरीय निकाय में समाहित होने की स्थिति में विलोपन एवं मतदाता सूची के प्रिन्ट करने की कार्यवाही, बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों को उनके कार्य क्षेत्र का आवंटन, उन्हें तत्सम्बन्धी जानकारी देना प्रशिक्षण तथा स्टेशनरी आदि का वितरण का कार्य किया जा चुका है। घर-घर जाकर गणना और सर्वेक्षण एवं हस्तलिखित पाण्डुलिपि आदि कार्य, ऑनलाइन आवेदन पत्रों की घर-घर जाकर जाँच आदि का कार्य हो चुका है। उन्होंने बताया कि गत 30 सितम्बर से आगामी 13 अक्टूबर, 2025 तक निर्वाचक गणना पत्रक के आधार पर परिवर्धन, संशोधन एवं विलोपन की तैयार हस्तलिखित पाण्डुलिपि सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में जमा करने की अवधि है।

14 अक्टूबर से 24 नवम्बर तक ड्राफ्ट नामावलियों की कम्प्यूटरीकृत पाण्डुलिपि तैयार करना (निर्वाचक नामावलियों के कम्प्यूटरीकरण की कार्यवाही की जाएगी)। उन्होंने बताया कि 25 नवम्बर से 04 दिसम्बर, 2025 तक निर्वाचक नामावलियों के कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र व स्थलों का क्रमांकन, मतदाता क्रमांकन मतदेय स्थलों के वार्डों की मैपिंग, मतदाता की डाउनलोडिंग फोटोप्रतियों कराने आदि का कार्य होगा, 05 दिसम्बर, 2025 को अनन्तिम मतदाता सूची के आलेख का प्रकाशन होगा। उन्होंने बताया कि 06 से 12 दिसम्बर, 2025 तक आलेख्य के रूप में प्रकाशित अनन्तिम मतदाता सूची का निरीक्षण होगा। 06 से 12 दिसम्बर, 2025 तक दावे एवं आपत्तियाँ प्राप्त करना (01 जनवरी, 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी निर्वाचकों के भी स्वीकार किये जाएगे। उन्होंने बताया कि 13 से 19 दिसम्बर तक दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण होगा।

# एक सप्ताह बाद भी शुरू नहीं हुई धान की खरीद, सूने पड़े हैं क्रय केंद्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** सरकार के आदेशों पर क्षेत्र की उप मंडी स्थल पर 16 धान खरीद क्रय केंद्र लग तो गए हैं, लेकिन किसी पर भी एक सप्ताह गुजर जाने के बाद भी धान का एक दाना भी नहीं खरीदा जा सका है।

सरकार के आदेशों पर क्षेत्र की उप मंडी स्थल पर विभिन्न एजेंसियों के 16 धान क्रय खोले गए हैं, जबकि एक धान खरीद केंद्र तहसील के गांव परसरामपुर में खोला गया है। इन धान खरीद केंद्रों पर एक अक्टूबर से खरीद शुरू होनी थी, लेकिन आज आठ दिन गुजर जाने के बाद भी एक भी किसान का धान नहीं तुल सका है। खास बात यह है कि इन केंद्रों पर कुछ किसान जरूर अपना धान सुखाते मिले।

इसके साथ ही कई क्रय केंद्रों पर न तो कोई कर्मी ही मिला और न ही कोई किसान। गौर तलब हो जहां इन सरकारी खरीद क्रय केंद्रों पर किसान अपना धान लेकर नहीं पहुंच रहे हैं, वहीं बरेली पीलीभीत हाईवे किनारे एक धर्मकांटे पर हर सुबह बिचौलियों के ट्राले बड़ी संख्या में धान लेकर यहां पहुंच रहे हैं, जिनका धान औने पौने में यहां के व्यापारी खरीद रहे हैं।

किसानों द्वारा धान न लाए जाने के बारे में क्षेत्रीय विपरण अधिकारी एसएमआई अरविन्द कुमार राठी ने बताया कि धान में खासी नमी है, जिसकी वजह से धान की खरीद शुरू नहीं हो पा रही है, उन्होंने किसानों से धान सुखा कर लाने की अपील की है।

# मकान में अवैध रूप से पड्डा काट रहे पांच युवक दबोचे

■ **1.90 कुंटल पड्डे का मांस, दो खोपड़ी रंग काला, एक इलैक्ट्रानिक कांटा, तीन छुरी व दो गडासे बरामद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** पुलिस ने नगर के एक मकान में छापा मारकर अवैध रूप से पड्डे का मांस काट रहे पांच धंधेबा. जों को गिरफ्तार किया है। मौके से पुलिस ने पड्डे का मांस और मांस काटने के उपकरण भी बरामद किये हैं। पुलिस बरामद मांस को कब्जे में लेकर थाने ले आई, और पांचों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया।

बीती चार अक्टूबर को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि नगर के मोहल्ला नूरी नगर में तस्लीम पुत्र शराफत हसैन अपने घर में अवैध तरीके से पड्डे कटवा रहा है। इसपर उ.नि. शिव कुमार मिश्र, है.कां. सरजीत सिंह, कां. संदीप कुमार, विकित सोलंकी, विशाल कुष्मार, कां. अंकित कुमार मौके पर पहुंच गए। जब पुलिस ने तस्लीम के घर दबिश दी तो वहां पांच युवक छुरी गंडासा से पड्डे का मांस काट रहे थे। इसपर पुलिस ने घेराबंदी कर पांचों युवकों को पकड़ लिया। पूछताछ में पाँचों व्यक्तियों ने मांफी मांगते हुए बताया कि वह गरीब आदमी हैं, इसलिए अपने ही घर में पड्डे कटवाकर मांस बेचकर जीवन यापन करते हैं। इसपर पुलिस ने जब पांचों युवकों से पड्डा काटने का लाइसेंस माँगा तो वह लाइसेंस भी नहीं दिखा पाये। पुलिस ने मौके से 1 कुण्टल 90 किलो पड्डे का मांस, 02 खोपडी रंग काला, 1 इलैक्ट्रानिक कांटा, 03 छुरी 02 गडासा आदि बरामद किया है।

इस मामले में पुलिस ने पकड़े गए पांचों धंधेबाजों तस्लीम पुत्र शराफत हुसैन निवासी मोहल्ला नूरी नगर कस्बा बहेड़ी व शौराब पुत्र रियासत निवासी मो. टांडा कस्बा व थाना बहेड़ी, शाकिर पुत्र मो. अली निवासी मो. शेखूपुर ताज बैकेट हाल के सामने कस्बा व थाना बहेड़ी, आमिर पुत्र रफीक निवासी मो. टांडा कस्बा व थाना बहेड़ी, नासिर पुत्र मो. अली निवासी शेखूपुर कस्बा व थाना बहेड़ी के खिलाफ अन्तर्गत धारा 325, 271 बीएनएस व 11 पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर पांचों धंधेबाजों को जेल भेज दिया।

## एक नजर

# जलजीरा बेच रहे दुकानदार की ठेले पर हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे में चल रहे रामलीला मेला में जलजीरे का ठेला लगाने वाले एक दुकानदार की अपने ठेले पर ही मौत हो गयी। सुबह जब ग्राहक उससे जल जीरा लेने आया तो इसकी जानकारी हुई। सूचना पर पहुंचे उसके परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। जिसपर पुलिस ने उसके शव का पंचनामा भर शव को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। परिजन उसके शव को लेकर घर रवाना हो गए।

जनपद पीलीभीत के जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कंजानाथ पटटी निवासी रामसेवक उम्र 51 वर्ष मेलों और बाजारों में जलजीरा का ठेला लगाकर जलजीरा बेंचते थे। इन दिनों वह कस्बे में चल रहे रामलीला मेले में जलजीरा का ठेला लगा रहे थे। वह अपने ठेले पर ही सो जाते थे। मंगलवार की रात में वह अपने ठेले पर ही सोए थे, बुधवार की भोर सुबह वह जागे और हाथ मुंह धोकर दोबारा अपने ठेले पर ही मच्छरदानी लगाकर सो गये। सुबह जब ग्राहक उनके ठेले जलजीरा लेने आया और उन्हें जगाने पर भी जब वह नहीं जागे तो उन्होंने पड़ोसी दुकानदार को इसकी जानकारी दी। जिसपर दुकानदारो ने वहां जाकर देखा तो उनकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। इसी बीच उसके परिजन भी मौके पर रोते बिलखते पहुंच गए। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। जिसपर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे परिजनों के हवाले कर दिया। परिजन शव को लेकर अपने घर चले गए। कोतवाल अरूण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मेले में एक जलजीरा बेचने वाले की मौत हो गई है, परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया है, शव को उनके परिजनों को सौंप दिया गया है।

# ग्यारहवीं शरीफ पर कहीं लंगर तो कहीं कुरानख्वानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** हजरत गौसे पाक के नाम से मंसूब ग्यारहवीं शरीफ के चल रहे इस महीने में लंगर के साथ ही नयाज नजर का का सिलसिला जारी है।

क्षेत्र के गांव बढ़ेपुरा में अपने आवास पर कुरान ख्वानी का आयोजन वार्ड 5 से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ रहे सेवानिवृत कानूनगो हाजी बशीर अहमद द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। आयोजन में शामिल होने वाले सभी लोगों का हाजी बशीर अहमद ने स्वागत कर आभार जताया। इसके साथ ही नगर में अधिवक्ता जमील अहमद अंसारी, कस्बे के प्रमुख टेलर पप्पू मास्टर, सपा के युवा नेता प्रो. राशिद अंसारी द्वारा इस ग्यारहवीं शरीफ पर लंगर लगाए, जिसमें अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के पूर्व सदर हाजी परवेज गुड्डू, तसव्वर हुसैन अंसारी, हाजी परवेज अंसारी, अधिवक्ता मो. ताहिर अंसारी, मो. उमर अंसारी, मदरसा शिक्षक संघ के अध्यक्ष कासिम अंसारी, पूर्व सभासद चौधरी अब्दुल वहीद अंसारी, डॉक्टर हाजी फारूख अंसारी, हाजी रईस अहमद अंसारी आदि ने इसमें शिर. कत की। इस मौके पर जामा मस्जिद के पेशे इमाम कारी फरियाद हुसैन, मौलाना आविद हुसैन, कारी मो. नईम ने बली अल्लाहों से मोहब्बत करने और उनके बताए रास्ते पर चलने का आवाहन किया।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

■ **हेल्पलाइन नंबरों की दीं जानकारी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नगर में चल रहे रामलीला दशहरा मेले के मंच से पुलिस और महिलाओं ने छात्राओं को जागरूक किया। पुलिस ने छात्राओं को सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं और उनके संकट के समय हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया।

बुधवार को रामलीला मंच पर मिशन शक्ति के तहत सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश, नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर पुलिस अधिकारियों, महिलाओं ने एसएसटी इंटर कॉलेज की छात्राओं को जागरूक किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ पालिकाध्यक्ष प्रेमलता राठौर और महिला चिकित्सक डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार ने किया। इस मौक पर डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार ने छात्राओं को जागरूक करते हुये कहा कि आज की नारी सशक्त नारी के रूप में पुरूषों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में कार्य कर रही है। लेकिन इसके लिये आप सब को शिक्षित होकर समाज और देश को आगे बढ़ाना है। पालिक. ाध्यक्ष प्रेमलता राठौर और विमला शुक्ला ने छात्राओं को सुरक्षा और सम्मान का पाठ पढाया। महिला उप निरीक्षक छाया सागर ने छात्राओं को किसी भी संकट के समय सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबरों 1076, 112, 1930, 101, 108, 1090, 102, 181, 1098 की जानकारी देते हुये उनका प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी विपत्ति में घबराने की जरूरत नहीं है, हर समय पुलिस आपके लिये तैयार है। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों को भगवान राम दरबार का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मेलाध्यक्ष रविन्द्रपाल सिंह गंगवार, अरविंद शुक्ला, अधिवक्ता उपेंद्र गंगवार, उपनिरीक्षक दिनकर, मौसम देवी, उपनिरीक्षक छाया सागर, गीता, सोनिया, अंजू, आशुतोष आदि लोग मौजूद रहे।

# विवाहिता के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को मिली तीन साल की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव फाजिलपुर की एक विवाहिता के साथ गांव के ठकुरी ने उस समय घर में घुसकर छेड़छाड़ की थी जब वह उसके घर के सामने लकड़ी चीर रहा था, और विवाहिता ने इसका विरोध किया था तो उसने आक्रोशित होकर घर में घुसकर उसके साथ अश्लील हरकतें की थीं।

घटना की रिपोर्ट विवाहिता की ओर से गांव के ठकुरी पुत्र कोमिल प्रसाद के खिलाफ 4 जून 2017 को थाना नवाबगंज में धारा 452, 354, 504, 506 के तहत दर्ज कराई गई थी। इस मामले में पुलिस ने जांच कर चार्जशीट मुंसिफ कोर्ट में दाखिल कर दी। जिसपर करीब 8 साल तक चली सुनवाई के बाद आज न्यायालय ने आरोपी को तीन साल की सजा के साथ ही साढ़े 6 हजार का जुर्माना लगाया है।

इस मामले में अभियोजन की ओर से नीलेश सिंह सहायक अभियोजन अधिकारी के द्वारा पैरवी की गई। न्यायिक मजिस्ट्रेट विनेश कुमार ने इस मामले में सजा और जुर्माने के आदेश पारित किए।

# आईजीआरएस पर असंतुष्ट फीडबैक को लेकर डीएम सख्त

■ **डीएम ने आठ अधिकारियों का रोका वेतन**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जनता की शिकायतों व समस्याओं का गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाना सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जन शिकायतों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संवेदनशील रहते हैं।

तत्क्रम में डीएम अविनाश सिंह ने आईजीआरएस पोर्टल पर माह सितम्बर में जनसुनवाई पोर्टल पर पाया गया कि जनपद के विभिन्न विभागीय अधिकारियों द्वारा जनसामान्य की शिकायतों के निस्तारण में अपेक्षित गुणवत्ता नहीं रखने से असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त हुआ, जिसके क्रम में डीएम द्वारा अधिशासी अभियंता (नगरीय द्वितीय/तृतीय) विद्युत, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी, उप निदेशक कृषि विभाग, उप खंड अधिकारी विद्युत फरीदपुर, बाल विकास परियोजना अधिकारी बिथरी चैनपुर, चकबंदी अधिकारी मीरगंज का वेतन रोका गया है। डीएम ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसामान्य की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारण करना सुनिश्चित करें, इस कार्य को करना प्रत्येक अधिकारी की सर्वोच्च जिम्मेदारी है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही करने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# दूधिया पर फायरिंग करके जान से मारने का किया प्रयास, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र के गांव भोलापुर में दो दूध विक्रेताओं ने गांव के ही कई लोगों पर रास्ते में घेरकर लाठी डंडों से पीटने और फायरिंग करके जान से मारने का प्रयास का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस जांच कर रही है।एक दूधिया घायल भी हो गया है।जिसे परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने अधिकारियों से बात करके रात में रिपोर्ट लिखने की बात कही है।

मिली जानकारी के मुताबिक गांव भोलापुर में चुनावी रंजिश और किसी मुकदमे में गवाही को लेकर दो पक्षों में पिछले काफी समय से विवाद चल रहा है।जिसके चलते मंगलवार और बुधवार को दूधिया पक्ष ने रास्ते में घेरकर दूसरे पक्ष पर और लाठी डंडों और फायरिंग करके जान से मारने का आरोप लगाया है। गांव भोलापुर निवासी सरनाम सिंह ने बताया मंगलवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे उनका भाई राकेश बाइक के द्वारा दूध बेचने जा रहा था।गांव के बाहर पहले से देव स्थान के पास घात लगाए बैठे करीब एक दर्जन लोगों ने रोककर लाठी डंडों से पीटा और फायरिंग करके जान से मारने की कोशिश की।हालांकि गोली उसे नहीं लगी पीटते समय जब राकेश बेसुध होने पर छोड़कर भाग गए। परिजनों ने राकेश को जिला अस्पताल भेजा है।

इसी तरह बुधवार को गांव निवासी रवि प्रकाश बाइक से दूध लेकर जा रहे थे।उनको भी सभी ने गांव के बाहर घेरकर फायर झोंक दिया।फायर की आवाज पर गांव के लोगों के ललकारने पर सभी आरोपी भाग गए।हालांकि गोली इन्हें भी नहीं लगी है, पर पुलिस जांच में फायरिंग की बात सही पाई गई है। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया गांव में चुनावी रंजिश को लेकर और एक मुकदमे में गवाही देने के चलते गांव के दोनो पक्ष बार बार आमने सामने आ रहे है।गोली नहीं लगी है।लेकिन फायरिंग की बात जांच में सही पाई गई है।अधिकारियों से बात करके रात में सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।

# सीडीओ ने सांकेतिक रूप से एक दिन के लिए सौंपी दो छात्राओं को अपनी कुर्सी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**




**बरेली।** बेटियों को सशक्तिकरण का संदेश देने के लिए बुधवार को विकास भवन में मिशन शक्ति (फेज 05) अभियान के अंतर्गत 02 मेधावी छात्राओं को सांकेतिक रूप से एक दिन के लिए सीडीओ की जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर सर्वोदय जन कल्याण इंटर कॉलेज भमोरा की इंटरमीडिएट की छात्रा डिम्पल मौर्य और तूबा खान को सीडीओ देवयानी द्वारा आज अपनी कुर्सी सौंपी गई।

**सीडीओ ने दोनों छात्राओं को विकास विभाग के विभागों और विकास कार्यों के बारे में समझाया**

सीडीओ की कुर्सी पर बैठकर डिंपल मौर्य ने कहा कि आज वह गौरवान्वित महसूस कर रही हैं। इसके साथ की दोनों छात्राओं ने सीडीओ के दायित्वों को भी बारीकी से समझा। दोनों छात्राओं ने सीडीओ देवयानी से आगे की पढ़ाई के बारे में भी विस्तार से जानकारी हासिल की। छात्राओं से बात करते हुए सीडीओ देवयानी ने कहा कि एक दिन के सांकेतिक अधिकारी बनाने का मकसद छात्राओं को प्रशासनिक विभागों के बारे में जानकारी मुहैया कराने के साथ-साथ उनके मन में भी इस भावना को जगाना है कि भविष्य में सशक्त बनकर छात्राएं लोगों की सेवा कर सकती हैं। उन्होंने छात्राओं को पढ़ाई के साथ साथ पाठ्येतर गतिविधियों पर भी ध्यान देने की बात कही। सीडीओ ने दोनों छात्राओं को विकास विभाग के अंतर्गत आने वाले विभागों और विकास कार्यों के बारे में भी बताया। इसके साथ ही जिला विकास अधिकारी ने भी सर्वोदय जन कल्याण इंटर कॉलेज भमोरा की ग्यारहवीं की छात्रा कोमल और भरत जी सरस्वती इंटर कॉलेज आंवला की ग्यारहवीं की छात्रा प्रशंसा पाराशरी को भी सांकेतिक रूप से एक दिन को जिला विकास अधिकारी की कुर्सी सौंपी, और छात्राओं को जिला विकास अधिकारी के अंतर्गत आने वाले कार्यों के बारे में जानकारी दी।

# वाल्मीकि जयंती पर निकली विशाल शोभा यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहेड़ी।** भगवान वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान वाल्मीकि जी की झांकी के साथ-साथ लव कुश, राधा कृष्ण, शंकर पार्वती और अन्य धार्मिक प्रतीकों को भी शामिल किया गया था।

शोभा यात्रा होली चौराहा से शुरू होकर माथुर रोड, रामलीला, नैनीताल रोड, पंजाबी कॉलोनी और धोबी तालाब होते हुए पीपल तिराहा पर समाप्त हुई। शोभा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए, और जगह-जगह पर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर सचिन वाल्मीकि, सनी ऋषिवाल, सियाराम, छोटे लाल और अभिषेक आदि प्रमुख लोग मौजूद थे। शोभा यात्रा में कमल बैंड, तारा बैंड और पंजाब बैंड ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। भगवान वाल्मीकि जयंती एक महत्वपूर्ण धार्मिक अवसर है, जो भगवान वाल्मीकि के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को समाज में सामाजिक समरसता और सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए भी मनाया जाता है।

# डीएम ने 69वीं जनपदीय विद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता का किया उद्घाटन

■ **खेल को हार-जीत की भावना से ऊपर उठकर खेलना चाहिए: डीएम**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जनपद में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से आयोजित 69वीं जनपदीय विद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आज शुभारंभ हुआ। डीएम अविनाश सिंह ने स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय (08, 09 व 10 अक्टूबर 2025) प्रतियोगिता का उद्घाटन दीप प्रज्वलन, मशाल जलाकर तथा कबूतर और गुब्बारे उड़ाकर किया। इस अवसर पर डीएम द्वारा खिलाड़ियों के मार्च पास की शलामी ली गयी।

इस अवसर पर डीएम ने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल छात्रों की खेल प्रतिभा निखरती है, बल्कि उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का भी विकास होता है। उन्होंने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल को हार-जीत की भावना से ऊपर उठकर खेलना चाहिए और पूरे मनोयोग से प्रदर्शन करना चाहिए।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में 800 मीटर दौड़, लम्बी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, भाला फेंक, डिस्कस थ्रो सहित विभिन्न एथलेटिक्स स्पर्धाएं आयोजित की गयी। उद्घाटन समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर डीएम को जिला विद्यालय निरीक्षक ने स्मृति चिन्ह भेंट किया। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जनपदीय विद्यालयी प्रतियोगिता अण्डर-14, अण्डर-17 तथा नया अण्डर-19 (बालक एवं बालिका) कुल तीन वर्गों में आयोजित की जा रही है, जिसमें पूरे बरेली जनपद को नौ जोन में बाँटा गया है। बालक एवं बालि. काएं अपने-अपने जोन से चयनित होकर इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने आए हैं। इसके अन्तर्गत सभी प्रकार की रेस, कूद व क्षेपण प्रतियोगिताओं में सभी जोन से लगभग 500 बालक एवं बालिकाएं प्रतिभाग किया जाएगा। इस अवसर पर सभी खिलाड़ियों को शपथ दिलायी गयी कि 69 वीं जनपदीय विद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सभी अधिकृत नियमों का पालन करते हुए खेल भावना के साथ प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम में संयुक्त शिक्षा निदेशक राकेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक अजीत कुमार, गुरु गोविन्द इण्टर कॉलेज की प्रधानाचार्य अरविन्द्र कौर, विभिन्न विद्यालयों के बालक एवं बालिकाएं सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बरेली बवाल: तौकीर ने 28 साल पहले बदायूं में उधार ली पांच हजार की खाद ब्याज बना 28 हजार, अब होगी वसूली



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मौलाना तौकीर रजा के खिलाफ अब बदायूं जिले में एक मामला सामने आया है। उन्होंने साधन सहकारी समिति करतौली से पांच हजार रुपये की खाद ली थी। जिसकी रकम जमा नहीं की। ब्याज सहित कुल बकाया 28,346 रुपये हो गया है। अब बैंक ने वसूलने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

शहर में बवाल कराने के आरा. ेपी मौलाना तौकीर रजा की मुश्किलें और बढ़ सकतीं हैं। मूल रूप से जिला बदायूं के गांव करतौली निवासी तौकीर रजा ने वर्ष 1997 में साधन सहकारी समिति करतौली से पांच हजार रुपये की खाद ली थी। मौलाना ने न तो मूल रकम जमा की और न ब्याज अदा किया। अब बैंक ने ब्याज वसूलने की कार्रवाई शुरू कर दी है। 26 सितंबर को बरेली में बवाल किया गया था। मामले में दस मुकदमे दर्ज किए गए। जांच के दौरान सामने आया है कि बिनावर थाना क्षेत्र के करतौली गांव के मूल निवासी रहे मौलाना तौकीर रजा ने साल 1997 में बैंक से 5055.60 रुपये की खाद ली थी। इस रकम को ब्याज के साथ वापस नहीं किया गया। अब इस पर ब्याज सहित कुल 28,346 रुपये का बकाया हो गया है। तौकीर रजा का मामला देश भर में चर्चा का विषय बना तो बैंक को भी अपनी रकम वसूली की याद आ गई।

**राजनीति में चमका तौकीर तो नहीं हो सकी वसूली**

बैंक की ओर से तौकीर को कई नोटिस भेजे गए थे। हालांकि, इस दौरान बरेली में तौकीर राजनीति में बड़ा चेहरा बन गया। इस कारण उस पर कार्रवाई नहीं हो सकी। बरेली बवाल के बाद तौकीर की गिरफ्तारी होने के बाद उससे जुड़े रिकॉर्ड खंगाले गए। इसी दौरान बैंक लोन के बकाये का यह मामला सामने आया। जिला सहक. ारी बैंक के चेयरमैन जितेंद्र कुमार सक्सेना ने बताया कि तौकीर रजा पर बकाया राशि निकली है। बैंक अपने स्तर से कार्रवाई करेगा।

# अध्यक्ष राज्य महिला आयोग ने लाभार्थियों से किया शक्ति संवाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अन्तर्गत महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से शक्ति संवाद कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को अध्यक्ष उ.प्र. राज्य महिला आयोग डा. बबीता सिंह चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में किया।

कार्यक्रम में अध्यक्ष उ.प्र. राज्य महिला आयोग ने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड/सामान्य), मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना के लाभार्थियों से संवाद किया व संबधित योजनाओं के लाभर्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किये। इसके साथ ही सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित होने के उपरान्त जीवन में क्या बदलाव आया है, के विषय में भी चर्चा की। जिसमें बालिकाओं द्वारा बताया गया कि उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड/सामान्य) योजना से लाभान्वित होने से उनकी शिक्षा बेहतर हुई है। शिक्षा के क्षेत्र में योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से हमारी स्कूल की फीस एवं किताबें आसानी से प्राप्त हो जाती है, जिससे उनकी शिक्षा सतत चल रही है। मिशन शक्ति कार्ययोजना के अन्तर्गत जिला अस्पताल में कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। अध्यक्ष द्वारा कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत नवजात 10 बालिकाओं को बेबी किट, मिष्ठान का वितरण किया गया। उन्होंने बालिकाओं के माता-पिता से वार्ता की कर उनके स्वास्थ्य के बारे में भी जानकारी ली। उक्त के उपरांत अध्यक्ष उ.प्र. राज्य महिला आयोग ने जिला कारागार की महिला बैरक का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय महिला बन्दियों से वार्ता कर कारागार में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानक. ारी ली गयी। इसके अतिरिक्त अध्यक्ष द्वारा कारागार में निरुद्ध महिला बन्दियों से अनुरोध किया गया कि वह यहां से निकल. कर अपने परिवार एवं समाज में अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में सदस्य उ.प्र. राज्य महिला आयोग पुष्पा पाण्डेय, उपजिलाधिकारी नवाबगंज निधि शर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा, जिला सूचना अधिकारी नीतू कनौजिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, बाल विकास परियोजना अधिकारी विमला केन्द्र प्रशासक वन स्टॉप सेंटर चंचल गंगवार सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# चार दिन से लापता अधेड़ का मिला शव

## जली हुई अवस्था में शव देख लोगों में दहशत, मौके पर पहुंचे सीओ ने की जांच

■ परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस ने कराया शव का पोस्टमार्टम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** रविवार सुबह लापता हुए अधेड़ का शव बुधवार सुबह तहसील रोड़ स्थित रजवाहें की पटरी पर स्थित निर्माणाधीन मकान में जली हुई हालत में पड़ा हुआ मिला।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतक के परिजनों ने इस मामले में हत्या की आशंका जताई है, पुलिस मामले की जानकारी में जुटी हुई है। सरधना नगर के गोमतीनगर मोहल्ला निवासी जमील पुत्र



हफीज उम्र करीब 40 वर्ष राजमिस्त्री का काम करता था। जो रविवार सुबह घर से टहलने के लिए कहकर निकला था, लेकिन शाम तक घर नही पहुंच सका था। जमील के पुत्र नौशाद ने इस मामले में थाने पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई थी, लेकिन 3 दिन तक जमील का कोई सुराग हाथ नही लग सका था। बुधवार सुबह तहसील रोड स्थित रजवाहें के पास निर्माणधीन मकान में एक शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को मिली, मौके पर पहुंचे सीओ आशुतोष कुमार व थाना प्रभारी अखिलेश मिश्र मय फोर्स के साथ छानबीन में जुट गए। शव पूरी तरह से जली हुई अवस्था में पड़ा हुआ था, जो देखने में हत्या के बाद जलाने का मामला नजर आ रहा था। मौके पर पहुंचे परिजनों ने जमील की शिनाख्त उसकी चप्पलों व कपड़ों से की। परिजनों का कहना था कि जमील की हत्या करने के बाद शव की शिनाखत मिटाने के लिए चेहरा जलाया गया। पुलिस ने शव का पंचमाना भरते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया, पुलिस इस मामले की छानबीन में जुट गई है देर शाम एसपी देहात अभिजीत कुमार ने घटनास्थल को दौरा करते हुए मामले की जानकारी जुटाई। जमील का शव मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। इस संबंध में सीओ आशुतोष कुमार का कहना है कि शव बुरी तरह से सड़ी हुई थी, जिसके बारे में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## भावनपुर पुलिस ने तमंचे के साथ एक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मेरठ।** थाना भावनपुर क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। अभियान के दौरान ग्राम पचपेडा से ज्ञानपुर जाने वाले मार्ग पर एक युवक को अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए युवक की पहचान महताब पुत्र मूसा निवासी ग्राम पचपेडा, के रूप में हुई है, पुलिस ने उसके कब्जे से 315 बोर का तमंचा और कारतूस बरामद किया है। अधिकारियों के अनुसार, ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत क्षेत्र में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

## एक दिन की सीओ बनी परी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को थाना सदर बाजार के प्रांगण स्थित सीओ क्षेत्राधिकारी कार्यालय में सनातन धर्म कन्या इंटर कॉलेज सदर मेरठ की 12वीं कक्षा की छात्रा परी को एक दिन की सीओ क्षेत्राधिकारी के पद पर नियुक्ति किया गया।

जिसमें फरियादियों की सुनवाई को क्षेत्राधिकारी बनी परी ने सुनवाई की एवं समस्या का समाधान करने को कहा। इस मौके पर स्कूल की ओर से सीमा आचार्य एवं भावना सिंह शिक्षिकायें मौजूद रही। परी ने बताया कि सीओ बनने पर उन्हे बहुत खुशी मिली है और उन्होंने जनता की समस्या भी सुनीं इससे उन्हे पता चला है कि अधिकारी जो सीट पर बैठकर लोगों की समस्या सुनते है उन पर बड़ी जिम्मेदारी रहती है।

# 15 अक्टूबर को सरधना के वार्ड 15 में होगा उप चुनाव

## कई प्रत्याशी मैदान में, वर्तमान सभासद की पत्नी सलमा सितारा के नाम का दिखा शोर

■ चेयरमैन बनने का ख्वाब देखने वाले अब मेंबरी में उतरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर पालिका परिषद सरधना से वार्ड नंबर 15 में हो रहें उपचुनाव में तीन प्रत्याशी मैदान में हैं यहां पर एक प्रत्याशी ऐसे भी हैं जो सरधना नगर पालिका के अध्यक्ष बनने का ख्वाब देखते रहे, लेकिन उन्हें मायूसी हाथ लगी और मायूसी इतनी हाथ लगी कि अब वह एक वार्ड मेंबर का चुनाव लड़ने पर मजबूर हो गए है। यहां पर तीन प्रत्याशियों में से एक प्रत्याशी सलमा सितारा है जिसके नाम का शोर क्षेत्र में दिखाई दे रहा है।

गौरतलब है कि वार्ड नंबर 15 जोगियान में सभासद के आकस्मिक निधन के बाद सीट खाली हो गई थी। जिस पर उपचुनाव के लिए 15 अक्टूबर को वोट डाली जानी है। इस सीट पर वार्ड नंबर 13 से वर्तमान सभासद शहजाद सितारा की पत्नी सलमा सितारा, पूर्व सभासद तराबुदीन अंसारी की पत्नी सायरा व मंजू सैनी चुनाव मैदान में है। इस सीट पर करीब 2200 मतदाता है, जो चुनाव में वोट डालेंगे। वार्ड नंबर 15 का बुधवार को शाह टाइम्स की टीम ने राम तलैया मंदिर के तिराहे पर पहुंचकर जनता संवाद किया- जहां पर मतदाताओं ने अपनी पसंद और वार्ड में चुनाव लड़ रहे हैं प्रत्याशियों की हकीकत को बयां किया और कौन जीतेगा इसको लेकर भी अपनी बात रखी। वार्ड के कुछ लोगों का दावा कि सलमा सितारा के पति ने दूसरे वार्ड में भी भरपूर कार्य किए है। अन्य प्रत्याशी वादें करके जीत जातें है, लेकिन चुनाव बाद गायब हो जाते है, लोगों के दावे से सलमा सितारा की जीत एक तरफा नजर आ रही है।

### चेयरमैन बनने वाले सभासद पद पर उतर आएं

उपचुनाव मैदान में उतरे तराबुदीन अंसारी पूर्व में 2006 से लेकर 2012 तक वार्ड सभासद रह चुके है, और 2012 में खुद चेयरमैन प्रत्याशी के लिए चुनाव लड़े थे, मगर 700 वोटों तक ही सीमित रह रहें थे। 2023 के चुनाव में भी उन्होंने अपने भतीजे आफताब अंसारी को चुनाव लड़वाया, लेकिन बिरादरी का समर्थन मिलने के बाद भी 4200 वोट पर आकर टिक गए। वार्ड वासियों का कहना है कि जो शख्स घर में चेयरमैनी आने का ख्वाब देख रहा है, और सिर्फ सभासद बनने की जुगत में लगा है। इससे यह साबित होता है उनका नगर में ग्राफ गिरा चुका है। और वह नगर में अपना रूतबा कायम करने की जुगत में लगे हैं। हालात यह है कि उपचुनाव में उनकी हालाल खस्ता नजर आ रही, बताया गया है इस वार्ड में 'सीधा मुकाबला सलमा सितारा-मंजू सैनी के बीच देखने को मिल सकता है।

## डिजिटल भुगतान वॉल्यूम एफवाई 25 में 35 प्रतिशत बढ़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शहरी भारत में डिजिटल भुगतान वॉल्यूम एफवाई25 में 35 प्रतिशत वृद्धि हुई, जिसका नेतृत्व महिलाओं, युवा पेशेवरों और छोटे शहरों के उपभोक्ताओं ने किया है, जो डिजिटल भुगतान के नए तरीकों को अपना रहे हैं। यह जानकारी आज केरनी इंडिया और अमेजन पे द्वारा जारी हाऊ अर्बन इंडिया पे 2025 रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट इस पर प्रकाश डालती है कि आकांक्षी खरीदार अब डिजिटल लेनदेन को विभिन्न खर्च श्रेणियों में फैला रहे हैं, जहां डिजिटल तरीकों को अब केवल उच्च मूल्य वाले खरीद जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स और परिधान के लिए ही नहीं बल्कि नियमित श्रेणियों जैसे उपयोगिता बिल के लिए भी प्राथमिकता दी जा रही है।

## राष्ट्रीय लोकदल का सदस्यता अभियान जोरों पर

■ सदस्यता प्रभारी रणबीर दहिया ने क्षेत्र में घूमकर कई गांवों का किया भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिवालखास।** मेरठ के सिवाल खास क्षेत्र में राष्ट्रीय लोकदल का सदस्यता अभियान जोरों पर है। सिवालखास सदस्यता प्रभारी रणबीर दहिया ने गांव डालमपुर व जिटोला व लोहरगढ़ में सदस्यता अभियान चलाया। इस दौरान गांव-गांव घूम कर रणबीर दहिया ने नए सदस्य बनाएं और लोकदल को मजबूत बनाने की अपील की। ग्राम जाटोली में प्रधान मंगल सैनी के निवास पर एक मीटिंग आयोजित थी जिसकी अध्यक्षता डॉ. देवेंद्र गौतम ने की। वहीं ग्राम लोहरगढ़ में भी एक मीटिंग आयोजित हुई जिसमें रणबीर ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल सभी वर्ग की



पार्टी है और सभी वर्ग को साथ लेकर चल रही है। सदस्यता अभियान में डॉ. सुशील कुमार प्रदेश महासचिव, सचिन चौधरी आदि मौजूद रहे।

# भीषण जाम खुलवाने सड़क पर उतरे सीओ मवाना

## रोजाना की तरह बुधवार को मवाना में मेन रोड पर लगा रहा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** आए दिन जाम से जूझता मवाना। रोजाना की तरह बुधवार दोपहर मेन रोड पर भीषण जाम लगा और पुलिसकर्मी नदारद मिले। जाम खुलवाने को सीओ मवाना पंकज लवानिया को कमान संभालनी पड़ी। सीओ ने इंस्पेक्टर मवाना की फोन पर ही क्लास लगा दी। सीओ द्वारा जाम खुलवाने के बाद यातायात व्यवस्था में सुधार देखने को मिला। बुधवार दोपहर नगर की मेन रोड पर भीषण जाम लग गया। वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई और बाइक सवारों को भी निकलने की जगह नहीं मिली। थाना मवाना से लेकर पुलिस चौकी बस स्टैंड तक जाम की स्थिति बन गई। सीओ मवाना पंकज लवानिया भी जाम में फंस गए तो उन्होंने जाम खुलवाने के लिए खुद ही कमान संभाल ली। उन्होंने इंस्पेक्टर मवाना को फोन कर कहा कि पुलिसकर्मी कहां हैं, यहां सड़क पर भयंकर जाम लगा है। सीओ मवाना काफी देर सड़क पर डटे रहे और वाहनों को पास कराया। उसके बाद थाने से पुलिसकर्मी दौड़े और जाम खुलवाया। उसके बाद शाम तक यातायात व्यवस्था सही रही। सीओ मवाना ने कहा कि जाम की समस्या से निपटने के लिए अतिक्रमण को हटाया जाएगा।




## न्यूरो और स्पाइन सर्जरी ओपीडी सेवाएं शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को न्यूरो और स्पाइन सर्जरी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। इन ओपीडी सेवाओं का शुभारंभ न्यूरोसर्जरी और स्पाइन सर्जरी विभाग के सीनियर डायरेक्टर एवं हेड डॉ. गौरव बंसल ने किया। डॉ. गौरव प्रत्येक महीने के दूसरे और चौथे बुधवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक मैक्स मेडसेंटर में मरीजों की प्राथमिक कंसल्टेशन और फॉलोअप के लिए उपलब्ध रहेंगे। इस अवसर पर डॉ. गौरव बंसल ने कहा कि हमारा उद्देश्य मरीजों को मिनिमली इनवेसिव और हाई प्रिसिशन सर्जिकल तकनीकों के माध्यम से सुरक्षित और प्रभावी इलाज प्रदान करना है, जिससे उनकी रिकवरी तेज और परिणाम बेहतर हों।

# सब एरिया के PUPSA ऑफिसर मेस में मनाया गया वायुसेना दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सब एरिया के तत्वावधान में PUPSA ऑफिसर मेस में वायुसेना दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मेजर जनरल सुमित राणा, जनरल ऑफिसर कमांडिग, सब एरिया तथा मेजर जनरल, लक्ष्मीकांत मदरेवार, कमांडेंट आरवीसी सेंटर एंड कॉलेज ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और सभी सेवारत एवं भूतपूर्व वायु योद्धाओं को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का आयोजन वायुसेना के पूर्व सैनिकों के परिवारों द्वारा किया गया।

जिसमें ऑपरेशन सिंदूर की सफलता तथा भारतीय वायुसेना की वीरता और सामर्थ्य पर आधारित एक प्रेरणादायक फिल्म प्रदर्शित की गई। इस आयोजन का समन्वय विंग कमांडर राजीव लोचन, स्क्वाड्रन लीडर अनिल गुप्ता एवं स्क्वाड्रन लीडर क्षितिज कुमार द्वारा किया गया,



जिन्होंने इस कार्यक्रम को अविस्मरणीय बनाने में विशेष भूमिका निभाई। भूतपूर्व सैनिक समुदाय का प्रतिनिधित्व कैप्टन (आई.एन) राकेश शुक्ला (से.नि), जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, मेरठ ने किया। उन्होंने सभी वेटरन्स की ओर से शुभकामनाएं प्रेषित की। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब वायु योद्धा समुदाय ने सब एरिया में वायुसेना दिवस का आयोजन किया जो सेवारत एवं भूतपूर्व सैनिकों के बीच अटूट बंधन और पारस्परिक सम्मान का प्रतीक है।

## सर्विलांस सेल ने 217 गुमशुदा मोबाइल बरामद कर लोगों को सौंपे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एसएसपी डॉ. विपिन ताडा के निर्देश पर नागरिकों के खोये हुए मोबाइल फोन बरामद किये गये है। सर्विलांस सेल ने कुल 217 मल्टीमीडिया मोबाइल फोन ट्रेस कर तथा अन्य जनपदों से बरामद किये गये, जिन्हें एसएसपी ने बुधवार को उनके वास्तविक मोबाइल धारकों को प्रदान किये। अपने खोये हुए मोबाईल फोन को प्राप्त कर नागरिकों द्वारा एसएसपी, पुलिस अधीक्षक अपराध व सर्विलांस सेल एवं जनपदीय पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी। 217 मोबाइल फोन कि कीमत लगभग 38 लाख रूपये बताई जा रही है।

# किठौर से बसों में सवार होकर रैली के लिए रवाना हुए कार्यकर्ता

■ कांशीराम परिनिर्वाण दिवस: बसपा लखनऊ में करेगी शक्ति प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के संस्थापक कांशीराम का 19वां परिनिर्वाण दिवस गुरुवार, 9 अक्टूबर को लखनऊ में मनाया जाएगा। इस अवसर पर बसपा कांशीराम स्मारक स्थल पर एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित कर रही है, जिसमें लाखों की संख्या में कार्यकर्ताओं के जुटने की उम्मीद है।

पार्टी इस आयोजन के माध्यम से अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने और कार्यकर्ताओं में नया उत्साह भरने की तैयारी में है। यह आयोजन ऐसे समय में हो रहा है जब बसपा, जो उत्तर प्रदेश सहित देश की राजनीति में हाशिए पर मानी जा रही थी, एक बार फिर सक्रिय होने की कोशिश कर रही है। इस दिन बसपा सुप्रीमो मायावती लंबे समय बाद एक बड़े सार्वजनिक मंच से अपनी सक्रिय वापसी का संदेश




देंगी। साथ ही, पार्टी के युवा चेहरे आकाश आनंद की भी री-लॉन्चिंग की जाएगी। पार्टी का लक्ष्य इस भीड़ के सहारे मिशन-2027 का बिगुल बजाना है। इसी क्रम में, विभिन्न जनपदों से पार्टी पदाधिकारी बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को बसों में सवार होकर लखनऊ रैली के लिए रवाना कर रहे हैं। मेरठ जनपद के कस्बा किठौर से बसपा के वरिष्ठ नेता मुनकाद अली के पुत्र और चेयरमैन सलमान मुनकाद ने भी कार्यकर्ताओं से भरी बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सलमान मुनकाद ने बताया कि कार्यकर्ता 8 अक्टूबर से ही लखनऊ के रमाबाई मैदान में पहुंचना शुरू कर रहे हैं। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कार्यकर्ता जाम में न फंसें और समय पर रैली में शामिल हो सकें।

## वाल्मीकि शोभायात्रा निकाली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भगवान वाल्मीकि जयंती के अवसर पर एक भव्य शोभा यात्रा सूरजकुंड वाल्मीकि बस्ती से निकाली गई। जिसका उद्घाटन नगर आयुक्त सौरभ गंग. वार ने किया। समारोह के मुख्य अतिथि महापौर हरिकांत अहलूवा. लिया ने पूजा अर्चना की। शोभा यात्रा में कैंट विधायक अमित अग्रवाल, भाजपा नेता कमलदत्त शर्मा, महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी मौजूद रहे। यात्रा को सफल बनाने में कैलाश चंदोला, रोहित बालाजी, सुरेंद्र ढींगिया, शिव कुमार नाज, देवानंद चौधरी, भारती, संदीप वेद, अनिल जीनवाल, विजेंद्र लोहरे आदि लोगों का मुख्य योगदान रहा।

### विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति

# निजीकरण की प्रक्रिया हुई तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** निजीकरण की प्रक्रिया तेज होते देख संघर्ष समिति ने नियामक आयोग के अध्यक्ष को पत्र लिखकर वार्ता हेतु समय देने की मांग की। संघर्ष समिति का पक्ष सुने बिना आरएफपी डॉक्यूमेंट पर निर्णय लिया गया तो नियामक आयोग मुख्यालय पर मौन विरोध प्रदर्शन होगा।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने निजीकरण की प्रक्रिया तेज होते देख विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार को एक पत्र भेजकर मांग की है कि वह पावर कारपोरेशन द्वारा दिये गए आरएफपी डॉक्यूमेंट पर विद्युत नियामक आयोग द्वारा लगाई गई आपत्तियों पर पावर कॉरपोरेशन का जवाब सुनने के पहले विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश को अपना पक्ष रखने के लिए समय दें। संघर्ष समिति ने पत्र में चेता. वनी दी है कि यदि विद्युत नियामक आयोग से बार-बार अनुरोध करने के बावजूद भी संघर्ष समिति के प्रति. निधि मंडल को समय न दिया तो विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उ.प्र के आह्वान पर सैकड़ों बिजली कर्मी विद्युत नियामक आयोग के मुख्यालय पर मौन प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी नियामक आयोग के अध्यक्ष की होगी।

पत्र में कहा गया है कि समाचार पत्रों के माध्यम से यह विदित हुआ है कि विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष ने ऊर्जा मंत्री, प्रमुख सचिव ऊर्जा और पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष से पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम केआरएफपी डॉक्यूमेंट पर नियामक आयोग द्वारा लगाई गई आपत्तियों के संबंध में अलग से चर्चा की है। चर्चा यह भी है कि इस बैठक में यह तय हो गया है कि पावर कार्पोरेशन प्रबंधन द्वारा आपत्तियों पर दिए जाने वाले जवाब पर विद्युत नियामक आयोग ने अपनी सहमति दे दी है जिसके बाद निजीकरण का रास्ता प्रशस्त हो जाएगा। संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने कहा कि यदि यह सही है तो यह बहुत ही गंभीर बात है कि सरकार, प्रबंधन और विद्युत नियामक आयोग के बीच निजीकरण को लेकर मिलीभगत हो गई है। यह केवल निजी घरानों के हाथ बेचने की साजिश है।

# परीक्षा के संबंध में दिए गए निर्देशों का किया जाए अक्षरश: अनुपालन: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस प्रेक्षागृह में जिलाधिकारी डा. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारंभिक) तथा सहायक वन संरक्षकध्क्षेत्रीय अधिकारी वन सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2025 के लिए लगाये गये सैक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा केन्द्र व्यवस्थापक के साथ बैठक आहूत गई। जिला. धिकारी ने परीक्षा को नकलविहीन, शांतिपूर्ण संपन्न कराये जाने हेतु सभी सैक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केन्द्र व्यवस्थापक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होने अपर जिलाधिकारी नगर को निर्देशित करते हुये कहा कि परीक्षा से संबंधित समस्त तैयारी समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होने केन्द्र व्यवस्थापको को निर्देशित किया कि परीक्षा केन्द्रो में पीने का पानी, प्रकाश, जेनरेटर का बैकअप आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये कि निर्देशिका का अच्छी प्रकार से अध्ययन कर अक्षरश: शत-प्रतिशत अनुपालन



सुनिश्चित करे। परीक्षा कक्ष में लगे सभी इंवीजिलेटर को ठीक से प्रशिक्षण दिया जाये। परीक्षा की संवेदनशीलता, सुचिता और पारदर्शिता को बनाये रखते हुये परीक्षा को सकुशल संपन्न कराये। किसी भी स्तर पर परीक्षा के साथ लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र पर सभी कर्मी आईकार्ड के साथ रहेंगे।

एसएसपी विपिन ताडा ने ड्यूटी में लगे सभी पुलिस अधिकारियो को परीक्षा से पूर्व परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र के अंदर वाहन न खड़ा हो। परीक्षा से पूर्व व परीक्षा के उपरान्त जाम की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए ट्रैफिक पुलिस विशेष सर्तकता बरते। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहेगा। यह भी सुनिश्चित किया जाये कि कोई भी अवांछित व्यक्ति परीक्षा केन्द्र पर न रहे। उन्होंने बताया कि जनपद में सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारंभिक) तथा सहायक वन संरक्षकध्क्षेत्रीय अधिकारी वन सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2025 12 अक्टूबर 2025 को दो पालियों में संपन्न कराई जायेगी। प्रथम पाली की परीक्षा 09.30 बजे से 11.30 तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा 02.30 बजे से 04.30 बजे तक होगी। परीक्षा केन्द्रो व कक्षों में सीसीटीवी कैमरे लगे होंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा निष्पक्ष व निर्विवादित रूप से सम्पन्न होनी चाहिए। परीक्षा के दौरान मोबाइल, कैलकुलेटर, हाथ घडी, ब्लूटूथ डिवाईस जैसी प्रतिबंधित वस्तुओ पर पूर्णत: प्रतिबंध रहेगा। उन्होने निर्देशित किया कि तैनात स्टेटिक मजिस्ट्रेट अपने परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारंभ होने से परीक्षा समाप्ति तक उपस्थित रहकर नकलविहीन एवं पारदर्शी परीक्षा आयोग के दिशा-निर्देशानुसार संपन्न करायेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन ताडा, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह एसपी देहात अभिजीत कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी, सैक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक आदि उपस्थित रहे।

# आजम के दर पर पहुंचे अखिलेश यादव






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सपा मुखिया अखिलेश यादव आज आजम खान से मिलने उनके घर पहुंचे तय कार्यक्रम के तहत अखिलेश यादव का हेलीकॉप्टर आज लगभग 1:00 बजे जौहर यूनिवर्सिटी उतरा यूनिवर्सिटी में आजम खान ने अखिलेश यादव का स्वागत किया इसके बाद आजम खान अखिलेश यादव एक गाड़ी में बैठकर आजम खान के घर पहुंचे जहां लगभग 2 घंटे तक आजम और अखिलेश की मुलाकात चली इसके बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए अखिलेश यादव कहा कि पुराने लोग पुराने समाजवादी जो नेताजी के साथ के हैं और जो नेता जी के साथ है उनकी बात ही अलग होती है उन्होंने कहा 2027 में सरकार बनने जा रही है और पीडीए की आवाज बुलंद होगी अखिलेश यादव ने कहा कि कोई कल्पना कर सकता है की सुप्रीम कोर्ट में जज साहब के ऊपर जूता फेंका गया हो या जूता निकल गया हो अखिलेश यादव ने कहा कि आज मैं आजम खान साहब का हाल जानने आया था क्योंकि मैं जेल मिलने नहीं पहुंच पाया था और अब हम लगातार मिलते भी रहेंगे उन्होंने कहा कि जो सुप्रीम कोर्ट में हुआ है यह समाज में कहीं ना कहीं एक संदेश जा रहा है यह पीडीए के लोग कहीं बैठे हो जीवन में कही न कही अपमानित होते है यह मैं पहली बार नहीं कह रहा हूं एक बार विधानसभा में मैंने यह बात उठाई थी जो पिछड़े दलित अल्पसंख्यक मुसलमान भाई आदिवासी जो पीडीए परिवार है जो एक सूत्र में बना हुआ है अपनी पीड़ा से वह अपमान महसूस करता है और इस सरकार में अपमा. नित हो रहा है लगातार अखिलेश यादव से नाराजगी को लेकर आजम खान ने मीडिया से कहा कि यह सूचना मिली कहां से आपको कि मैं अखिलेश यादव से नाराज हूं अखिलेश यादव ने कहा कि आजम खान समाजवादी पार्टी के दरख्त है इतनी गहरी जड़े हैं अखिलेश यादव ने कहा कि आजम खान पर जितनी भी झूठे मुकदमे लगे हैं वह सब सपा सरकार में वापस लिए जाएंगे उन्होंने कहा कि आजम खान यूनिवर्सिटी में अच्छा काम कर रहे हैं अखिलेश यादव ने कहा कि जो यूनिवर्सिटी को बर्बाद कर रहे हैं वह समाज में हर चीज को बर्बाद कर रहे हैं अखिलेश यादव ने कहा कि 2027 में भारतीय जनता पार्टी को जनता हटाने जा रही है 2027 में जनता आगे होगी भारतीय जनता पार्टी पीछे दिखाई देगी।

# दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को न लिखे कफ सीरप विभाग के आदेश का करें पालनः महेश मौर्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की एक विशेष बैठक नगर मे आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता। अध्यक्ष। महेश कुमार मौर्या ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि रामपुर फार्मा ट्रेडर्स एसोसिएशन, भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 3 अक्टूबर 2025 को जारी परामर्श, अखिल भारतीय केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स संगठन के परिपत्रों एवं उत्तर प्रदेश औषधि प्राधिकरण के निर्देशों के अनुपालन में निम्न जनहित सूचना जारी की गई है सभी केमिस्ट सरकारी दिशा-निर्देशो का पालन करे दो वर्ष से कम आयु के बच्चो को खासी व जुकाम की दवाएं न लिखे ओर न ही देने की सलाह दे।

. पाँच वर्ष से कम आयु में सामान्यतः इन दवाओं से परहेज करने तथा आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सकीय मूल्यांकन, न्यूनतम अवधि और सही खुराक सुनिश्चित करे।

भारत सरकार की राजपत्र अधिसूचनाै.ठ. 1717 (दिनांक 15



अप्रैल 2025) के अनुसार क्लोरफेनिरामाइन मैलेट + फिनाइलएफ्रिन हाइड्रोक्लोराइड युक्त सभी निश्चित खुराक संयोजन (थ्क्ब) के लेबल पर स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिए चार वर्ष से कम आयु के बच्चों में उपयोग न करें।"उत्तर प्रदेश औषधि प्राधिकरण ने 5 अक्टूबर 2025 को संपूर्ण राज्य में कफ सिरप के नमूना-जांच अभियान, संदिग्ध उत्पादों की बिक्री रोकने एवं आवश्यक कार्रवाई के आदेश जारी किए हैं। विशेष रूप से ColdRif Syrup (निर्माता — Sresan Pharmaceutical) से संबंधित बैचों पर सतर्कता बरतने, नमूना-जांच एवं बिक्री-निषेध के आदेश दिए गए। सदस्यों हेतु महत्वपूर्ण निर्देश

ColdRif Syrup तथा Sresan Pharmaceutical द्वारा निर्मित किसी भी कफ सिरप के उपलब्ध स्टॉक को तत्काल अलग रखें, बिक्री/वितरण बंद करें एवं औषधि निरीक्षक के निर्देशानुसार नमूना उपलब्ध कराएँ। सभी सदस्य औषधि कानूनों, केंद्र एवं राज्य परिपत्रों तथा लेबलिंग मानकों का पूर्ण पालन करें। किसी भी आपात सूचना या संदिग्ध उत्पाद की स्थिति में तुरंत एसोसिएशन एवं औषधि प्रशासन को सूचित करें। बैठक में महेश मौर्य अमित सक्सेना, मनोज कुमार जय प्रकाश यादव, सुभहान अली, राम रूप सैनी, अनिल कुमार, प्रेम सिंह, कमल कुमार, प्रमोद कुमार, राशिद अली नदीम अहमद, विशेष कुमार, राम किशोर मौर्य, आरिफ अली यासीन अली रवी कुमार, ओंकार, सहित तहसील के अनेक केमिस्ट उपस्थित रहे।

# पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** कोतवाली पुलिस ने वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत एक वारंटी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

प्रभारी निरीक्षक के अनुसार वारंटी की पहचान उस्मान अली पुत्र दिले हसन निवासी मोहल्ला हबीबनगर दढ़ियाल हाल निवासी ग्राम बिजारखाता थाना स्वार के रूप में हुई।

वारंटी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन है। वह कोर्ट में नियत तारीख में पेश नहीं हो रहा था।



# भाकियू के पदाधिकारियों की नए कोतवाल से मुलाकात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** बुधवार को भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने नवागंतुक प्रभारी निरीक्षक संदीप मिश्रा से कोतवाली में मुलाकात की। इस दौरान भाकियू के नेताओं का कोतवाल से परिचय हुआ और क्षेत्र की कानून व्यवस्था पर भी चर्चा हुई।

बुधवार को भाकियू के नेताओं की नवागत प्रभारी निरीक्षक संदीप मिश्रा से शिष्टाचार मुलाकात हुई। इस दौरान संगठन के पदाधिकारी एवं कार्य कर्ताओं का नवागत कोतवाल से परिचय हुआ कोतवाली क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर चर्चा हुई।

इस अवसर पर जिला सचिव साबिर अली,नगर अध्यक्ष मजहर अली लाला, युवा नगर अध्यक्ष फरीद खां, नगर सचिव मोहम्मद रफीक,हसीन खां, इंतिजार अली, और मसरूफ अली आदि मौजूद रहे।

# महर्षि वाल्मीकि शोभा यात्रा का चेयरमैन ने किया फीता काटकर उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिलक/रामपुर।** महर्षि वाल्मीकि के जन्मोत्सव पर नगर में महर्षि वाल्मीकि शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई जिसका उद्घाटन पालिका अध्यक्ष ने किया। नगर के नसीराबाद में गांधी पार्क स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर पर महर्षि वाल्मीकि जयंती शोभायात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष/प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा दीक्षा गंगवार उत्तर एवं कुंवर नरेंद्र सिंह गंगवार समाजसेवी भाजपा नेता ने शोभायात्रा का फीता काटकर शुभारंभ किया। शोभायात्रा में विभिन्न प्रकार की स्वचालित



झांकियां बनाई गई थी जो दर्शकों का मन हो रही थी। वाल्मीकि शोभा यात्रा नसीराबाद से शुरू होकर पटवाई रोड, स्टेशन रोड होते हुए तीन पट्टी चौराहे पर पहुंची जहां पर उपस्थित लोगों ने शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। मेन रोड होते हुए शोभा यात्रा नवदिया चौराहा, रंगोली मंडप होली चौक होते हुए वापस महर्षि वाल्मीकि मंदिर पर आकर समाप्त हुई। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य टेकचंद गंगवार, अध्यक्ष गन्ना समिति रजनीश पटेल, ग्राम प्रधान सरनाम सिंह, बसंत कुमार एडवोकेट, चंद्रभान मित्तल, भोला वाल्मीकि, उत्तम वाल्मीकि, सुनील वाल्मीकि, प्रेम भारती, पप्पू वाल्मीकि, शिवा वाल्मीकि, होरी लाल वाल्मीकि एवं समस्त कार्यकर्ता गण और काफी तादात में महिलाएं पुरुष उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** को मिशन शक्ति अभियान के चरण फेज-5 के अंतर्गत महिला उप निरीक्षक आराधना तोमर महिला कांस्टेबल नीतू , महिला हेड कांस्टेबल नीतू द्वारा मोहल्ला मरघटी में महिलाओं व बालिकाओं की चौपाल लगाकर सुरक्षा, सम्मान, स्वाबलंबन, यातायात के सभी नियमों के विषय में बताया गया व सरकार द्वारा चलाई जा रहीं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन योजना, वृध्दावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि, प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वल, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ, प्रधान मंत्री जन अरोग्य, नशा मुक्ति भारत अभियान आदि से अवगत कराते हुए तथा महिलाओं को उनकी सुरक्षा सम्मान के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

# सौ प्रतिशत बढ़ा विद्यालय में विद्यार्थियों का नामांकन

- **प्राचार्य वैलेन्टीना विक्टर के प्रयासों से प्राथमिक विद्यालय बना शिक्षा और संस्कार का केंद्र**
- **सीबीएसई पैटर्न की तर्ज पर प्रोजेक्टर के माध्यम से किया जा रहा है बच्चों को शिक्षित**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** कहते हैं एक शिक्षक पूरे समाज एवं देश की दिशा बदल सकता है प्राथमिक विद्यालय अहमदनगर जागीर में नियुक्त शिक्षिका वैलेन्टीना विक्टर इसका जीवंत उदाहरण है वर्ष 2016 में जब शिक्षिका वैलेन्टीना विक्टर ने इस विद्यालय में कार्यभार संभाला तो शायद ही किसी ने सोचा होगा की कुछ ही वर्षों में यह विद्यालय अपने आप में एक मिसाल भी बन जाएगा। शिक्षिका वैलेन्टीना विक्टर की मेहनत और लगन का ही परिणाम है कि आज इस प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं में भी चयनित हो रहे हैं चाहे वह राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति हो या आश्रम पद्धति विद्यालय प्रवेश परीक्षा हो विद्यालय के बच्चों ने नेशनल अचीवमेंट टेस्ट प्रतियोगिता श्रुतलेख जैसी परीक्षाओं में भी शानदार प्रदर्शन किया है और डायट रामपुर मुख्य विकास अधिकारी डीपीआरओ रामपुर एवं अन्य अधिकारियों द्वारा भी विद्यालय को कई बार सम्मानित किया गया है पढ़ाई के साथ-साथ खेलों के क्षेत्र में भी विद्यालय ने अपना परचम लहराया है नगर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की शुरुआत भी इसी विद्यालय से हुई है इस विद्यालय की हर कक्षा आज स्मार्ट क्लास के रूप में संचालित है।

दैनिक भास्कर की टीम ने जब यहां की प्राचार्य वैलेन्टीना विक्टर से बात



की तब उन्होंने बताया कि मैं 2016 से इस विद्यालय में नियुक्त है जब वह इस विद्यालय में आई तो उन्होंने देखा कि इस विद्यालय में बहुत कम बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं उन्होंने कहा उनका पहला उद्देश्य था कि यहां की छात्र संख्या बढ़ाई जाए जिसको लेकर उन्होंने गांव में जाकर ग्रामीणों को बच्चो को पढ़ाने के लिए जागरूक किया जिसका परिणाम यह है आज इस विद्यालय में बच्चो का नामांकन प्रतिवर्ष बढ़ता रहा वह नामांकन आज 162 है। प्राचार्य वेलेंटिना विक्टर ने बताया कि उन्होंने अपनी निजी खर्चे से विद्यालय में बच्चो के लिए इनवर्टर बैट्री, पानी का आरओ, एक एलईडी, रसोई का संचालन, डिस्प्ले बोर्ड लगवाया। उन्होंने बताया कि यहां हर वर्ष वार्षिक उत्सव का भी आयोजन होता है बच्चों की चहुमुंखी प्रतिभा और कौशल विकास के लिए भी हर साल बाल मेले का भी आयोजन किया जाता है उन्होंने बताया कि हमारे विद्यालय को ऑपरेशन कायाकल्प, मिशन प्रेरणा में निपुण भारत अभियान के अंतर्गत सम्मान मिल चुका है केयर इंडिया के द्वारा विद्यालय को ए ग्रेड भी मिल चुकी है निपुण एसेसमेंट टेस्ट में भी हमारे विद्यालय को ग्रीन जोन प्राप्त हुआ है

**'विद्यालय एवं शिक्षिका की उपलब्धियां'**

1- उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान 2020-21
2- कायाकल्प के अंतर्गत अच्छे कार्य हेतु स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार 2021-22
3- राज्य अध्यापक पुरस्कार 2023 हेतु जनपद स्तर पर चयनित
4- जनपद स्तर पर शिक्षक सम्मान 2023 से सम्मानित
5- श्नाज है बेटियों पर सम्मानश से सम्मानित
6- निपुण विद्यालय प्रमाण पत्र
7- महिला दिवस पर सम्मान
8- मंडल स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिताओं हेतु सम्मान
9- उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान 2025
10- ठै। ल्वनजनइम चौनल में प्रथम रिकॉर्डिंग हेतु अवसर प्राप्त हुए।

विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता और वातावरण ने समाज का विश्वास जीत लिया है।

# नये उद्योग लगाने वाले वर्कशॉप में ले सकते हैं लाभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के नए प्रोजेक्ट्स ,नवीन उत्पाद ,नवीन तकनीक एवं नई खोज की जानकारी हेतु एक वर्कशॉप इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, सिडबी,यू पी सीडा एवं एग्रीकल्चरल कॉउंसिल ऑफ इंडिया के तत्वधान में बरेली में 8 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे से अर्बन हाट ऑडिटोरियम में आयोजित हो रही है। बर्कशॉप में जो उद्यमी खाद्य प्रसंस्करण उद्योग से जुड़े हुए है या जो इस छेत्र में नया उद्योग लगाने के इच्छुक है ,या विस्तार करना चाहते है वह इसमें भाग लेकर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। आई आई ए बरेली चेप्टर के नेतृत्व में आयोजित होने वाली इस वर्कशॉप से आत्म निर्भर उत्तर प्रदेश एवं आत्म निर्भर भारत को बल मिलेगा। रामपुर विशेषकर बिलासपुर क्षेत्र इस उद्योग के लिए स्पेशल जोन है।



आई आई ए रामपुर चौप्टर के चेयरमैन श्रीष गुप्ता के अनुसार जो नए युवा जो नए उद्योग लगाने चाहते है उन्हें इस वर्कशॉप में भाग लेकर इसका लाभ उठाना चाहिए। वर्कशॉप में कई विशेषज्ञ इसे संबोधित करेंगे। आज निर्यातक एस के गुप्ता के आवास पर आयोजित मासिक मंथन मीटिंग में उद्यमिओं से प्राप्त समस्याओं पर चर्चा हुई और उनके समाधान हेतु कदम उठाए जाने पर चर्चा की गई।

मीटिंग में चेयरमैन श्रीष गुप्ता, एस के गुप्त, मनोज गुप्ता,मनोज गर्ग सचिव, विपिन कुमार, दिलीप रस्तोगी, राम रक्षपाल यादव, उमेश अग्रवाल, विनीत रस्तोगी, विनय बंसल, वी बी शर्मा, खूब चंद गुप्ता आदि उद्यमी उपस्थित रहे।

# अब मंसूरपुर लाडपुर मे दिखा तेंदुआ ग्रामीणों मे दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** क्षेत्र मे तेंदुए का आतंक कम होने का नाम नही लेरहा है आये दिन कही न कही तेंदुआ दिखाई दे ही जाता है जिसकी वजहा पूरे क्षेत्र मे दहशत का माहौल है लोग अपने खेतो पर जाने से कतरा रहे है।

पांच रोज पहले जमना जमनी मे तेंदुआ दिखाई दिया जो कि घर घुसकर कुत्ते का शिकार करने की कोशिश कर रहा था लेकिन शोर गुल सुनकर भाग खड़ा हुआ था बुधवार की सुबहा लगभग तीन बजे मंस. ूरपुर मे तेंदुआ दिखाई दिया जो कि चहल कदमी कर शिकार की तलाश मे था लेकिन यहा केमरे मे केद हो गया। मंसूरपुर के आखरी छोर पर स्कूल के सामने सुशील कुमार दिवाकर का मकान है।

मकान के बाहर लगे कैमरे मे तेंदुए की चहल कदमी देखी जा सकती है जब ग्रामीणो को गांव के आसपास तेंदुए की चहल कदमी की जाकारी मिली तो ग्रामीणो मे दहशत व्याप्त हो गई ग्रामीणो ने खेतो पर जाना बन्द कर दीया मजदूर भी जगंल मे काम करने नही जा रहे है तेंदुआ होने की जानकारी वन विभाग को देदी गई है।

# फेसबुक पोस्ट के माध्यम से मिली सूचना

- **जिला प्रशासन की त्वरित कार्रवाई, नवजात बच्ची को बाल तस्करी से बचाया**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या द्वारा फेसबुक पर एक अज्ञात व्यक्ति अजय के द्वारा अपनी नवजात बेटी को बेचने की पोस्ट की गई थी, जिसके बाद जिला प्रोबेशन अधिकारी के द्वारा मामले को संज्ञान में लेकर चाइल्ड हेल्पलाइन को तत्काल जॉच के निर्देश दिए।

चाइल्ड हेल्पलाइन टीम में प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर निजामुददीन, सुप. रवाइजर अमित कुमार एवं शिवम सिंह व केस वर्कर विशाल कुमार भारती और स्वार पुलिस के साथ ग्रीन सिटी हॉस्पिटल पहुचे जिसमें डॉ. नाजिया से मिलकर केस की जानकारी ली।

इस मौके पर चाइल्ड हेल्पलाइन के कर्मचारी एवं थाना स्वार पुलिस के द्वारा हॉस्पिटल में



बालिका की माता ममता एवं पिता अजय कुमार से मिलकर जानकारी ली, तो पिता द्वारा बताया गया, कि मेरी आर्थिक स्थिति ईलाज के खर्च हेतु पर्याप्त नहीं है, जिसके बाद मेरे द्वारा इस तरह की पोस्ट की गयी थी, जिसके बाद चाइल्ड हेल्पलाइन टीम द्वारा चेतावनी देते हुए कहा कि बच्ची को किसी को गोद और बेचने का प्रयास नहीं करेगें साथ ही ग्राम प्रधान को पूर्ण जानकारी दी गई और कहा गया कि कोई ऐसी घटना नहीं होनी चाहिए, ग्राम प्रधान द्वारा आश्वासन दिया गया।

थाना स्वार कोतवाली प्रभारी को भी अवगत कराया गया है और बच्ची डिस्चार्ज कराकर उसके माता-पिता को बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत किया गया, जिसमें बाल कल्याण समिति ने पिता अजय को चेतावनी दी।

बच्ची को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना व आर्थिक स्थिति को देखतें हुए बच्ची को स्पॉन्सरशिप योजना से लाभान्वित करने का आश्वासन दिया गया।

# दीपावली , गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज पर्व के दृष्टिगत खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम हेतु विशेष अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के निर्देश पर आगामी दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज पर्व के दृष्टिगत आम जन मानस को सुरक्षित खाद्य/पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जाने हेतु खाद्य एवं पेय पदार्थो में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम हेतु को सहायक आयुक्त (खाद्य) ।।/ अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा द्वारा विशेष अभियान चलाया गया।

विशेष छापामार अभियान में मिलक नोखरीद स्वार स्थित वसीम आयल मिल से सरसों के तेल का 01 नमूना लिया गया और 150 किलोग्राम सरसों का तेल खुला बेचने पर एवं गुणवत्ता संदेह के आधार पर (अनुमानित कीमत 28500/-) सीज किया गया।



मिलकखानम स्थित शर्मा स्वीट के वरूण शर्मा से गुलाब जामुन व बर्फी का 01-01 नमूना लिया गया। मौके पर पायी गयी अस्वास्थ्यकर एवं अस्वच्छकर परिस्थितियों के जाये जाने पर खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम की धारा 32 के अन्तर्गत सुधार सूचना निर्गत की गयी।

बिजारखाता, रामपुर स्थित एम०टी० ट्रेडर्स से एक लीटर की दस बोतले खाद्य तेल एक्सपायर्ड (मई 2025) विक्रय हेतु रखे तेल को सीज करके संबंधित खाद्य कारोबारकर्ता तालिब पुत्र नवी हुसैन, निवासी-बिजारखाता, तहसील स्वार के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में वाद दायर करने की प्रकिया प्रारम्भ की गयी।

इस प्रकार विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 03 विधिक नमूनें संग्रहीत करके जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गये। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त मिलावट की प्रकृति के अनुरूप सुसंगत धाराओं में वाद योजित किये जायेगे।

सचल दल में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेन्द्र सिंह कुशवाहा, खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण रामचन्द्र यादव, गनोज कुमार, शहाबुद्दीन दोस्त उपस्थित रहे।

# रामपुर रजा पुस्तकालय का 251वां स्थापना दिवस

## द्वितीय रामपुर रजा पुस्तकालय महोत्सव का हुआ सफल समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शहर के रजा पुस्तकालय एवं संग्रहालय (संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार) के तत्वावधान में आयोजित द्वितीय रामपुर रजा पुस्तकालय महोत्सव (03 से 07 अक्टूबर 2025) का सफलता पूर्वक समापन हुआ।

महोत्सव के अंतिम दिन और पुस्तकालय के स्थापना दिवस के अवसर पर पुस्तकालय परिसर में "बच्चों की शाम पुस्तकालय के नाम" कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें दयावती मोदी एकेडमी, रामपुर के विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। बच्चों ने गीत, नृत्य, नाटक, कवि सम्मेलन, मुशायरा और सामूहिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के अवसर पर रामपुर रजा पुस्तकालय एवं संग्रहालय के निद. ेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र और पुरस्कार प्रदान किए। साथ ही, सितम्बर माह में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी प्रमाणपत्र और पुरस्कार प्रदान किए।।

निदेशक निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने प्रतिभागियों के उत्साह, रचनात्मकता और उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। "सेवा पर्व 2025", जो 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक पूरे देश में मनाया गया, के अंतर्गत रजा पुस्तकालय को देशभर के 75 चयनित स्थलों में शामिल किया गया था। इसी क्रम में, 30 सितम्बर 2025 को पुस्तकालय में कला प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया था ।

इस प्रतियोगिता के लिए केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से सम्बद्ध 19 स्कूलों, 17 सरकारी एवं सहायता प्राप्त (एडेड) स्कूलों और 2 महाविद्यालयों को आमंत्रित किया गया था।

प्रतियोगिता में 18 स्कूलों के कुल 90 छात्रों तथा 2 महाविद्यालयों के 69 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया था ।

इस कला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एम. सुबहान (राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज, रामपुर), द्वितीय स्थान मिस उन्सा बी (रामपुर नेशनल स्कूल, रामपुर) तथा तृतीय स्थान अनहर सुल्तान (हादी एकेडमी, रामपुर) ने प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार क्रमशः यश कुमार गोरव (महार्षि विद्या मंदिर, रामपुर), मिस काव्या कुशवाहा (सी.आर.पी.एफ. स्कूल, रामपुर) और मिस श्रुति (सेंटपॉल स्कूल, रामपुर) को प्रदान किए गए।

इसके अतिरिक्त, हिन्दी पखवाड़ा (16 सितम्बर से 28 सितम्बर 2025) के अवसर पर सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन 18 सितम्बर 2025 को किया गया। इस प्रतियोगिता में रजा पुस्तकालय के कर्मचारियों तथा सीआईएसएफ यूनिट के जवानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कुल 21 प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ट लेखन कला का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गुड्डु (सीआईएसएफ यूनिट, रजा पुस्तकालय), द्वितीय स्थान छदम्मी सिंह (रजा पुस्तकालय) और तृतीय स्थान शेर सिंह (रजा पुस्तकालय) को प्राप्त हुआ। साथ ही, सांत्वना पुरस्कार डाल सिंह (रजा पुस्तकालय) तथा ओम प्रकाश (सीआईएसएफ यूनिट, रजा पुस्तकालय) को प्रदान किए गए।

निदेशक ने महोत्सव के सफल संच. ालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्टाफ सदस्यों को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया।

महोत्सव के समापन अवसर पर रामपुर रजा पुस्तकालय एवं संग्रहालय के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि रजा पुस्तकालय न केवल अध्ययन एवं अनुसंधान का केंद्र है, बल्कि यह सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय एकता के संवर्धन का भी प्रतीक है। इस वर्ष




का रामपुर रजा पुस्तकालय महोत्सव निस्संदेह रूप से अविस्मरणीय रहा। प्रधानमंत्री जी ने अपने संदेश में कहा था कि "रामपुर रजा पुस्तकालय का यह महोत्सव अविस्मरणीय होगा" और वास्तव में यह महोत्सव अब अविस्मरणीय बन गया है। इस महोत्सव का शुभारम्भ 3 अक्टूबर को हुआ था और तब से लेकर अब तक पुस्तकालय परिसर में आयोजित विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने रामपुर वासियों का मन मोह लिया। डॉ. मिश्र ने कहा कि रामपुर रजा पुस्तकालय आने वाले समय में विश्व के श्रेष्ठ संस्थानों में से एक होगा। यह ज्ञान, संस्कृति और विकास की वह कहानी लिखेगा जिससे आने वाली पीढ़ियाँ संस्कारित होकर एक सुखद, सुरक्षित और वैभवशाली जीवन की ओर अग्रसर होंगी। कहा कि "रामपुर रजा पुस्तकालय में हम सब मिलकर सहयात्री बने हैं।" इस महोत्सव में प्रस्तुत सभी कार्यक्रमों ने द्वितीय महोत्सव को वास्तव में यादगार और अविस्मरणीय बना दिया।

अंत में उन्होंने कहा कि अब इन्हीं मधुर स्मृतियों के साथ हम नए कल का सृजन करते हुए, कदम से कदम मिलाकर, एक-दूसरे के सहयोग, परिष्कार और उत्कर्ष के साथ एक उज्ज्वल भविष्य की संरचना की ओर अग्रसर होंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अदनान एवं अरुण सक्सेना द्वारा अत्यंत संयमित एवं प्रभावपूर्ण ढंग से किया गया। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिकों, शिक्षाविदों, साहित्यप्रेमियों एवं विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों के प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने अपनी सहभागिता से कार्यक्रम की शोभा को और भी बढ़ा दिया।

# सीएमओ ने वृद्धजनों की देखभाल को बनाये गये विशेष वॉर्ड का किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने जिला चिकित्सालय में वृद्धजनों की देखभाल के लिए बनाये गये विशेष वार्ड का उद्घाटन फीता काटकर किया।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बी.सी. सक्सेना ने बताया कि 01अक्टूबर से मनाये जा रहे वृद्धजन देखभाल माह के अंतर्गत इस विशेष वार्ड का निर्माण किया गया है।

इस वॉर्ड में विशेष रूप से 60 वर्ष से अधिक आयु के मरीजों की देखभाल का उचित प्रबंध किया गया है। उन्होंने बताया कि वृद्धजनों की सुविधा को देखते हुए जिला चिकित्सालय में 60 वर्ष से अधिक



आयु के मरीजों के लिए पंजीकरण हेतु अलग लाइन की व्यवस्था तथा अन्य सुविधाएं जैसे जिला चिकित्सालय में की जा रही जांच एवं उपचार हेतु विशेष प्रबंध किए गए हैं। इसके उपरांत मुख्य चिकित्साधिकारी ने आयुष विंग, डेंगू वार्ड और डायरिया वार्ड का निरीक्षण किया।

कार्यक्रम में जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान, जिला चिकित्सालय के पैथोलॉजिस्ट सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

# मछली पकड़ने गए बुजुर्ग की रामगंगा नदी में डूब कर मौत, काफी खोजवीन के बाद दूसरे दिन मिला शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** जाल से मछली पकड़ने गए एक बुजुर्ग रामगंगा नदी में डूबने से मौत हो गई। काफी खोजने के बाद गोताखोरों ने दूसरे दिन शव खोज निकाला। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम क्योंरार निवासी हामिद पुत्र अब्दुल रज्जाक(65) अपने साथियों के साथ सोमवार को ग्राम घोसीपुरा भोपतपुर के पास स्थित राम गंगा नदी से जाल द्वारा मछली पकड़ने गया था। मछली पकड़ते पकड़ते वह गहरे पानी की चपेट में आ गया और डूब गया उसके साथियों ने उसे खोजने की काफी कोशिश की लेकिन उसका कोई पता नहीं। इस बीच आसपास के गोताखोरों ने भी खोजने की बहुत कोशिश की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने बाहर से गोताखोरों को बुलाया रात होने के कारण मंगलवार की सुबह को फिर गोताखोरों ने खोजवीन शुरू की और घटनास्थल से चार-पांच किलोमीटर दूर बरेली जनपद के मीरगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम गैबरा के पास रामगंगा नदी से हामिद का शव बरामद किया गया। पुलिस में शब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया पोस्टमार्टम के बाद मृतक के शब का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# भावाध्स ने भगवान वाल्मीकि प्रकट उत्सव पर सन्देश यात्रा निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** मंगलवार नगर में भावाधस ने निकाली सन्देश यात्रा भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भावाधस ने भगवान वाल्मीकि प्रकट उत्सव पर नगर में भावाधस के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री दीप सिंह राही के नेतृत्व वाल्मीकि सन्देश यात्रा निकाली जो कि श्री सनातन राम लीला मैदान से आरंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होकर वाल्मीकि मंदिर स्वार रामपुर रोड पर समाप्त हुई जिसमें भावाधस के राष्ट्रीय मंत्री दीप सिंह राही ने कहा कि भगवान वाल्मीकि समाज के लिए ही नहीं समस्त हिन्दू धर्म के लिए ही पूज्यनीय है उनके द्वारा रचित रामायण मानव जाति के भाईचारे और एकता की प्रेरणा देती है हमें भगवान



वाल्मीकि जी के बताए मार्ग को अपनाना चाहिए तथा अधिक से अधिक शिक्षा ग्रहण कर समाज में व्याप्त कुरीतियों का त्याग करना चाहिए।

वाल्मीकि सन्देश यात्रा में कपिल वाल्मीकि एडवोकेट, सर्वेश चौधरी, महेंद्र दीवान, सुनील वाल्मीकि, प्रदीप राजहंस, गौरव वाल्मीकि, अनिल वाल्मीकि,करन, विक्की, राजा, संजीव , हरकिशोर आदि लोग मौजूद रहे।

# स्कूली बच्चों ने ली संचारी रोगों की रोकथाम के लिए स्वच्छता की शपथ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को संचारी रोग जागरूकता पखवाड़ा के अंतर्गत सैदनगर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर के बच्चों को प्रार्थना सभा में ष्स्वच्छता, संचारी रोगों के बचाव में सहायक विषय पर प्रकाश डाला गया और स्वच्छता का महत्व समझा कर स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

सहायक अध्यापक चिरंजीव कुमार ने प्रार्थना सभा में कंपोजिट स्कूल घाटमपुर के बच्चों को संचारी रोगों के विषय में समझाते हुए कहा कि संच. ारी रोग वह रोग होते हैं, जो एक दूसरे को छूने से फैलते हैं, हम इसकी रोकथाम सिर्फ स्वछता के माध्यम से कर सकते हैं। हम स्वच्छ रहकर इन रोगों को फैलने से रोक सकते हैं।

स्वस्थ जीवन के लिए उत्तम स्वास्थ्य तथा स्वच्छ वातावरण होना आवश्यक है। निरोग रहने के लिए हमें अच्छे वातावरण की आवश्यकता



होती है।

अपने वातावरण को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी देश के प्रत्येक नागरिक की होती है। स्वच्छता के प्रति अपने दायित्वों को पूरा करके हम न सिर्फ स्वयं स्वस्थ रह सकते हैं अपितु एक स्वस्थ देश के निर्माण में अहम भूमिका निभा सकते हैं। स्वच्छता के दो रूप होते हैं एक व्यक्तिगत स्वच्छता और एक सार्वजनिक या सामाजिक स्वच्छता

व्यक्तिगत स्वच्छता के लिए हमें अपने शरीर की साफ सफाई करना आवश्यक है। इसके अंतर्गत दैनिक किए जाने वाले क्रियाकलापों जैसे प्रतिदिन स्नान करना, भोजन के पहले, भोजन के बाद हाथ धोना, स्वच्छ कपड़े पहनना, नियमित रूप से दांत, बाल, नाखून आदि की सफाई करना आवश्यक है। सार्वजनिक या सामाजिक स्वच्छता से तात्पर्य आस पड़ोस की स्वच्छता से है। दूसरे शब्दों में आसपास के वातावरण की पूर्ण सफाई ही सामाजिक या सार्वजनिक स्वच्छता है। इसके अंतर्गत गलियों, सड़कों की सफाई, नदियों, तालाबों, जलाशय की साफ सफाई, सार्वजनिक स्थल जैसे अस्पताल, रेलवे स्टेशन, विद्यालय, पार्क आदि की स्वच्छता आवश्यक है। सामा. जिक स्वच्छता के प्रति जागरूकता के अभाव में लोग इधर-उधर कूड़ा कचरा फेंक देते हैं। इस कारण वातावरण में अनेक प्रकार के रोगाणु उत्पन्न होते हैं। इस फेंके गए कूड़े कचरे पर मच्छर, मक्खियां बहुतायत से पनपते हैं।

यही मच्छर, मक्खियां अपने साथ जीवाणु एवं विषाणुओं को भी एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाते हैं। जब यह खुले रखे खाद्य पदार्थ एवं पेय पदार्थ पर बैठते हैं। तो उनके द्वारा लाए गए जीवाणु, विषाणु उन खाद्य पदार्थों पर पदार्थ में चले जाते हैं। जिसे खाने-पीने से टाइफाइड, हैजा, डायरिया, पेट दर्द आदि रोग हो जाते हैं। इसलिए हमें खुले में रखे हुए खाद्य पदार्थों को नहीं खाना चाहिए। यह हमारा दायित्व है कि हम अपने परिवेश को साफ सुथरा रखें। यदि कोई व्यक्ति वातावरण को दूषित करता है तो उसे जागरूक करना भी हमारा परम कर्तव्य है।

उन्होंने बच्चों से विभिन्न नारे भी लगवाए।

सभी रोगों की एक दवाई, घर में रखो साफ सफाई

जन-जन तक यह संदेश पहुंचाना है, हमें स्वच्छता को अपनाना है।

हम सब का एक ही सपना, स्वच्छ और सुंदर हो शहर अपना

इस अवसर पर नाजिम अली, मुजा. हिद खान, नसरीन बी, , सीमा गौहर, रजिया बेगम, संगीता यादव, शविस्ता नैयर, शाजिया बी, आदि उपस्थित रहे।

# जय वाल्मीकि हर वाल्मीकि के जयकारों के उद्घघोष से गूजा नगर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भावाधस) ने भगवान वाल्मीकि प्रकट उत्सव पर नगर पंचायत मसवासी में भगवान वाल्मीकि जी की प्रभातफेरी निकाली जिसका शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश गोयल ने फीता काट कर किया उन्होंने कहा कि भगवान वाल्मीकि जी भगवान राम के हजारों वर्ष पूर्व रामायण की रचना कर सत्य, तप, आज्ञाकारी होने की हमें सीख दी हमें उनकी शिक्षाओं पर चलकर एक आदर्श समाज की स्थापना करनी चाहिए।

भगवान वाल्मीकि प्रभातफेरी मौ०चाऊपुरा वाल्मीकि मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मैन बाजार वाल्मीकि बस्ती भूवरा काशीपुर रोड़ होकर मौ०चाऊपुरा में ही समाप्त हुई भगवान वाल्मीकि प्रभातफेरी में भावाधस के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री दीप



सिंह राही, वाल्मीकि शोभा यात्रा कमेटी के अध्यक्ष नितिन वाल्मीकि,करन वाल्मीकि, सरजीत वाल्मीकि, अर्जुन गुप्ता, पवन,शिवम, मुकेश, राज. ेश, विवेक दिनेश, जगवीर सिंह,पप्पू,रजत, दिनेश, प्रदीप राजहंस, सर्वेश चौधरी आदि लोग शामिल रहे।

# मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत चाइल्ड हेल्पलाइन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत हॉल्ट रेलवे स्टेशन शहजादनगर, रामपुर में चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक श्री निजामुद्दीन द्वारा आमजन को जन-जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

उन्होंने बताया कि यदि किसी बच्चे को सड़क पर भटकते, भीख मांगते, सामान बेचते या किसी प्रकार की मुसीबत में फंसे हुए देखा जाए तो



तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचना दें। यह हेल्पलाइन 24 घंटे निःशुल्क सेवा उपलब्ध कराती है। इसके साथ ही निजामुद्दीन ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना प्रदेश एवं केंद्र द्वारा सचांलित योजनाओं के विषय मे जानकारी प्रदान की, साथ ही नागरिकों को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों ख्र 112, 181 , 1090 , 1076 एवं 1930 विषय के बारे मे बताया।

इस अवसर पर शहजादनगर रेलवे स्टेशन मास्टर, समस्त रेलवे स्टाफ, चाइल्ड हेल्पलाइन सुपरवाइजर कविता सिंह, महक आजमी, शिवम सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की मेहनत लाई रंग

**■ मिशन शक्ति अभियान 5-0 में जनपद रामपुर पुलिस को प्रथम स्थान प्राप्त**

**इमरान हुसैन**
**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश शासन के आदेश के क्रम में आयोजित मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र के निर्देशन में जनपद रामपुर पुलिस ने 22 सितम्बर 2025 से 07 अक्टूबर 2025 तक संचालित विभिन्न गति. विधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए



प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

इस रैंकिंग में महिला सुरक्षा एवं जागरूकता से संबंधित फोटो व वीडियो रिकॉर्डिंग, अभियान के दौरान आयोजित चौपाल, प्रशिक्षण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम साथ ही मीडिया एवं सोशल प्लेटफॉर्म पर साझा की गई सूचना सामग्री का मूल्यांकन किया गया। रामपुर पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में उत्कृष्ट योगदान दिया गया है। यह उपलब्धि मिशन शक्ति अभियान की प्रभावशीलता तथा समाज में महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति जनजागरूकता को और अधिक प्रोत्साहन प्रदान करेगी।

# भीषण जाम खुलवाने सड़क पर उतरे सीओ मवाना

## रोजाना की तरह बुधवार को मवाना में मेन रोड पर लगा रहा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** आए दिन जाम से जूझता मवाना। रोजाना की तरह बुधवार दोपहर मेन रोड पर भीषण जाम लगा और पुलिसकर्मी नदारद मिले। जाम खुलवाने को सीओ मवाना पंकज लवानिया को कमान संभालनी पड़ी। सीओ ने इंस्पेक्टर मवाना की फोन पर ही क्लास लगा दी। सीओ द्वारा जाम खुलवाने के बाद यातायात व्यवस्था में सुधार देखने को मिला। बुधवार दोपहर नगर की मेन रोड पर भीषण जाम लग गया। वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई और बाइक सवारों को भी निकलने की जगह नहीं मिली। थाना मवाना से लेकर पुलिस चौकी बस स्टैंड तक जाम की स्थिति बन गई। सीओ मवाना पंकज लवानिया भी जाम में फंस गए तो उन्होंने जाम खुलवाने के लिए खुद ही कमान संभाल ली। उन्होंने इंस्पेक्टर मवाना को फोन कर कहा कि पुलिसकर्मी कहां हैं, यहां सड़क पर भयंकर जाम लगा है। सीओ मवाना काफी देर सड़क पर डटे रहे और वाहनों को पास कराया।




# न्यूरो और स्पाइन सर्जरी ओपीडी सेवाएं शुरू

**मेरठ।** बुधवार को न्यूरो और स्पाइन सर्जरी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। इन ओपीडी सेवाओं का शुभारंभ न्यूरोसर्जरी और स्पाइन सर्जरी विभाग के सीनियर डायरेक्टर एवं हेड डॉ. गौरव बंसल ने किया। डॉ. गौरव प्रत्येक महीने के दूसरे और चौथे बुधवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक मैक्स मेडसेंटर में मरीजों की प्राथमिक कंसल्टेशन और फॉलोअप के लिए उपलब्ध रहेंगे। इस अवसर पर डॉ. गौरव बंसल ने कहा कि हमारा उद्देश्य मरीजों को मिनिमली इनवेसिव और हाई प्रिसिशन सर्जिकल तकनीकों के माध्यम से सुरक्षित और प्रभावी इलाज प्रदान करना है

# डिजिटल भुगतान वॉल्यूम एफवाई 25 में 35 प्रतिशत बढ़ा

**मेरठ।** शहरी भारत में डिजिटल भुगतान वॉल्यूम एफवाई25 में 35 प्रतिशत वृद्धि हुई, जिसका नेतृत्व महिलाओं, युवा पेशेवरों और छोटे शहरों के उपभोक्ताओं ने किया है, जो डिजिटल भुगतान के नए तरीकों को अपना रहे हैं। यह जानकारी आज केरनी इंडिया और अमेजन पे द्वारा जारी हाऊ अर्बन इंडिया पे 2025 रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट इस पर प्रकाश डालती है कि आकांक्षी खरीदार अब डिजिटल लेनदेन को विभिन्न खर्च श्रेणियों में फैला रहे हैं, जहां डिजिटल तरीकों को अब केवल उच्च मूल्य वाले खरीद जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स और परिधान के लिए ही नहीं बल्कि नियमित श्रेणियों जैसे उपयोगिता बिल के लिए भी प्राथमिकता दी जा रही है।

# 15 अक्टूबर को सरधना के वार्ड 15 में होगा उप चुनाव

## कई प्रत्याशी मैदान में, वर्तमान सभासद की पत्नी सलमा सितारा के नाम का दिखा शोर

**■ चेयरमैन बनने का ख्वाब देखने वाले अब मेंबरी में उतरे**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर पालिका परिषद सरधना से वार्ड नंबर 15 में हो रहें उपचुनाव में तीन प्रत्याशी मैदान में हैं यहां पर एक प्रत्याशी ऐसे भी हैं जो सरधना नगर पालिका के अध्यक्ष बनने का ख्वाब देखते रहे, लेकिन उन्हें मायूसी हाथ लगी और मायूसी इतनी हाथ लगी कि अब वह एक वार्ड मेंबर का चुनाव लड़ने पर मजबूर हो गए है। यहां पर तीन प्रत्याशियों में से एक प्रत्याशी सलमा सितारा है जिसके नाम का शोर क्षेत्र में दिखाई दे रहा है गौरतलब है कि वार्ड नंबर 15 जोगियान में सभासद के आकस्मिक निधन के बाद सीट खाली हो गई थी।

जिस पर उपचुनाव के लिए 15 अक्टूबर को वोट डाली जानी है। इस सीट पर वार्ड नंबर 13 से वर्तमान सभासद शहजाद सितारा की पत्नी सलमा सितारा, पूर्व सभासद तराबुदीन अंसारी की पत्नी सायरा व मंजू सैनी चुनाव मैदान में है।

### चेयरमैन बनने वाले सभासद पद पर उतर आएं

उपचुनाव मैदान में उतरे तराबुदीन अंसारी पूर्व में 2006 से लेकर 2012 तक वार्ड सभासद रह चुके है, और 2012 में खुद चेयरमैन प्रत्याशी के लिए चुनाव लड़े थे, मगर 700 वोटों तक ही सीमित रह रहें थे। 2023 के चुनाव में भी उन्होंने अपने भतीजे आफताब अंसारी को चुनाव लड़वाया, लेकिन बिरादरी का समर्थन मिलने के बाद भी 4200 वोट पर आकर टिक गए।

# चार दिन से लापता अधेड़ का मिला शव

**■ परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस ने कराया शव का पोस्टमार्टम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** रविवार सुबह लापता हुए अधेड़ का शव बुधवार सुबह तहसील रोड़ स्थित रजवाहें की पटरी पर स्थित निर्माणाधीन मकान में जली हुई हालत में पड़ा हुआ मिला।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतक के परिजनों ने इस मामले में हत्या की आशंका जताई है, पुलिस मामले की जानकारी में जुटी हुई है। सरधना नगर के गोमतीनगर मोहल्ला निवासी जमील पुत्र हफीज उम्र करीब 40 वर्ष राजमिस्त्री का काम करता था। जो रविवार सुबह घर से टहलने के लिए कहकर निकला था, लेकिन शाम तक घर नही पहुंच सका था। जमील के पुत्र नौशाद ने इस मामले में थाने पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई थी, लेकिन 3 दिन तक जमील का कोई सुराग हाथ नही लग सका था। बुधवार सुबह तहसील रोड स्थित रजवाहें के पास निर्माणधीन मकान में एक शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को मिली, मौके पर पहुंचे सीओ आशुतोष कुमार व थाना प्रभारी अखिलेश मिश्र मय फोर्स के साथ छानबीन में जुट गए।

शव पूरी तरह से जली हुई अवस्था में पड़ा हुआ था, जो देखने में हत्या के बाद जलाने का मामला नजर आ रहा था। मौके पर पहुंचे परिजनों ने जमील की शिनाख्त उसकी चप्पलों व कपड़ों से की। परिजनों का कहना था कि जमील की हत्या करने के बाद शव की शिनाखत मिटाने के लिए चेहरा जलाया गया। पुलिस ने शव का पंचमाना भरते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया, पुलिस इस मामले की छानबीन में जुट गई है देर शाम एसपी देहात अभिजीत कुमार ने घटनास्थल को दौरा करते हुए मामले की जानकारी जुटाई। जमील का शव मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। इस संबंध में सीओ आशुतोष कुमार का कहना है कि शव बुरी तरह से सड़ी हुई थी, जिसके बारे में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# सीडीओ ने अटल आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

## निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने निर्माणाधीन कार्य को जल्द पूरा करने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** मुख्य विकास अधिकारी ने अटल आवासीय विद्यालय पीपली का औचक निरीक्षण किया। इस बीच आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी अटल आवासीय विद्यालय में पहुंची। उन्होंने सबसे पहले कंस्ट्रक्शन कार्य देखें जो अधूरे पाए गए तो उन्हें जल्द ही पूरा करने के निर्देश दिए। अटल आवासीय विद्यालय में ग्राउंड पूरा तैयार नहीं था, निर्देश देकर कहा कि जल्द ही इस कार्य को पूरा किया जाए। अनेकों जगह पाइपलाइन लीक हो रही थी लिहाजा उसको देखकर जल्द ही ठीक करने के निर्देश दिए। बाथरूम को भी चेक किया गया। जहां पानी लीकेज की समस्या थी उसे दूर करने को कहा गया। इसके अलावा वह गर्ल्स और बॉयस के हॉस्टल में भी पहुंची जहां उन्होंने रहने और सोने आदि की व्यवस्था को दिखा। इसके बाद वह क्लास रूम में पहुंची। जहां छात्राओं से पढ़ाई के बारे में जानकारी ली और उनसे सवाल जवाब भी किया। साथ ही एसडीएम विनय कुमार सिंह को निर्देश देकर कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी हर सप्ताह यहां पर छात्राओं का चेकअप भी करें। इसके अलावा आवश्यक रूप से आयरन की टेबलेट भी उन्हें वितरित करें। वह मेस में पहुंची और खाने को चेक किया, कच्चा खाना जैसे दूध, पनीर आदि को चेक किया गया। इसके अलावा मेस में बन रहे खाना जैसे दाल चावल सब्जी को चेक करके देखा गया। एसडीएम बिलारी को निर्देश देकर कहा कि यहां पर सिक्योरिटी के तौर पर पुलिस बल की भी तैनाती की जाए ताकि सिक्योरिटी दुरुस्त रहे। आवश्यक दिशा निर्देश देकर कहा कि समय-समय पर कॉलेज में पहुंचकर बच्चों का स्वास्थ्य आदि भी जाने और उनकी समस्याओं को भी जाने, क्लास रूम में बच्चों की पढ़ाई की स्थिति को देखा बच्चों से सवाल जवाब भी किए। उन्होंने जवाब भी दिया। इस मौके पर अटल आवास योजना के प्रिंसिपल ने उनका स्वागत किया और विद्यालय की बारीकियां भी बताई।



# सड़क निर्माण में चल रही ढील के चलते ट्रक पलटा, बाल-बाल बचे लोग

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** आखिर जिसका डर था वही हो गया सड़क चौड़ीकरण में चल रही ढील के चलते सड़क किनारे खड़ा ट्रक पलट गया जिसमें एक रिक्शा दब गई, गनीमत रही की कोई गंभीर हादसा नहीं हो पाया लोगों ने सड़क चौड़ीकरण में तेजी लाए जाने की मांग की है। बतादे की सहसपुर से छजलैट तक सड़क के चौड़ीकरण का काम चल रहा है। कुछ दिन से इस काम में हुई ढील के कारण नगर में सड़क का चौड़ीकरण पूरा नहीं हो पाया है। निर्माण कर रहे ठेकेदार की ढील के चलते जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं और आए दिन लोग चोटिल हो रहे हैं लोगों ने इस मामले की एसडीएम से शिकायत कर दुर्घटना की आशंका जताई थी और सड़क निर्माण जल्द कराए जाने की मांग की थी। उन्होंने विभाग को पत्र भी लिखा लेकिन इसके बावजूद भी सड़क निर्माण में तेजी नहीं आई रात को एक ट्रक सड़क किनारे खड़ा हुआ अचानक नीचे धंस गया और देखते ही देखते पलट गया बताया गया कि वहां खड़ी एक ई रिक्शा भी ट्रक की चपेट में आ गई गनीमत रही की कोई जनहानि नहीं हुई इसका पता लगते ही ठेकेदार ने सुबह ही थाने के सामने खुदे हुए एक बड़े गड्ढे को तो बंद करा दिया लेकिन निर्माण कार्य में कोई तेजी दिखाई नहीं दिखाई दी।



नगर के लोगों ने सड़क के चौड़ीकरण का काम कस्बे के अंदर तुरंत कराए जाने की मांग उठाई है।

# दीनदयाल नगर में खत्री चैरिटेबल फिजियोथेरेपी सेंटर का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** खत्री सभा रजि. मुरादाबाद द्वारा समाजसेवा के क्षेत्र में एक और सराहनीय कदम उठाते हुए कांठ रोड स्थित दीनदयाल नगर फेस-2 में खत्री चैरिटेबल फिजियोथेरेपी सेंटर का भव्य उद्घाटन किया गया। यह सेंटर मुरादाबाद चौरिटेबल ट्रस्ट एंड हेल्थ रिसर्च सेंटर तथा एशियन विवेकानंद सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सहयोग से स्थापित किया गया है।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ईपीसीएच के चेयरमैन डॉ. नीरज विनोद खन्ना, कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह और पीएमएस स्कूल के फाइनेंस ट्रस्टी मनोज आहूजा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।मुख्य अतिथि डॉ. नीरज विनोद खन्ना ने कहा कि खत्री सभा द्वारा समाजहित में स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने का यह कदम अत्यंत सराहनीय है। जो नि:स्वार्थ सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण है। कार्यक्रम में खत्री सभा के संरक्षक योगेंद्र स्वरूप खन्ना, महासचिव कमल अरोड़ा, कोषाध्यक्ष दीपक कपूर, सह सचिव शरद कपूर समेत महानगर के कई गणमान्य नागरिक, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# स्वर्णकार समाज ने मनाया महाराज अजमीढ़ जी का जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर के देहरी गांव स्थित प्रिंस सेलिब्रेशन में ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज द्वारा समाज के आदि पुरुष महाराज अजमीढ़ जी का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा-भाव से मनाया गया। कार्यक्रम में समाज के सैकड़ों लोग, पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री के पी.आर.ओ. गंगा राम राजभर, जिलाध्यक्ष एवं मंत्री प्रतिनिधि रवि चौधरी तथा जिला. उपाध्यक्ष आशु सिक्का उपस्थित रहे।कार्यक्रम में समाज की एकता, संगठन और शिक्षा के महत्व पर विशेष बल दिया गया।

इस दौरान जिलाध्यक्ष रवि चौधरी ने मंच से आग्रह किया कि मुरादाबाद नगर के एक प्रमुख चौराहे का नाम "महाराज अजमीढ़ जी" के नाम पर रखा जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ समाज के इतिहास और अपने आदि पुरुषों के योगदान से प्रेरणा ले सकें। उन्होंने कहा कि यह कदम समाज की पहचान और गौरव को नई ऊंचाई देगा।मेयर विनोद अग्रवाल से इस प्रस्ताव पर शीघ्र कार्यवाही की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए संगठन की मजबूती, शिक्षा में अग्रणी भूमिका और सामाजिक एकजुटता आवश्यक है। सभी ने समाज के सर्वांगीण विकास का संकल्प दोहराया।इस अवसर पर भारतीय सुहेलदेव समाज पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।



## एक नजर

### यप स्टार परिवार हुआ सम्मानित

**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** यप स्टार परिवार एवं यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल क्लब के सदस्यों एव संस्थापक अध्यक्षा नेहा मेहरोत्रा को वेव मॉल में आयोजित समान समारोह में उत्कर्ष सामाजिक कार्यों में हमेशा अग्रसर होने के लिए सम्मानित किया गया। संस्थापक अध्यक्षा नेहा मेहरोत्रा ने सम्मान प्राप्त करने के बाद ईश्वर को प्रणाम करते हुए आशीर्वाद मांगा और कहा कि ग्रुप ऐसे ही समाज सेवा में नए से नए परचम लहराया करे।नेहा मेहरोत्रा ने आयोजकों और क्लब सदस्यों का दिल की गहराइयों से आभार व्यक्त किया और कहा कि बिना टीम के कुछ भी हासिल नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि हम यप मुरादाबाद का हिस्सा हैं।यह समारोह वेव मॉल में आयोजित किया गया था, जहां यप स्टार परिवार और यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल क्लब के सदस्यों को उत्कर्ष सामाजिक कार्यों में हमेशा अग्रसर रहने के लिए सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में नेहा मेहरोत्रा, संजना भटनागर, उमा प्रीति दिव्या, शालिनी, वीनू आहूजा, कविता, कीर्ति, राशि, शोभना, दीप्ति, चांदनी, अनामिका, अमृता, सोनिया, एकता, नीतू, मेघा, भावना, रविंदर, प्रियंका, मानसी, सिमरन, दीपाली, स्वाति, अपूर्वा, रूपम, स्नेहा आदि मौजूद रहे।

### ऑफलाइन स्थानांतरण सूची के आश्वासन पर शिक्षकों ने खत्म किया धरना

**चन्दौसी।** ऑफलाइन स्थानांतरण की मांग को लेकर गांधी पार्क में चल रहा प्रदेश के अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों का धरना सोमवार को समाप्त हो गया। धरना खत्म होने के बाद शिक्षक अपने-अपने घर लौट गए। शिक्षकों का कहना है कि उन्हें दीवाली के आसपास ऑफलाइन स्थानांतरण सूची जारी होने का आश्वासन मिला है। प्रदेश भर के अशासकीय विद्यालयों के शिक्षक पिछले कई दिनों से माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी के आवास पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे थे। जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया और पुलिस अधीक्षक के. के. बिश्नोई के हस्तक्षेप के बाद 1 अक्टूबर की शाम धरना गांधी पार्क में स्थानांतरित कर दिया गया था। इस दौरान राज्यमंत्री गुलाब देवी के एक बयान में शिक्षकों को विपक्ष के अराजक तत्व कहे जाने से नाराजगी फैल गई थी। इसके बाद शिक्षकों ने 7 अक्टूबर को महापंचायत बुलाने की घोषणा कर दी। स्थिति को संभालने के लिए 6 अक्टूबर को एसडीएम और सीओ ने शिक्षकों के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की राज्यमंत्री से वार्ता कराई। वार्ता में मंत्री ने आश्वासन दिया कि दीवाली से चार दिन पहले या चार दिन बाद तक ऑफलाइन स्थानांतरण सूची जारी कर दी जाएगी। इस आश्वासन के बाद शिक्षकों ने धरना समाप्त कर दिया। ऑफलाइन स्थानांतरण संघर्ष समिति के अध्यक्ष शुभेन्द्र शरण त्रिपाठी ने बताया कि मंगलवार को वह अपने गांव नीबी गहरवार, मिर्जापुर पहुंचे और परिवार के साथ समय बिताया। उन्होंने कहा कि राज्यमंत्री के आश्वासन पर धरना समाप्त किया गया है, लेकिन यदि मांग पूरी नहीं होती है तो दीवाली के दस दिन बाद से पुन: धरना शुरू किया जाएगा।



### करवाचौथ पर महिलाओं के लिए भव्य प्रदर्शनी का आयोजन

**चन्दौसी।** करवाचौथ के अवसर पर नगर में मुरादाबाद की संस्था सांई प्रबंधन ड्रीम बाजार के सौजन्य से भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में महिलाओं के सौंदर्य प्रसाधन, कॉस्मेटिक उत्पादों और रेडीमेड वस्त्रों सहित विभिन्न आकर्षक स्टॉल लगाए गए, जिन्हें देखने और खरीदारी करने के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस प्रदर्शनी में मुरादाबाद, बरेली, अमरोहा और बदायूं सहित कई जिलों के स्टॉल लगाए गए हैं। रेडीमेड सूट और साडिघ्यों के स्टॉल लगाने वाली हिमांशी वार्ष्णेय ने बताया कि प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में महिलाएं आकर खरीदारी कर रही हैं। सांई प्रबंधन संस्था की संचालक रचना गुप्ता ने बताया कि संस्था समय-समय पर विभिन्न शहरों में प्रदर्शनी लगाकर महिलाओं को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध कराती है। उन्होंने कहा कि करवाचौथ के मौके पर यह प्रदर्शनी महिलाओं के बीच उत्साह और खरीदारी का विशेष केंद्र बनी हुई है।



# एस.एम. इंटर कॉलेज में हुआ 12वां जनपदीय शैक्षिक युवा क्रीड़ा समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** मंगलवार को एस.एम. इंटर कॉलेज चंदौसी में 12वें जनपदीय शैक्षिक युवा क्रीड़ा समारोह का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने दीप प्रज्वलित करके एवं ध्वजारोहण करके किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार ने की। आयोजन को सफल बनाने में संयोजक (बालक) दयाशंकर और संयोजिका (बालिका) अंजू गुप्ता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिला क्रीड़ा सचिव सचिन शर्मा और जिला क्रीड़ा सहसचिव संजीव कुमार भी कार्यक्रम में सक्रिय रहे। इस अवसर पर एस.एम. इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता, प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार, राजकीय इंटर कॉलेज बेरनी के प्रधानाचार्य, एफ.आर. इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य वसीमउद्दीन सहित कई अन्य प्रधानाचार्य एवं शिक्षक उपस्थित रहे। अनुशासन समिति में योगेश बाबू, मंच संचालन में ए.के. सिंह, लेखा समिति के प्रभारी (बालक) मनोज कुमार, (बालिका वर्ग) गणेश सिंह, प्राथमिक चिकित्सा के प्रभारी नेमचंद और मीडिया समिति में मनोज कुमार प्रभारी एवं आकाश शर्मा ने कार्यक्रम को सुचारु रूप से संपन्न कराया। कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई। श्री अक्रूर जी कन्या इंटर कॉलेज द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। रामप्यारी आर्य कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत गीत से अतिथियों का अभिनंदन किया। हीरा देवी कन्या इंटर कॉलेज बहजोई ने मनमोहक देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किया जिसके उपरांत श्रीसनातन धर्म कन्या इंटर कॉलेज चंदौसी द्वारा लोकनृत्य किया गया। बी.एम.जी. कन्या इंटर कॉलेज चंदौसी ने धार्मिक पृष्ठभूमि पर आधारित नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके अतिरिक्त अनिल कपूर, जिला बेसिक क्रीड़ा सचिव के नेतृत्व में छात्राओं ने शानदार पी.टी. का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बाद खेल प्रतियोगिताओं का दौर शुरू हुआ। इसमें मसाला दौड़ और 800 मीटर दौड़ (बालक एवं बालि.का) का आयोजन किया गया।दौड़ प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग 800 मीटर दौड़ (बालिका) में प्रथम स्थान स्वाति (संकुल सरस्वती उत्तर माध्यमिक विद्यालय बबराला), द्वितीय स्थान वंदना (संकुल किसान उपकारक इंटर कॉलेज भवालपुर), तृतीय स्थान शांति (संकुल सिपाही लाल इ. का. राजपुरा), 600 मीटर दौड़ सब जूनियर (बालिका) में प्रथम स्थानरू काजल (सरस्वती उत्तर माध्यमिक विद्यालय बबराला), द्वितीय स्थान संजना (किसान उपकारक इंटर कॉलेज भवालपुर), तृतीय स्थान राखी (जनता इंटर कॉलेज जुनवाई) ने प्राप्त किया।

समारोह में खिलाडिघ्यों के उत्साह और शिक्षकों के मार्गदर्शन ने कार्यक्रम को एक नई ऊर्जा प्रदान की। शेष प्रतियोगिताएं आज संपन्न कराई जाएगी।





### स्वंय सहायता समूह की महिलाओं को सशक्त बनाने को लेकर बैठक

**मुरादाबाद।** शहरी क्षेत्र में सक्रिय स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के आर्थिक रूप से सशक्ति करण के दृष्टिगत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि दीपावली पर्व के दौरान स्थानीय स्तर पर तैयार कराए गए उत्पादों की बिक्री को प्रोत्साहित करके हस्तशिल्पियों और कारीगरों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के संबंध में शासन स्तर से निर्देश हैं। शहरी क्षेत्र में दिए, झालर, मोमबत्ती, अगरबत्ती आदि तैयार करने वाले स्वयं सहायता समूहों को विभिन्न कार्यालय परिसरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्टॉल स्थापित करने का अवसर दिया जाएगा ताकि यह समूह अपने उत्पादों की बिक्री कर सके तथा आर्थिक दृष्टिकोण से सशक्त बन सके। बैठक में एसडीएम सदर, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ ही चिन्हित स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं भी मौजूद रहीं।

# एसएमएस में विज्ञान प्रदर्शनी और प्रतिभा मेले में एमएलसी ने बच्चों के मॉडल को सराहा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** एसएमएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी व प्रतिभा मेले का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों ने सुंदर मॉडल भी बनाए।

इस मौके पर विधान परिषद सदस्य व भूतपूर्व खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के उपाध्यक्ष दर्जा राज्य मंत्री गोपाल अंजान ने बच्चों के मॉडल को देखा और उन्हें सराहा। बच्चों ने एक से बढ़कर एक मॉडल बनाए थे। बुधवार को आयोजित प्रतिभा मेले में कक्षा 1 से 8 तथा कक्षा 12 के कॉमर्स के छात्राओं ने सुंदर मॉडल भी तैयार किए। कक्षा 9 से 12 तक के बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी में साइंस के अनेकों मॉडल बनाएं। प्रदर्शनी के दौरान बच्चों ने साइंस से संबंधित अनेकों मॉडल तैयार किए, जिसमें बच्चों ने किडनी मॉडल,आंख का मॉडल, इसरो चंद्रयान, वोल्कानो, सोलर पैनल, आदि के मॉडल तैयार किए। एमएलसी गोपाल अंजान ने बच्चों की प्रतिभा को देखा उसके बाद बेहतर मॉडल का चुनाव करके बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर प्रबंधक गोपाल कृष्ण भारद्वाज, निदेशक डॉ अभिषेक भारद्वाज, प्रधानाचार्य सुहासिनी सिंह, उप प्रधानाचार्य रामचंद्र शर्मा के अलावा भारी तादाद में स्टाफ भी मौजूद रहा।

# मिशन शक्ति के तहत पुलिस ने चलाया महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत मंगलवार को जनपद सम्भल में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा के निर्देशन में जनपद के सभी थानों की एंटी रोमियो टीमों तथा महिला पुलिस कर्मियों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में चौपालों, स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रमों के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को महिला सुरक्षा, स्वावलंबन एवं अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस कर्मियों ने पम्पलेट वितरित कर विभिन्न सरकारी योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी जिसमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, यूपी राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, पीएम स्वानिधि योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, वन स्टॉप सेंटर, आयुष्मान योजना, सुमन योजना, महिला शक्ति केंद्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना आदि के बारे में बताया। साथ ही महिला सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस 108, महिला हेल्पलाइन 181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 इत्यादि की जानकारी दी गई। महिला पुलिसकर्मियों ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य है महिलाओं और बालिकाओं के लिए एक सुरक्षित, सशक्त और सम्मानजनक वातावरण का निर्माण करना ताकि वे आत्मविश्वास के साथ समाज में आगे बढ़ सकें।





हर्बल इम्यूनिटी बूस्टर
थकान, कमजोरी दूर करें, अनेक रोगों से बचाए
1980 से प्रसिद्ध
एनर्जिक-31
स्वास्थ्यवर्धक कैप्सूल
amazon पर भी उपलब्ध है
फोन नं0 0591-3554385 E-mail:energic31@gmail.com

# यह स्मार्ट तरीका नहीं

हालांकि राजस्थान की जोधपुर जेल में बंद जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो ने उनसे मुलाकात कर कुशल क्षेम पूछी। श्रीमती अंगमो की यह मुलाकात उच्चतम न्यायालय के श्री वांगचुक की तत्काल रिहाई की मांग वाली उनकी याचिका पर केंद्र और लद्दाख प्रशासन को नोटिस जारी करने के एक दिन बाद हुई। इस मुलाकात के दौरान उनके साथ वकील रीतम खरे भी थे, लेकिन इसी बीच जानकारों ने कहा कि सुशासन और लोकतंत्र का आधार यह है कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मसलों के हल के लिए पर्याप्त लचीलापन और साधन प्रदान करता है। शासन में ज्यादा स्वायत्तता की वैध मांग के रूप में शुरू हुई समस्या से निपटने का स्मार्ट तरीका यह नहीं है कि शांतिपूर्ण ढंग से असहमति दिखानेवालों की एहतियाती हिरासत की इजाजत देने वाले कानूनों का दुरुपयोग किया जाए, बल्कि यह है कि इसके निवारण का रास्ता खोजा जाए। इसका यह मतलब नहीं है कि लद्दाख में राज्य के दर्जे और छठवीं अनुसूची के लिए प्रदर्शनों के दौरान हिंसा और आगजनी में संलिप्त रहे लोगों को कानून से बच निकलने दिया जाए। इसके बावजूद, इन प्रदर्शनों की प्रतिक्रिया में जलवायु एक्टिविस्ट और समाज सुधारक सोनम वांगचुक की राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत हिरासत गलत है। वांगचुक लद्दाख की वैध लोकतांत्रिक आकांक्षाओं के निरंतर और शांतिपूर्ण पैरोकार रहे हैं। पूरे लेह और कारगिल जिलों, साथ ही तमाम धार्मिक, जातीय (एथनिक) और राजनीतिक पहचानों ने इन आकांक्षाओं के साथ जुड़ाव दिखाया है। लद्दाख की पर्यावरणीय और आजी. विका-संबंधी चिंताओं से निपटने की खातिर विधायिका के लिए सतत आंदोलन के साथ, उनके द्वारा अहिंसक असहमति का सहारा लेना, आजादी के आंदोलन के दौरान और उसके बाद स्थापित भारतीय राजनीति के ऐतिहासिक मिजाज के अनुरूप है। भारतीय राज्य की सुरक्षा को उत्पन्न खतरे का मुकाबला करने के लिए बने कानून का इस्तेमाल शांतिपूर्ण ढंग से असहम. ति जताने वाले व्यक्ति के खिलाफ करना, लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति के लिए समस्याजनक असहिष्णुता को सामने लाता है। हालिया फैसलों में, सुप्रीम कोर्ट ने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि कानून और व्यवस्था के मसले और लोक व्यवस्था के लिए खतरे के बीच साफ-साफ अंतर किया जाना चाहिए। एनएसए लोक व्यवस्था के लिए है, जिसके दायरे में वो कृत्य आते हैं जो समुदाय की समरसता में खलल डालते हैं। ऐसा कोई सबूत नहीं है, जिससे वांगचुक के एक्टिविज्म के इस मापदंड तक पहुंचने का पता चलता हो। ऐसा लगता है कि केंद्र अपने दिमाग का इस्तेमाल करने और यह दिखाने के लिए कि उनकी कार्रवाइयां हलोक व्यवस्था के लिए सचमुच खतरा थीं, सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपेक्षित आवश्यक व्यक्तिपरक संतुष्टि तक पहुंचने में नाकाम रहा। केंद्र की प्रतिक्रिया ने साफ तौर पर, असहमति को राजद्रोह जैसे कृत्यों से जोड़ने की कोशिश की है। वांगचुक का मामला इकलौता नहीं है, अतीत में असहमति का गला घोंटने और सामान्य प्रक्रिया को दरकिनार करने के लिए इसी तरह के कानूनों का इस्तेमाल किया गया, जैसा कि भूतपूर्व जम्मू एवं कश्मीर के विशेष दर्जे के समापन के बाद कश्मीरी राजनीतिज्ञों की हिरासत के मामले में देखा गया।

## आजम खान समाजवादी पार्टी के दरख्त



2027 में सपा सरकार बनने जा रही है और पीडीए की आवाज बुलंद होगी, कोई कल्पना कर सकता है कि सुप्रीम कोर्ट में जज साहब के ऊपर जूता फेंका गया हो या जूता निकल गया हो, आज मैं आजम खान साहब का हाल जानने आया था, क्योंकि मैं जेल मिलने नहीं पहुंच पाया था और अब हम लगातार मिलते भी रहेंगे, आजम खान समाजवादी पार्टी के दरख्त हैं, इनकी गहरी जड़ें हैं, आजम खान पर जितनी भी झूठे मुकदमे लगे हैं, वह सब सपा सरकार में वापस लिए जाएंगे, आजम खान यूनिवर्सिटी में अच्छा काम कर रहे हैं, जो यूनिवर्सिटी को बर्बाद कर रहे हैं, वह समाज में हर चीज को बर्बाद कर रहे हैं, 2027 में भारतीय जनता पार्टी को जनता हटाने जा रही है, 2027 में जनता आगे होगी भारतीय जनता पार्टी पीछे दिखाई देगी।

**अखिलेश यादव**
**सपा अध्यक्ष**

# जल संकट का विज्ञान और समाधानः रुड़की से उठी वैश्विक आहट

## जलवायु परिवर्तन के दौर में जल प्रबंधन ही मानवता की सबसे बड़ी परीक्षा बन गया है





मौ. फहीम (तन्हा)

पानी-धरती पर जीवन की पहली और सबसे स्थाई शर्त पर आज यही पानी हमारी सभ्यता के लिए सबसे गंभीर संकट बनता जा रहा है। जलवायु परिवर्तन, जनसंख्या वृद्धि और असंतुलित विकास ने वह परिस्थिति पैदा कर दी है जहां जल ही जीवन नहीं, संघर्ष का कारण भी बन चुका है। ऐसे दौर में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय जल विज्ञान संघकी बारहवीं वैज्ञानिक सभा केवल एक सम्मेलन नहीं, बल्कि एक चेतावनी और अवसर, दोनों का प्रतीक है।

### ज्ञान का संगम और संवाद की आवश्यकता

इस वैश्विक सभा में 49 देशों के 627 वैज्ञानिक और नीति निर्माता एक मंच पर जुटे। 682 से अधिक शोध प्रस्तुतियां इस बात का प्रमाण हैं कि विज्ञान जल संकट को केवल 'प्रकृति की समस्या' नहीं, बल्कि 'मानव-निर्मित चुनौती' के रूप में समझने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उत्तराखंड के मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन का यह कथन कि 'जल विज्ञान जलवायु परिवर्तन के प्रति लचीलापन और आपदा जोखिम न्यूनीकरण की आधारशिला है' दरअसल इस सम्मेलन का सार है। आईआईटी रुड़की जैसे संस्थान जब वैज्ञानिक शोध को नीति और समाज से जोड़ते हैं, तब ज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह जनजीवन की दिशा बदलने की क्षमता रखता है।

### वैश्विक संकट, स्थानीय प्रभाव

संयुक्त राष्ट्र की नवीनतम **World Water Development Report** के अनुसार, दुनिया की करीब 40 प्रतिशत आबादी जल तनाव (**Water Stress**) का सामना कर रही है।

2050 तक वैश्विक जल मांग में 20.30 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है, जबकि जल स्रोत सिकुड़ रहे हैं। भारत में ही प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता 1951 में जहां 5177 घन मीटर थी, वह अब घटकर 1486 घन मीटर रह गई है। जो जल संकट के गंभीर स्तर का संकेत है।

हिमालई क्षेत्र-जहां से भारत की अधिकांश नदियां निकलती हैं, जलवायु परिवर्तन से सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है। ग्लेशियरों का पिघलना, असमान वर्षा और चरम मौसमी घटनाएं आने वाले दशकों में गंगा-ब्रह्मपुत्र बेसिन के जल संतुलन को अस्थिर कर सकती हैं। ऐसे में रुड़की जैसे संस्थानों की भूमिका केवल शैक्षणिक नहीं, बल्कि रणनीतिक और मानवीय दोनों है।

### विज्ञान से नीति तकः सेतु की दरकार

यह सच है कि जलवायु परिवर्तन की चर्चा हर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर होती है, लेकिन 'जल प्रबंधन' अक्सर उन विमर्शों में पीछे रह जाता है। विज्ञान बताता है कि जलवायु परिवर्तन का पहला और सबसे प्रत्यक्ष असर 'जल चक्र' पर पड़ता है। वर्षा के पैटर्न, भूजल पुनर्भरण, नदी प्रवाह और बाढ़-सूखे के चक्र में। ऐसे में आवश्यकता है कि वैज्ञानिक डेटा, स्थानीय अनुभव और नीति निर्णय एक-दूसरे के पूरक बनें।

आईआईटी रुड़की में हुई यह सभा इसी दिशा में उठाया गया कदम है। जहां जल वैज्ञानिकों, नीति निर्माताओं और सामाजिक संगठनों ने मिलकर 'विज्ञान से व्यवहार तक' के मॉडल पर चर्चा की। यह वह सेतु है जो शोध को नीति में और नीति को जमीन पर उतारने में मदद करता है।

### भारत की भूमिकाः नेतृत्व और जिम्मेदारी

भारत अब केवल जलवायु परिवर्तन से प्रभावित देश नहीं रहाय वह एक 'जल नीति मॉडल' पेश करने की स्थिति में है। गंगा स्वच्छता अभियान, अटल भूजल योजना, अमृत मिशन और राष्ट्रीय जल मिशन जैसे कार्यक्रमों ने यह दिखाया है कि सरकारी इच्छाशक्ति और वैज्ञानिक सहयोग साथ मिलें तो परिवर्तन संभव है। परंतु इन योजनाओं की स्थिरता तभी सुनिश्चित होगी जब वे समुदाय-केंद्रित हों। जल का विज्ञान केवल पाइपलाइन या जलाशय नहीं, बल्कि मानव आचरण का विज्ञान भी है।

### भविष्य की दिशाः लचीलापन और साझेदारी

आईआईटी रुड़की में आयोजित यह सम्मेलन इस विश्वास को मजबूत करता है कि विज्ञान में सहयोग ही भविष्य की सबसे बड़ी शक्ति है। जब 49 देशों के वैज्ञानिक एक साथ यह सोचते हैं कि पानी को बचाने के लिए कैसे विज्ञान, तकनीक और नीति एक-दूसरे के साथ कदमताल करें, तो यह केवल सम्मेलन नहीं, बल्कि वैश्विक उम्मीद की शुरुआत है।जैसा कि आईआईटी रुड़की के निद. ेशक प्रो. के.के. पंत ने कहा: यह सभा नए विचारों, दीर्घकालिक साझेदारियों और परिवर्तनकारी नवाच. ारों को प्रेरित करेगी। यह वाक्य उस दिशा की ओर इशारा करता है जहां 'जल नीति' और 'जल विज्ञान' एक-दूसरे के पर्याय बन जाएं।

### निष्कर्षः अब समय जल संरक्षण का ही नहीं बल्कि सभ्यता निर्माण का है

दुनिया में आने वाले वर्षों में युद्धों का कारण शायद विचारधारा नहीं, जल की उपलब्धता होगी। ऐसे में भारत जैसे देश, जिनके पास वैज्ञानिक संसाधन और सामाजिक दृष्टि दोनों हैं, उन्हें विश्व समुदाय के लिए 'जल शांति' के मॉडल प्रस्तुत करने होंगे। रुड़की से उठी यह आवाज दरअसल एक वैश्विक चेतावनी है कि, अब समय केवल जल संरक्षण का नहीं, बल्कि जल-संवेदनशील सभ्यता निर्माण का है।

# मन की बात बोल देने वाला यंत्र...

*इस मशीन को गति देने के लिए उस व्यक्ति को अपने मुंह से उन शब्दों को बोलने की भरसक कोशिश करनी होती थी-यानी उसे बोलने का प्रयास होता है। इस गतिविधि के संकेतों को यंत्र पकड़ सकता है, लेकिन सहभागियों का कहना था कि बोलने की कोशिश करना काफी थकाने वाला होता है हालांकि, अंदरुनी वाणी उत्पन्न करना कम थकाने वाले होता है लेकिन उसके संकेतों से शोधकर्ता बहुत थोड़े से शब्द पकड़ पाए थे, शोधकर्ताओं ने कोशिश जारी रखी। स्टैनफर्ड विश्वविद्यालय के एरिन कुंज ने सबसे पहले तो गति-बाधित लोगों के मस्तिष्क में लगे इलेक्ट्रोड्स का विश्लेषण किया, ये इलेक्ट्रोड मोटर कॉर्टेक्स के उस हिस्से में लगे थे जिसका सम्बंध बोलने के प्रयास से है*



हम मन ही मन कई बातें सोचते हैं लेकिन वे किसी को सुनाई नहीं पड़ती। क्या हो यदि मन की इन बातों को बाहर सुना जा सके? और हाल ही में सेल पत्रिका में प्रकाशित एक शोध पत्र में इसी करिश्मे का उल्लेख किया गया है। इसमें शोधकर्ताओं ने मस्तिष्क में लगाए गए इम्प्लांट्स और डैटा विश्लेषण की मदद से चार लोगों की मन की बातों से सम्बंधित तंत्रिका संकेतों को अलग करने की जुगाड़ जमाई है। ये चारों व्यक्ति गति सम्बंधी दिक्कतों से पीड़ित थे जो उनकी बोलने की क्षमता को बाधित कर रही थी। शोधकर्ताओं ने मस्तिष्क-कंप्यूटर इंटरफेस स्थापित किया जो उनके मन की बातों को वाणी दे सकता है। आप देख ही सकते हैं कि इसकी अपनी समस्याएं हैं-यह तकनीक किसी व्यक्ति के ऐसे विचारों को भी मुखर कर सकती है जो वह मन में ही रखना चाहे।

दरअसल शोध पत्र में इस बात को समझने की को. शिश हुई है कि आंतरिक वाणी कैसे निर्मित होती है। पिछले कुछ दशकों में इंजीनियर्स ऐसे लोगों के लिए कंप्यूटर सिस्टम्स बनाने में सफल हुए हैं जो लकवाग्रस्त होने की वजह से बोल नहीं पाते। इन सिस्टम्स में यह क्षमता है कि वे मस्तिष्क में चल रही गतिविधियों से शब्द निर्मित कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, कुछ महीने पहले कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने एक यंत्र प्रस्तुत किया था जो एमायोट्रॉफिक लेटरल स्क्लेरोसिस (एएलएस) से पीड़ित एक व्यक्ति के दिमाग के मोटर कॉर्टेक्स में लगे इलेक्ट्रोड्स के संकेतों से शब्दों का सटीक व त्वरित पुनर्निर्माण कर सकता था।

(स्रोत फीचर्स)

इस मशीन को गति देने के लिए उस व्यक्ति को अपने मुंह से उन शब्दों को बोलने की भरसक कोशिश करनी होती थी-यानी उसे बोलने का प्रयास होता है। इस गतिविधि के संकेतों को यंत्र पकड़ सकता है। लेकिन सहभागियों का कहना था कि बोलने की कोशिश करना काफी थकाने वाला होता है।

हालांकि, अंदरुनी वाणी उत्पन्न करना कम थकाने वाले होता है लेकिन उसके संकेतों से शोधकर्ता बहुत थोड़े से शब्द पकड़ पाए थे। शोधकर्ताओं ने कोशिश जारी रखी। स्टैनफर्ड विश्वविद्यालय के एरिन कुंज ने सबसे पहले तो गति-बाधित लोगों के मस्तिष्क में लगे इलेक्ट्रोड्स का विश्लेषण किया। ये इलेक्ट्रोड मोटर कॉर्टेक्स के उस हिस्से में लगे थे जिसका सम्बंध बोलने के प्रयास से है। शोधकर्ताओं ने दो स्थितियों के रिकॉर्डिंग की तुलना की-एक तब जब सहभागी शब्दों को जोर से बोलने का प्रयास कर रहे थे और दूसरी तब जब वे मन ही मन वे शब्द सोच रहे थे। शोधकर्ताओं ने पाया कि इन दोनों स्थितियों (बोलने का प्रयास और मन में सोचना यानी अंदरुनी वाणी) में इसी क्षेत्र की तंत्रिकाएं सक्रिय हुईं। अंदरुनी वार्तालाप पर ध्यान केंद्रित करके कुंज व साथियों ने एक एल्गोरिद्म विकसित किया जो इन संकेतों को ध्वनि में बदल सकता था। अब बारी आई इस मॉडल को प्रशिक्षित करने की। टीम ने सहभागियों से कहा कि वे सवा लाख शब्दों की एक सूची के शब्दों को मन ही मन बोलें और उनकी तंत्रिका गतिविधि को रिकॉर्ड कर लिया। फिर सहभागियों से कहा गया कि वे उन शब्दों का इस्तेमाल करते हुए कुछ पूरे-पूरे वाक्य बोलने की कल्पना करें। परिणाम यह रहा कि उनका मॉडल अंदरुनी वार्तालाप को तत्काल वाक्यों में बदल सका। इसमें गलती होने की दर 26 से 54 प्रतिशत रही जो आज तक के प्रयासों में सबसे बेहतर है। हालांकि गलती की दर काफी अधिक है, लेकिन यह अध्ययन मनोगत वार्तालाप की अच्छी छानबीन है। वैसे इस तरह के अध्ययनों के साथ एक समस्या निजता सम्बंधी भी है। कहीं ऐसा न हो कि वाणी-बाधित लोगों के सारे विचार खुलकर उजागर होने लगें। एक विचार तो यह है कि सारे मनोगत विचारों को नहीं बल्कि सिर्फ उन विचारों को एल्गोरिद्म तक पहुंचने दिया जाए, जिन्हें बोलने की कोशिश वह व्यक्ति कर रहा हो। दूसरा विचार है कि कोई ऐसा पासवर्ड हो जो वह व्यक्ति सोचे तभी विचारों को ध्वनि में तबदील किया जाए। एक व्यक्ति के मामले में यह पासवर्ड वाली व्यवस्था 99 प्रतिशत बार कारगर रही। मस्तिष्क-कंप्यूटर इंटरफेस के विकास के साथ ऐसी व्यवस्थाएं निजता को सुरक्षित रखने के लिए अधिका. धिक जरूरी होती जा रही हैं।

# करवाचौथ पर हर्बल प्रसाधनों से दें अपने चेहरे को चांद सा निखार



शहनाज हुसैन

करवा चौथ सभी विवाहित महिलाओं के सौंदर्य से सीधे तौर से जुड़ा है। इस विशेष उत्सव पर सुहागन महिलाएं सज धज कर पति की आरती उतार कर उनकी मंगल कामना करते हुए सूर्योदय से चंदर्योदय तक ब्रत रख कर उनके लम्बे स्वास्थ्य जीवन की कामना करती हैं। करवा चौथ के पवित्र दिन सभी बिबाहित महिलाएं अपने हाथों में मेहंदी, बिन्दी तथा पूरे श्रृंगार के साथ दिन भर अपने जीवन साथी की लम्बी उम्र तथा सुखी दाम्पत्य जीवन के लिए निर्जल व्रत तथा पूजा करती हैं। इस तयौहार में महिलाएं पुरे उत्साह से संजने संबरने के बाद अपने पति के लम्बी उम्र तथा स्वस्थ्य के लिए पुरे बिधि बिधानों के साथ ब्रत और पूजा करती हैं।

इस पवित्र दिन महिलाएं गणेश ,मां गौरी तथा चन्द्रमा की पूजा करती हैं। इस दिन महिलाओं में सजने संवरने का बहूत क्रेज होता है कहा जाता है की इस दिन व्रत रखने से महिलाओं के सौन्दर्य में चांद जैसा निखार उभरता है। हालांकि आजकल महिलाओं में सजने संव. रने में ब्यूटी पार्लर और मॉल का प्रचलन शुरू हो गया है लेकिन अगर आप सचमुच सबसे अलग दिखना चाहती हैं तो ब्यूटी पार्लर के महंगे सौन्दर्य प्रसाधनों की बजाय घरेलू हर्बल प्रसाधनों के उपयोग से आप हुसन की मलिका बन सकती हैं तथा आप दमकी दमकी नजर आएंगी चाहे मौसम का मिजाज कूछ भी हो। करवा चौथ से पहले हाथों तथा पावों की सुंदरता पर फोक्स करने के बाद मेहंदी लगाएं। मेहंदी लगाने के दो घंटे बाद नीम्बू और चीनी के मिश्रण से इसे हटा दें। आप अपनी त्वचा को साफ करके उस पर सनस्क्रीन तथा माइस्चराइजर का प्रयोग कीजिए तैलीय त्वचा के लिए



एस्ट्रीजन्ट लोशन का प्रयोग करने के बाद पाऊडर लगाऐ। तैलीय त्वचा के लिए ज्यादा पाऊडर का प्रयोग मत करें तथा चेहरे के तैलीय भागों पर ही ध्यान दे। पूरे चेहरे तथा गर्दन पर हल्की गीली स्पंज से पाऊडर का प्रयोग करें। इससे चेहरे का सौंदर्य लम्बे समय तक बना रहता है। दो चम्मच गेहूं चोकर, एक चम्मच बादाम तेल, दही, शहद और गुलाब जल का पेस्ट बना कर इसे चेहरे पर लगा कर 20 मिनट बाद धोने से चेहरे की सुन्दरता निखर जाती है तथा चेहरा खिला खिला रहता है। अगर आप फाउंडेशन का प्रयोग करना चाहती है तो केवल जल आधरित फांउडेशन का ही प्रयोग करें तथा हल्के कवरेज के लिए एक या दो बूंद पानी प्रयोग में ला सकती है। फांउडेंशन जितना भी सम्भव है आपकी त्वचा के रंग से मेल जोल खाती होनी चाहिए तथा उसके बाद पाऊडर का उपयोग करें। चेहरे पर प्रकृति आभा के लिए अच्छी तरह ब्लैड करके गालों को ब्लशर से चमकाए। आंखों की सुन्दरता के लिए अपनी पलकों को पेंसिल या काजल से चमकाऐं। आंखों पर कोमल प्रभाव के लिए पलकों पर भूरी या स्लेटी आई शैडों का प्रयोग करें तथा इसके बाद मस्कारा का प्रयोग करें जिससे आंखों पर चमक आ जाएगी तथा मेकअप में भारीपन की दिखावट भी नहीं होगी। मस्कारा को एक भारी मुलम्मे की बजाय दो हल्की तहों में करना चाहिए। पहला कोट करने के बाद इसे सूखने दें तथा इसे कंघी या ब्रश कर लें। इसके बाद दूसरा कोट कीजिए तथा पहली प्रक्रिया को दोहराईए। इसके बाद दूसरा कोट कीजिए तथा पहली प्रक्रिया को दोहराईए। लिपस्टिक की सुन्दरता के लिए घने गहरे रंगों का उपयोग न करें क्योंकि चमकीली लाईट में यह ज्यादा गहरे दिखाई देते हैं जिससे आपकी आभा पर विपरित

*इस पवित्र दिन महिलाएं गणेश ,मां गौरी तथा चन्द्रमा की पूजा करती हैं, इस दिन महिलाओं में सजने संवरने का बहूत क्रेज होता है कहा जाता है की इस दिन व्रत रखने से महिलाओं के सौन्दर्य में चांद जैसा निखार उभरता है।*

असर दिखाई देता है। सौंदर्य पर चार चांद लगाने के लिए गुलाबी, ताम्रवर्णी, कांस्यवर्णी रंगों का प्रयोग करें। नारंगी रंग या नारंगी शेड का प्रयोग फैशन का नया प्रचलन है। विकल्प के तौर पर आप हल्के बैंगनी तथा गुलाबी रंगों का प्रयोग भी कर सकतीं है लेकिन यह सभी रंग अत्याध्कि चमकीले नहीं होने चाहिए।

बिन्दी करवा चौथ के सौन्दर्य का अभिन्न अंग मानी जाती है। अपनी पोशाक से मिलती जुलतें रंग की सजावटी बिन्दी का प्रयोग करें। छोटे चमकीले रत्नों से जडित बिन्दी काफी आर्कषक लगती है। अपने सौन्दर्य में इत्रा लगाना कभी न भूलें क्योंकि यह सोने पर सुहागें का काम करता है उचित जीवनशैली अपनाने से चहेरे पर चमक तथा उत्साह की झलक मिलती है। तेजस्वी आभा के लिए उचित पोषाहार, व्यायाम पर्याप्त नींद, तथा विश्राम अत्यन्त आवश्यक है। त्यौहार से पहले हल्का व्यायाम तथा पैदल चलने की आदत डालनी चाहिए। पैदल चलना शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थ्य दोनों के लिए अत्यन्त लाभकारी साबित होता है। मन की शान्ति तथा स्वास्थ्य के लिए लम्बी गहरी सांसे सबसे ज्यादा लाभप्रद मानी जाती है। करवाचौथ के त्यौहार के दिन नई दुल्हनें तथा युवा महिलाएं दुल्हनों जैसी पोशाक पहनना पसन्द करती है जिससे उन्हें दुल्हन जैसा अहसास प्रदान होने का दुबारा अवसर मिलता है। आज के दौर में परम्पारिक लाल रंग के साथ-साथ गहरा गुलाबी रंग, हल्का गुलाबी रंग, हल्का नीला रंग, फिरोजी नीला रंग, हल्का बैंगनी रंग, स्ट्राबैरी, कांस्य, जामुनी रंग भी काफी आकर्षक तथा लोकप्रिय माने जाते है। युवा महिलाओं में दो रंगों का मिश्रण भी काफी लोकप्रिय माना जाता है।

ड्रैस के तौर पर लैहंगा चोली काफी लोकप्रिय हैं या महिलाएं घने अलंकृत कुर्ते के साथ सलवार-कुर्ते का प्रयोग भी कर सकती है। साड़ी के परम्पारिक तरीके से पहनने की बजाय इस तरीके से पहनना चाहिए ताकि सजावटी चोली तथा सघन आंचल की खूबसूरती साफ तौर पर झलकती रहे। सिली हुई साड़ियों का नया ट्रैंड चल पड़ा है जिसे आच्छादित नहीं करना पड़ता। करवाचौथ में विवाह की तरह विभिन्न आर्कषक पौशाकें पहनी जा सकती है। इस त्यौहार में जरदोजी, जाली क्रेप तथा पतली रेशमी कपड़े वाली पौशाकों को उपयोग में लाया जा सकता है। इस त्यौहार में हीरे सहित सफेद या रंगीन रत्नों से जडित आभूषण प्रयोग में लाए जाते हैं। परम्परा पौशाक में आभूषण भी परम्परागत आर्कषक दिखाई देने चाहिए।

### रूसी तेल खरीद पर बोले ट्रम्प के व्यापार सलाहकार

# भारत अपने फैसले खुद लेता है, हम निर्देश नहीं दे सकते

**वाशिंगटन।** अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि और राष्ट्रपति ट्रम्प के व्यापार सलाहकार जैमीसन ग्रीर ने कहा कि भारत अपने फैसले खुद लेता और अमेरिका दूसरे देशों को यह निर्देश नहीं दे रहा है कि वे किसके साथ संबंध रखें।

न्यूयार्क के इकोनामिक क्लब द्वारा आयोजित एक बातचीत के दौरान ग्रीर ने कहा कि भारत ने हमेशा इतना रूसी तेल नहीं खरीदा है। रूस के साथ उनके हमेशा मजबूत संबंध रहे हैं, लेकिन पिछले दो या तीन वर्षों में उन्होंने न केवल उपभोग के लिए, बल्कि रिफाइनिंग और बेचने के लिए भी रूस से कम कीमत पर तेल खरीदना शुरू किया है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी ऊर्जा खरीद में विविधता लाने लगा है। जैमीसन ग्रीर ने कहा कि ऐसा नहीं है कि रूसी तेल भारतीय अर्थव्यवस्था का कोई आधार है। हमारा मानना है कि वे अपनी तेल खरीद में विविधता ला सकते हैं और उन्हें ऐसा करना चाहिए। सच कहूं तो, मैं पहले से ही देख सकता हूं कि उन्होंने अपनी तेल खरीद में विविधता लानी शुरू कर दी है। मुझे लगता है कि वे इसे समझते हैं।

ग्रीर ने आगे कहा कि जाहिर है कि वे (भारत) एक संप्रभु देश हैं। वे अपने फैसलों को नियंत्रित करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है, जिसमें भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद पर लगाया गया 25 प्रतिशत टैरिफ भी शामिल है। ट्रम्प प्रशासन का आरोप है कि रूसी तेल खरीदकर चीन और भारत यूक्रेन युद्ध को फंड किया जा रहा है। भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ के असर के बारे में पूछे जाने पर ग्रीर ने कहा कि भारत पर ए शुल्क कुछ हफ्तों से लागू हैं। जैमीसन ग्रीर ने कहा, श्भारत एक ऐसा देश है, जिससे हम 40 अरब अमेरिकी डॉलर का सामान ज्यादा खरीदते हैं। इसलिए उनका अमेरिका के साथ पहले से ही एक बेहतरीन समझौता है। जितना हम उन्हें बेचते हैं, वे उससे कहीं ज्यादा बेचते हैं। ऐसे में भारत व्यवहारिक रुख अपना रहा है।श ग्रीर ने जोर देकर कहा कि ट्रम्प रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हम कोशिश कर रहे हैं कि व्लादिमीर पुतिन पर जितना हो सके उतना दबाव पड़े। हमने अपने यूरोपीय सहयोगियों से भी बात की है, जिनमें से कुछ आज भी रूसी तेल खरीद रहे हैं, जो कि एक अजीब बात है। इसलिए हम इस बारे में सिर्फ भारतीयों से ही बात नहीं कर रहे हैं, बल्कि हमने चीनियों से भी बात की है। हमें बस इस युद्ध को समाप्त करने की कोशिश कर रहे हैं, और अगर युद्ध समाप्त हो जाता है, तो स्थिरता आएगी, तो आप रूसी तेल के बारे में फिर से बातचीत कर सकते हैं।

## गूगल को झटका, सुप्रीम कोर्ट का पुराना आदेश बरकरार

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने एक साल पुराने उस आदेश पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया, जिसके तहत गूगल को अपने एंड्राइड एप स्टोर में बड़े बदलाव करने थे। इससे कंपनी को शीघ्र ही प्ले स्टोर में सुधार लागू करना होगा, जो अमेरिका में अधिकांश गैर-एपल स्मार्टफोन के लिए एंड्राइड एप्स का प्लेटफार्म है। आदेश का मकसद गूगल के प्ले स्टोर के विरुद्ध प्रतिस्पर्धा बढ़ाना और उसे अवैध एकाधिकार से रोकना है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का मतलब है कि गूगल को 22 अक्तूबर तक अपने प्ले स्टोर में उन एप्स के लिए बदलाव शुरू करना होगा जो उस एंड्राइड साफ्टवेयर पर चलते हैं। जज जेम्स डोनाटो ने कहा, गूगल द्वारा बनाई गई डिजिटल दीवारों ने कंपनी को अरबों का वार्षिक लाभ दिया। विशेषकर इन-एप लेनदेन पर 15-30 प्रतिशत शुल्क लेने की प्रणाली के जरिए गूगल ने अपने एकाधिकार का फायदा उठाया।

# हमारे मिलिट्री एक्शन से मोदी की लोकप्रियता घटी: पाक

**रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा: बिहार में चुनाव के कारण भारत भड़काऊ कार्रवाई कर रहा**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि बिहार चुनाव की वजह से भारत भड़काऊ कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने यह बयान पाकिस्तानी न्यूज चौनल समा टीवी पर बुधवार को दिया। ख्वाजा आसिफ ने कहा कि मई में भारत के खिलाफ पाकिस्तान की सैन्य कार्रवाई से मोदी की लोकप्रियता घटी है।

मोदी के समर्थक भी अब उनकी आलोचना कर रहे हैं। आसिफ ने संघर्ष के दौरान 6 भारतीय फाइटर जेट मार गिराने का दावा किया। आसिफ ने दावा किया कि पहले जो देश भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान न्यूट्रल रहते थे, वे अब हमारे खेमे में शामिल हो गए हैं और जो भारत का समर्थन कर रहे थे, वे अब चुप हैं। यह बात भारत को सालों तक परेशान करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि भारत सिर्फ औरंगजेब के समय ही एकजुट था। इतिहास बताता है कि औरंगजेब की हुकूमत के अलावा भारत कभी पूरी तरह एकजुट नहीं रहा। पाकिस्तान अल्लाह के नाम पर बना है। हम घर में आपस में लड़ते हैं, लेकिन भारत से लड़ाई होने पर एक हो जाते हैं।

ख्वाजा आसिफ ने तीन दिन पहले भारत को धमकी देते हुए कहा था कि अब की बार जंग हुई तो भारत अपने लड़ाकू विमानों के मलबे के नीचे दब जाएगा। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया ग पर लिखा कि भारतीय लीडरशिप अपनी खोई हुई विश्वसनीयता पाने के लिए भड़काऊ बयान दे रही है। आसिफ ने आरोप लगाया कि नई दिल्ली जानबूझकर तनाव बढ़ा रही है ताकि नागरिकों का ध्यान घरेलू चुनौतियों से भटकाया जा सके। पाकिस्तान की तरफ से बीते कुछ दिनों से लगातार भड़काऊ बयानबाजी की जा रही है। दो दिन पहले पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता जनरल अहमद चौधरी ने कहा था कि भारत के खिलाफ संघर्ष में चीनी हथियारों ने मई में बेहतरीन काम किया था। उन्होंने कहा था कि हम हर तरह की तकनीक के लिए खुले हैं। चीनी तकनीक ने बहुत अच्छा काम किया। पाकिस्तान ने 7 भारतीय फाइटर जेट मार गिराए थे, जबकि भारत ने एक भी पाकिस्तानी विमान नहीं गिराया। स्टाकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के मुता. बिक, 2020 से 2024 तक पाकिस्तान के हथियारों का 81 प्रतिशत चीन से आया। पाकिस्तान चीन का सबसे बड़ा हथियार ग्राहक है।

## रूस की तरफ से जंग लड़ रहे भारतीय छात्र का सरेंडर

**कीव।** रूस की तरफ से जंग लड़ रहे 22 साल के एक भारतीय छात्र माजोती साहिल मोहम्मद हुसैन ने यूक्रेन के सामने सरेंडर कर दिया। माजोती गुजरात के मोरबी शहर का रहने वाला है। वो पढ़ाई करने रूस गया था।

कीव इंडिपेन्डेंट के मुता. बिक, यूक्रेन की 63वीं मैकेनाइज्ड ब्रिगेड ने मंगलवार को वीडियो जारी कर बताया कि माजोती को ड्रग्स केस में 7 साल जेल हुई थी। जेल से बचने के लिए उसे रूसी सेना में शामिल होने का ऑफर मिला था। माजा. ेती ने वीडियो में कहा कि वह जेल नहीं जाना चाहता था, इसलिए उसने रूसी सेना का कान्ट्रैक्ट साइन कर लिया। उसे सिर्फ 16 दिन की ट्रेनिंग दी गई और 1 अक्टूबर को पहली बार युद्ध में भेजा गया। तीन दिन बाद अपने कमांडर से झगड़े के बाद उसने यूक्रेनी सेना के सामने सरेंडर कर दिया। छात्र ने बताया- मैंने हथियार डाल दिए और कहा कि मुझे लड़ना नहीं है, मुझे मदद चाहिए। उसने ए सभी बातें रूसी भाषा में कही। माजोती ने कहा कि वह रूस वापस नहीं जाना चाहता। उसने यह भी बताया कि उसे सेना में शामिल होने का पैसा देने का वादा किया गया था, लेकिन उसे कुछ नहीं मिला। यूक्रेन ने कई विदेशी सैनिकों को रूस के लिए लड़ते पकड़ा है।

# तालिबान के हमले में 11 पाक सैनिकों की मौत

**इस्लामाबाद।** तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के हमले में मंगलवार रात को 11 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई। इसमें 2 अधिकारी और 9 सैनिक शामिल हैं। अफगानिस्तान सीमा के पास पाकिस्तानी सेना टीटीपी के खिलाफ ऑपरेशन चला रही थी।

इस दौरान दोनों के बीच मुठभेड़ हो गई। इसमें टीटीपी के 19 लड़ाके भी मारे गए हैं। पाकिस्तानी सेना की मीडिया विंग इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशन ने आरोप लगाया कि हमलावरों को भारत का समर्थन मिल रहा है। सेना ने दावा किया कि वह इन्हें खत्म करने में जुटी है। पिछले कुछ महीनों से टीटीपी ने पाकिस्तान में सुरक्षा बलों पर हमले तेज कर दिए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तानी सैनिक टीटीपी के खिलाफ कुर्रम जिले में ऑपरेशन को अंजाम देने पहुंचे थे। इसी दौरान हमलावरों ने उनकी गाड़ी पर बम से हमला किया और फिर फायरिंग की। रायटर्स को भेजे गए एक बयान में पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली और कहा कि उनके लड़ाकों ने काफिले को निशाना बनाया। पाकिस्तानी सेना ने अपने बयान में कहा कि उन्हें कुर्रम में इंडियन प्राक्सी संगठन फितना अल-ख्वारिज से जुड़े आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी, जिसके बाद ऑपरेशन चलाया गया। पाकिस्तानी सेना टीटीपी को फितना अल-ख्वारिज बुलाती है। यह एक अरबी शब्द है। फितना का मतलब 'उपद्रवी' और अल-ख्वारिज का मतलब 'चरमपंथ के रास्ते पर चले जाने वाले लोग' होते हैं। 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से टीटीपी ने पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के खिलाफ गुरिल्ला युद्ध छेड़ रखा है। टीटीपी को पिछले बारह साल में पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा आतंकवादी खतरा माना जा रहा है।

पाकिस्तान का आरोप है कि टीटीपी के लड़ाके सीमा पार अफगानिस्तान से ट्रेनिंग लेकर पाकिस्तान लौटते और हमला करते हैं। हालांकि तालिबान दावा करता है कि वह टीटीपी का समर्थन नहीं करता।पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर पीस स्टडीज के अनुसार, देश में आतंकवादी हमले 2015 के बाद सबसे ज्यादा हो गए हैं, और टीटीपी इसकी मुख्य वजह है। वैश्विक आतंकवाद सूचकांक के इन हमलों की वजह से ही पाकिस्तान आतंकवाद प्रभावित देशों की सूची में दूसरे नंबर पर पहुंच गया है। 2001 में अमेरिका ने अफगानिस्तान पर हमला किया, तो कई लड़ाके पाकिस्तान के कबाइली इलाकों में छिप गए। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर हमले का समर्थन किया। इससे नाराज होकर 2007 में बेतुल्लाह मेहसूद ने 13 विद्रोही गुटों को मिलाकर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) बनाया। टीटीपी ने कबायली इलाकों में शरिया कानून लागू किया और पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और अफगानिस्तान में विदेशी सैनिकों पर हमले किए। टीटीपी ने यूनिवर्सिटीज, धार्मिक नेताओं और नागरिक ठिकानों को भी निशाना बनाया और यहां तक कि पाकिस्तान के बड़े शहरों में भी हमले किए।

